हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

- 2029 तक आपराधिक मामलों के निराकरण पर जोर
- केंद्रीय गृहमंत्री शाह की अध्यक्षता में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक
- छत्तीसगढ़ समेत 4 राज्य के मुख्यमंत्री हुए शामिल

बस्तर के हर आदिवासी को एक गाय और भैंस देंगे

अमित शाह ने कहा कि बस्तर के हर ग्रामीण को एक गाय और एक भैंस देकर सहकारिता के तरीके से डेयरी से जोड़कर लाभान्वित करेंगे। गुजरात की तर्ज पर अगले 6 महीने में बस्तर में दुग्ध उत्पादन का एक बड़ा नेटवर्क तैयार हो जाएगा।

लंबित मुकदमों पर चिंता

शाह बोले-जैसे नक्सलवाद खत्म किया, वैसे आपराधिक मुकदमों को खत्म करने का टार्गेट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

खास खबर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अदालतों में लंबित मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि अदालतों में लंबित पड़े पांच साल से अधिक पुराने मामलों के तेजी से निपटारे के लिए उच्च न्यायालयों को विशेष अदालतें गठित करनी चाहिए। गंभीर अपराधों में शासन को गंभीरता दिखानी चाहिए। गंभीर अपराधों में शासन को गंभीरता दिखानी चाहिए। गृहमंत्री ने कहा कि जिस तरह से हमने देश को नक्सलवाद से मुक्त किया है, उसी तरह से 3 साल में हर आपराधिक मुकदमे को सुप्रीम कोर्ट तक अंजाम देने का लक्ष्य हमें 2029 से पहले पूरा करना है। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित इन सदस्य राज्यों और केन्द्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा संघीय ढांचा मजबूत हुआ है और क्षेत्रीय परिषद की बैठकें निरंतर हो रही हैं। परिणामस्वरूप बहुत बड़े भूभाग में चार राज्यों के बीच और चार राज्यों का केन्द्र के साथ कोई विवाद नहीं बचा है, यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बलात्कार के मामलों में अगर समय से जांच हो जाए तो इनमें दोषसिद्धि की दर शत-प्रतिशत हो सकती है। उन्होंने कहा कि अदालतों में लंबित पड़े पांच साल से अधिक पुराने मामलों के तेजी से निपटारे के लिए उच्च न्यायालयों को विशेष अदालतें गठित करनी चाहिए। गंभीर अपराधों में शासन को गंभीरता दिखानी चाहिए। उन्होंने चारों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आग्रह किया कि वे 1930 हेल्पलाइन पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय

शेष पेज 7 पर

नक्सलवाद के खात्मे का श्रेय सुरक्षा बलों को

श्री शाह ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि यह बैठक बस्तर में आयोजित की जा रही है और इससे पहले ही आज पूरा बस्तर नक्सल मुक्त हो गया है। भारत के नक्सल मुक्त होने का संपूर्ण श्रेय हमारे सुरक्षाबलों के जवानों के परिश्रम और बहादुरी को जाता है। उन्होंने पूरे देश के नक्सल मुक्त होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार को नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में जो भी चीजें चाहिए थीं, उन्होंने भारत सरकार के गृह मंत्रालय के साथ समन्वय कर उन्हें प्राप्त किया और जहां नेतृत्व की जरूरत थी, वहां मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने नेतृत्व भी प्रदान किया और इसी का परिणाम है कि आज बस्तर नक्सल मुक्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा संघीय ढांचा मजबूत हुआ है और क्षेत्रीय परिषद की बैठकें निरंतर हो रही हैं, परिणामस्वरूप बहुत बड़े भूभाग में चार राज्यों के बीच और चार राज्यों का केन्द्र के साथ कोई विवाद नहीं बचा है, यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

कुपोषण के खिलाफ आगे बढ़ें

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन -2 पर हमें अभी से फोकस करना चाहिए और हर घर में नल से जल पहुंचाने की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, पोषण और समाज कल्याण संवेदनशील मुद्दे हैं। गृह मंत्री ने सभी मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों से आह्वान किया कि कुपोषण के खिलाफ भारत सरकार की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ें। शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल ड्रॉपआउट दर और स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए भी और अधिक कार्य हों। वित्तीय समावेशन और बिजली सुधार इस विकसित क्षेत्र को पूर्ण विकसित बनाने में बहुत बड़ा योगदान दे सकते हैं।

छत्तीसगढ़ की पूर्व कांग्रेस की सरकार ने नक्सल उन्मूलन में नहीं किया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर नक्सली उन्मूलन में सहयोग न करने का आरोप लगाया। मध्य क्षेत्रीय विकास परिषद की बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि दो दिन से बस्तर के लोगों में उत्साह और विश्वास के साथ भविष्य के प्रति आश्वस्तता नजर आ रही है। बंदूक के साए में जीवन जीने वाले लोगों में नक्सलमुक्त बस्तर का आनंद दिखाई पड़ रहा है। 31 दिसंबर 2023 को जब छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बनी उसके तुरंत बाद नक्सलवाद समाप्त करने का संकल्प मजबूत हुआ। उसके पहले भी केंद्र में मोदी की सरकार थी। निःसंकोच यह कह रहा हूं कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने नक्सल उन्मूलन में सहयोग नहीं किया। ▸▸|शेष पेज 7 पर

वेश बदलकर आएंगे, सावधान रहना होगा

अमित शाह ने बस्तर के आदिवासियों को आगाह करते कहा कि अभी नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म होने का एहसास करना सही नहीं है, क्योंकि अभी जो क्षेत्र नक्सल हिंसा से बरबाद हो चुके हैं उसे विकसित करने में वक्त लगेगा। अगले 5 साल में बस्तर संभाग देश के आदिवासी क्षेत्र के मामले में सर्वाधिक विकसित संभाग बनेगा। यह हमारी सोच और संकल्प है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वेश और नाम बदलकर लोग आएंगे। उनके बहकावे में नहीं आना है। बल्कि उनसे यह हिसाब मांगना कि 50 साल में जो नुकसान किया गया है उसकी पहले भरपाई करो फिर बात करो।

योजनाओं का मिलेगा फायदा

एक ही छत के नीचे सभी तरह की सुविधाएं केंद्र और राज्य सरकार की 371 योजनाओं का फायदा ग्रामीणों को मिलेगा। एक तरह से यह सेवा डेरा विकास के साथ साथ लोगों के आर्थिक रूप से सशक्तीकरण का केंद्र भी होगा। आदिवासियों को अब दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने माना आभार

अमित शाह की पत्रवार्ता के बाद आभार व्यक्त करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि विकास का रोड़ा बना नक्सलवाद का कलंक अब मिट गया है। अब तेजी से विकास होगा। केंद्रीय गृहमंत्री के प्रयास से बस्तर में शांति और खुशी का वातावरण तैयार हुआ है। वहीं स्वागत उद्बोधन में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि संकल्प लेना और धरातल पर लागू करना बहुत बड़ी बात है। बस्तर के लोगों का दर्द और तकलीफ सुनकर साथ ही हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में फोर्स भेजकर केंद्रीय गृहमंत्री ने शांति लाने के लिए काफी योगदान दिया। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने नक्सलवाद उन्मूलन के लिए अमित शाह का धन्यवाद देते आभार माना। पत्रवार्ता में डायरेक्टर आईबी तथा होम सेक्रेटरी मौजूद थे।

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Fastest compared to all air-cooled engine motorcycles in the 125cc segment as per internal testing. ^Starting exshowroom price of Xtreme 125R IBS OBD2 variant in Chhattisgarh. T&C Apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, जय हीरो 9289922357, सत्योम हीरो 9289922525, राहुल हीरो 9289922834, वत्स हीरो 9289922623. अग्रवाल हीरो 9289922959, श्री राम हीरो 9289922968, श्री सांई हीरो 9289922835, सरस्वती हीरो 9289922958, विजयपाल हीरो 9289923064, जय विजय हीरो 9289922990, लक्ष्मी हीरो 9289922983, कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, ललित सर्विसेज 8770383767, ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, किरण मोटर्स 9754069392, गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, विक्की मोटर्स: 9755583102, शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, अंकित ऑटो: 9425240565, श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, अग्रवाल मोटर्स 9424212141, बंसल ऑटो 9425513611, युवराज मोटर्स 8085160380, आरसन मोटर्स 9340335266, हर्ष ऑटो 8109502100, दिव्या ऑटो 9893492107, प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, गुरुनानक ऑटो 9425596290, साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, किरन ऑटोकेयर 9754069392, राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, कान्हा मोटर्स 6260472025, बजरंग मोटर्स 9425511973, जैन ऑटोकेयर 9425563502, माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, भारत मोटर्स 9993417123, अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, अंशू ऑटो, 9406054292, रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, दिलीप मोटर्स, 7869151152, आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, संस्कार मोटर्स, 9406203600, दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अमर मोटर्स, 9827969901, साई मोटर्स, 9754329434, राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, जी वी मोटर्स, 7566666243, श्रीराम ऑटो, 6260060443, माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई: (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेयर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, लक्ष्मी हीरो 9289922983.

RS/Hero/05/26

'भारत पर दुनिया क्यों भरोसा करे, क्या भारत में मानवाधिकार उल्लंघन बंद होंगे, दुनिया की सबसे स्वतंत्र प्रेस के सवालों का जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा है? क्या प्रधानमंत्री मोदी मीडिया के मुश्किल सवालों का जवाब देना शुरू करेंगे'? यह वो चंद सवाल हैं, जिन्हें नार्वे के एक प्रमुख समाचार पत्र 'डॉग्स विसन' की एक महिला पत्रकार हेले लिंग बीते सोमवार को ओस्लो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बेहद आक्रामकता के साथ पूछना चाह रही थी।

'जाओ कोर्ट जाओ' भारत एक देश नहीं, पांच हजार साल पुरानी सभ्यता

नार्वे की पत्रकार की भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

हरिभूमि न्यूज:नई दिल्ली

पीएम ने नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य देने के बाद ही अपनी बात को समाप्त कर दिया और वह कार्यक्रम स्थल से बाहर निकल गए। जिससे झल्लाई लिंग ने कहा, पीएम मोदी ने मेरा सवाल नहीं लिया, इसकी मुझे उम्मीद नहीं थी। नार्वे प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में दुनिया में शीर्ष स्थान पर काबिज है। जबकि भारत इस मामले में 157 वें स्थान पर है।

भारत में बवाल, आई लिंग की सफाई : उधर, भारत में भी इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर खूब बवाल मचा। कई यूजर्स ने हेले लिंग को ट्रोल भी किया। मामले पर विवाद बढ़ता देख हेले ने एक और वीडियो अपलोड करते हुए अपनी ओर से सफाई देते हुए कहा कि मैं, किसी विदेशी सरकार की जासूस नहीं हूं। मेरा काम सिर्फ और सिर्फ पत्रकारिता करने का है। जिसमें कई बार टकराव होते हैं। लेकिन हमें पहले से तैयार किए गए जवाबों पर संतोष करने के बजाय कई बार सच्चे, स्पष्ट जवाब मांगने चाहिए।

भारतीय अफसरों से भी सवाल पूछने के बहाने भिड़ गई

पीएम मोदी से सवाल पूछने के बाद, आयोजित की गई विदेश मंत्रालय की मीडिया ब्रीफिंग में भी हेले ने अपना यही रुख कायम रखा और वो मंत्रालय के अधिकारियों से सवाल पूछने के बहाने भिड़ गई। लेकिन उनके हाथ केवल निराशा ही लगी। नार्वे की इस पत्रकार ने सोशल मीडिया में एक वीडियो शेयर किया था। जिसे टैग करते हुए विदेश मंत्रालय ने उन्हें मीडिया ब्रीफिंग में बुलाया था। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी इन दिनों पांच देशों की विदेश यात्रा पर हैं। जिसका चौथा पड़ाव नार्वे है। इससे पहले वह नीदरलैंड में थे और वहां पर भी उन्होंने संबंधित देश के राष्ट्राध्यक्ष के साथ उच्च-स्तरीय बैठक के बाद केवल साझा प्रेस बयान तक ही अपने आप को सीमित रखा था। नीदरलैंड की प्रेस ने भी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मीडिया के सवाल न लेने के मुद्दे को उठाया था।

इसलिए भरोसेमंद देश है भारत

हेले के तमाम सवालों का तस्सली के साथ जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने कहा कि भारत सिर्फ एक देश नहीं बल्कि पांच हजार साल पुरानी सभ्यता है। जो लगातार बनी हुई है। दुनिया में किसी देश विशेष की पहचान उसके क्षेत्र, जनसंख्या, संप्रभुता और सरकार के आधार पर की जाती है। भारत अपने इन सभी मूल्यों के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने वैश्विक कोरोना महामारी का जिक्र करते हुए कहा कि उस मुश्किल दौर में भी भारत ही था। जो कहीं भागा नहीं था और उसने आगे बढ़कर जरूरतमंद देशों को मदद प्रदान की थी। हमारा यही भरोसा विश्व को हम पर विश्वास करना सिखाता है। दुनिया की आबादी का छठा भाग भारत ही है। लेकिन अगर हम वैश्विक समस्याओं को देखें तो इन्हें लेकर हमारी भागीदारी छठे भाग के रूप में नहीं है।

सवाल पूछने वाला तय नहीं करेगा जवाब

जॉर्ज के जवाब देते वक्त भी नार्वे की पत्रकार ने तल्ख लहजे में फिर से अपने तमाम सवालों की बौछार उन पर शुरू कर दी। जिस पर सख्त लहजे के साथ उन्हें बीच में टोकते हुए मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री की इस विदेश यात्रा से संबंधित जानकारी देने का दायित्व मेरा है, जिसे मैं नियमित रूप से पूरा कर रहा हूं। आप मुझे बीच में मत टोकिए, मैं इस मीडिया ब्रीफिंग में भी अपना काम कर रहा हूं। आपको बतौर पत्रकार के रूप में सवाल पूछने का अधिकार है। जो कि आपने किया, लेकिन उसका जवाब किस तरह से दिया जाएगा। यह आप तय नहीं करेंगी। इसके बाद जॉर्ज ने कहा, हमारे देश में समानता का अधिकार लागू है। जिसके तहत प्रत्येक नागरिक को अधिकार मिले हैं। अगर किसी के अधिकारों का हनन होता है तो उसके सामने अदालत जाने का विकल्प खुला हुआ है। हमें अपने लोकतंत्र पर गर्व है।

खबर संक्षेप

ट्रंप के हाथ में है मोदी का 'रिमोट कंट्रोल' : राहुल

रायबरेली। लोकसभा में विपक्ष के नेता (कांग्रेस) राहुल गांधी ने

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए मंगलवार को दावा किया कि मोदी का 'रिमोट कंट्रोल' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास है। रायबरेली और अमेठी के अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन गांधी ने प्रधानमंत्री पर तंज करते हुए कहा कि मोदी देश के किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों से इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने को कहते हैं जबकि लोगों को नौकरी और खाना तक भी नहीं मिल पा रहा है।

एनजीटी समेत सभी ट्रिब्यूनल के चीफ का कार्यकाल बढ़ा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी ट्रिब्यूनल अध्यक्षों, प्रेसिडेंटों और सदस्यों का कार्यकाल 8 सितंबर तक बढ़ा दिया। यह फैसला ट्रिब्यूनल के कामकाज को बिना किसी रुकावट के जारी रखने के लिए लिया गया है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने एक लंबित मामले की सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। इस मामले का जिक्र नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के सदस्य के संदर्भ में किया गया था, जिनका कार्यकाल जून में खत्म होने वाला है। उनका कार्यकाल भी 8 सितंबर तक बढ़ा दिया गया।

कैब-डिलीवरी के लिए पेट्रोल डीजल गाड़ियों पर रोक

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने

और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने एक बहुत बड़ा और कड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई हरियाणा कैबिनेट की बैठक में 'हरियाणा मोटर वाहन नियम, 1993' में महत्वपूर्ण संशोधनों को मंजूरी दी गई। इसके तहत अब गुरुग्राम, फरीदाबाद समेत एनसीआर के इलाकों में एग्रीगेटर्स, डिलीवरी सर्विस देने वालों और ई-कॉमर्स कंपनियों के बेड़े में नई पेट्रोल या डीजल गाड़ियों को शामिल करने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

ईरानी संसद में लाया जा रहा है कानून

ईरान ने दी ट्रंप और नेतन्याहू की 'सुपारी' हत्या करने वाले को मिलेगा 500 करोड़

अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान का युद्ध बीते 80 दिनों से जारी है। भले ही दोनों देशों कर बीच सीजफायर लागू हुआ हो, लेकिन कभी भी जंग दोबारा भड़क सकती है। इसकी वजह है अमेरिका और ईरान की तरफ से जारी भड़काऊ बयानबाजी। कभी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान को घड़ी की टिक टिक चलने की धमकी देते हैं, कभी ईरान अमेरिका को हार का तंज कस देता है। इस बीच अब ईरान एक ऐसा कदम उठाने जा रहा है जिससे अमेरिका और इजरायल दोनों का ही पारा हाई हो सकता है। ईरान अब डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को जान से मारने वालों को इनाम देने का घोषणा करने जा रहा है।

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की संसद जल्द ही एक ऐसा कानून लाने जा रही है। इसके तहत ट्रंप और नेतन्याहू की हत्या करने वाले को 5 करोड़ यूरो यानी करीब 500 करोड़ रुपए का इनाम दिया जाएगा। ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के अध्यक्ष इब्राहिम अजीजी ने बताया कि वे 'इस्लामिक रिपब्लिक के सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी कार्रवाई' के नाम से एक बिल तैयार कर रहे हैं। इस बिल के पास होते ही ट्रंप, नेतन्याहू या अमेरिकी सेंट्रल कमांड के एडमिरल ब्रैड कूपर की हत्या करने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन को सरकारी खजाने से भारी-भरकम इनामी राशि दी जाएगी।

खुलेआम दी धमकी

वहीं ईरान की सुरक्षा समिति के एक अन्य सदस्य महमूद नबावियन ने खुलेआम धमकी भी दी है। उन्होंने एक बयान में कहा, 'संसद जल्द ही उस बिल पर मुहर लगाएगी जो उन लोगों को इनाम देगा जो मिस्टर ट्रंप और नेतन्याहू को जहन्नुम भेजेंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'अगर ईरान पर दोबारा सैन्य हमले हुए, तो हमारा जवाब इतना विनाशकारी होगा कि अमेरिका और इजरायल का वजूद खतरे में पड़ जाएगा।' जानकारों की मानें तो यह कदम ईरान की पुरानी नीति से बिल्कुल अलग है। यह पहली बार है जब ईरान संसद में बकायदा कानून पास कर किसी राष्ट्राध्यक्ष की हत्या पर इनाम घोषित कर रहा है।

खामेनेई की मौत का बदला

गौरतलब है कि इससे पहले ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमलों में बीते मार्च महीने में इजरायल के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत हो गई थी। इस हमले में खामेनेई का लगभग पूरा परिवार खत्म हो गया और इजरायल में कोहराम मच गया। अली खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई को देश का नया सुप्रीम लीडर चुना गया। इसके बाद से ईरान ने भी इजरायल सहित खाड़ी देशों पर मिसाइलें और ड्रोंस बरसाईं। अब ईरान अली खामेनेई की मौत का बदला मौत से लेना चाहता है।

यह कहा ट्रंप ने

इस बीच ट्रम्प ने कहा है कि उन्होंने ईरान पर मंगलवार को होने वाला हमला फिलहाल टाल दिया है। ट्रम्प ने कहा कि कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे गल्फ देशों के नेताओं ने बातचीत को मौका देने के लिए कुछ दिन का समय मांगा था। इधर, ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के उपाध्यक्ष महमूद नबावियन ने चेतावनी दी कि अगर ईरान या उसके नेताओं पर फिर हमला हुआ तो जवाब सिर्फ अमेरिका और इजराइल तक सीमित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि उन अरब देशों को भी निशाना बनाया जा सकता है जो अमेरिका और इजराइल के साथ खड़े हैं। बता दें, ईरान तनाव और समुद्री नाकेबंदी के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में करीब 1,500 कारोबारी जहाज फंसे हुए हैं। इन पर 20 हजार से ज्यादा नाविक मौजूद हैं। एक्सपर्ट्स ने मिसाइल और ड्रोन हमलों का खतरा बताया है।

ट्विशा शर्मा सुसाइड केस

पति के खिलाफ लुक आउट नोटिस, शव दिल्ली ले जाने पर अड़े परिजन

परिजनों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट से असंतुष्टि जताई

पुलिस की 6 टीमों की पकड़ से दूर है पति समर्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अभिनेत्री ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में भोपाल पुलिस ने फरार आरोपी पति समर्थ सिंह के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया है। दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज होने के बाद से ही वकील समर्थ सिंह लगातार फरार चल रहा है, जिसके विदेश भागने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने यह कदम उठाया है। इससे पहले पुलिस ने आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था, जबकि कोर्ट से उसकी अग्रिम जमानत अर्जी पहले ही खारिज हो चुकी है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की छह विशेष टीमें अलग-अलग ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।

दूसरी ओर ट्विशा का शव भोपाल के हमीदिया अस्पताल के शवगृह में रखा हुआ है। परिजनों ने भोपाल में हुए पहले पोस्टमार्टम की रिपोर्ट पर असंतुष्टि जताते हुए शव लेने से इनकार कर दिया है।

पिता ने कहा सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच हो

पीड़िता के पिता नवनिधि शर्मा ने मौजूदा जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मामले की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए इसे सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सौंपने की बड़ी मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने देश के मुख्य न्यायाधीश से इस संवेदनशील प्रकरण का स्वतः संज्ञान लेने का भी आग्रह किया है। नवनिधि शर्मा ने एक खुला पत्र जारी कर न्यायपालिका, वरिष्ठ वकीलों, विधि अधिकारियों और महिला अधिकारों के लिए काम करने वाले नागरिकों से सहयोग की मार्मिक अपील की है।

सीजेआई लें स्वतः संज्ञान

रूसी राष्ट्रपति का 10 महीने में दूसरा भारत दौरा

ब्रिक्स में हिस्सा लेंगे पुतिन सितंबर में आएंगे भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसी साल सितंबर में भारत आएंगे। रूसी सरकार ने मंगलवार को कहा कि पुतिन 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी ने पुतिन को दिसंबर 2025 में उनके भारत दौरे के दौरान आधिकारिक तौर पर समिट में शामिल होने का न्योता दिया था। एक साल के भीतर पुतिन का यह दूसरा भारत दौरा होगा। पीएम मोदी भी इसी साल रूस दौरे पर जाएंगे। इससे पहले पुतिन दिसंबर 2025 में भारत आए थे। उस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के साथ 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया था। 2025 का दौरा इसलिए भी खास माना गया था, क्योंकि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह पुतिन का पहला भारत दौरा था। इससे पहले वह आखिरी बार 2021 में नई दिल्ली आए थे।

ब्रिक्स समिट की अध्यक्षता कर रहा है भारत

इस साल भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। ब्रिक्स दुनिया की बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह है, जिसमें भारत, रूस, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका के अलावा अब मिस्र, ईरान, इथियोपिया, यूएई और इंडोनेशिया जैसे नए सदस्य भी शामिल हो चुके हैं। भारत की अध्यक्षता के दौरान पूरे साल देश के अलग-अलग शहरों में कई बैठकें, मंत्रीस्तरीय सम्मेलन और कार्यकारी समूहों की चर्चाएं आयोजित की जा रही हैं।

पीएम मोदी भी इसी साल रूस जाएंगे

इससे पहले भारत दौरे पर आए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने 15 मई को कहा था कि वे पीएम मोदी की रूस यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मोदी ने रूस आने की पुष्टि कर दी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा, ऊर्जा, व्यापार और कई अन्य क्षेत्रों में मजबूत सहयोग जारी है और रूस चाहता है कि यह साझेदारी आगे भी तेजी से मजबूत होती रहे।

अमेरिका की सैन डिएगो मस्जिद में गोलीबारी, 5 की मौत

सैन डिएगो। अमेरिका के सैन डिएगो स्थित मस्जिद में गोलीबारी में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक सिक्योरिटी गार्ड और दो संदिग्ध शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों संदिग्ध किशोर थे। एक की उम्र 17 साल और दूसरे की 19 साल थी। दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी। इस मामले की जांच हेट क्राइम के एंगल से की जा रही है। हालांकि, हमले के पीछे की वजह पर फिलहाल ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की गई है। यह हमला इस्लामिक सेंटर ऑफ सैन डिएगो में हुआ। यह सैन डिएगो काउंटी की बड़ी मस्जिद है। परिसर में एक स्कूल भी है, जहां बच्चों को अरबी भाषा, इस्लामिक स्टडीज और कुरान की शिक्षा दी जाती है।

टीएमसी को झटका, खुद को 'पुष्पा' बताने वाले जहांगीर मैदान से हटे

फाल्टा में मतदान से दो दिन पहले लिया फैसला

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की फाल्टा विधानसभा सीट पर टीएमसी के प्रत्याशी जहांगीर खान ने नाम चुनाव न लड़ने का फैसला किया है। इस सीट पर 21 मई को दोबारा वोट डाले जाने हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान इस सीट के कई बूथों से गड़बड़ी की खबर आई थी, जिसके बाद चुनाव आयोग ने यहां दोबारा मतदान करवाने का फैसला किया। जहांगीर खान ने अपने फैसले पर कहा, 'मैं फाल्टा का बेटा हूं और मैं चाहता हूं कि फाल्टा में शांति रहे और फाल्टा का विकास हो। हमारे सीएम शुभेंदु अधिकारी फाल्टा क विकास के लिए स्पेशल पैकेज दे रहे हैं इसलिए मैं इस विधानसभा क्षेत्र के पुनर्मतदान से खुद को अलग कर रहा हूं।' तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने कहा है कि फाल्टा सीट से उसके उम्मीदवार जहांगीर खान द्वारा चुनाव मैदान से हटने का कदम उनका व्यक्तिगत फैसला है, न कि पार्टी का। टीएमसी ने अपने एक्स हैंडल पर कहा है कि 4 मई को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद से अकेले फाल्टा में हमारे 100 से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है।

कोई और ऑप्शन भी नहीं था : शुभेंदु

बंगाल सीएम व भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने जहांगीर के चुनाव मैदान से पीछे हटने पर कहा कि जहांगीर फाल्टा के चुनाव मैदान से भाग गया क्योंकि उसे कोई पोलिंग एजेंट नहीं मिल रहा था। उन्होंने दावा किया कि खान के पास चुनाव मैदान से हटने के अलावा कोई और ऑप्शन नहीं था। उन्होंने कहा, 'उसके पास कोई और रास्ता नहीं था क्योंकि उसे कोई पोलिंग एजेंट नहीं मिलता, इसलिए उसने भागने का फैसला किया।'

यूपीएससी के उम्मीदवारों को मिला बड़ा तोहफा, किया गया ऐतिहासिक बदलाव

अब प्रीलिम्स एग्जाम के तुरंत बाद जारी होगी ऑसर-की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले लाखों उम्मीदवारों के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने एक बहुत बड़ी खुशखबरी दी है। आयोग ने परीक्षा प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और छात्र-अनुकूल बनाने के लिए एक ऐतिहासिक बदलाव का ऐलान किया है। नए नियम के मुताबिक, अब यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा संपन्न होने के तुरंत बाद ही आधिकारिक आंसर-की (ऑफिशियल ऑसर की) जारी कर दी जाएगी। अब तक के नियमों के अनुसार, यूपीएससी पूरे एग्जाम की प्रक्रिया (प्रीलिम्स, मेन्स और इंटरव्यू) खत्म होने और फाइनल रिजल्ट आने के बाद ही प्रीलिम्स की आंसर-की जारी करता था। इस वजह से छात्रों को लंबा इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब यह इंतजार पूरी तरह खत्म हो गया है।

खास बातें

- मेन्स की तैयारी के लिए नहीं होगा अब कन्फ्यूजन
- पहले फाइनल रिजल्ट आने के बाद ही होती थी जारी

अब अंकों का कर सकेंगे मिलान

पहले आंसर-की न होने के कारण बॉर्डर पर रहने वाले छात्र (जिन्हें अपने स्कोर को लेकर संदेह होता था) यह तय नहीं कर पाते थे कि उन्हें मुख्य परीक्षा (मेंस) की तैयारी शुरू करनी चाहिए या नहीं। अब तुरंत आंसर-की आने से छात्र अपने अंकों का सटीक मिलान कर सकेंगे और बिना समय गंवाए मेन्स की तैयारी में जुट सकेंगे।

कोचिंग सेंटर्स के दावों पर लगेगा लगाम

एग्जाम खत्म होते ही अलग-अलग कोचिंग सेंटर्स अपनी-अपनी आंसर-की जारी कर देते थे, जिनमें अक्सर काफी अंतर होता था। इससे उम्मीदवारों में भारी भ्रम पैदा हो जाता था। अब आधिकारिक आंसर-की तुरंत मिलने से छात्रों को सटीक और विश्वसनीय सोर्स मिल जाएगा।

कब से लागू होगा नया नियम?

यूपीएससी के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, यह नया नियम आगामी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा से ही लागू कर दिया जाएगा। परीक्षा समाप्त होने के कुछ ही दिनों के भीतर आयोग अपनी आधिकारिक वेबसाइट यूपीएससी.जीओवी.इन पर प्रश्न पत्र के सभी सेट्स की आंसर-की अपलोड कर देगा, जहां से उम्मीदवार इसे आसानी से डाउनलोड कर सकेंगे।

पारदर्शिता में होगा बड़ा सुधार

हाल के वर्षों में परीक्षा के तुरंत बाद आंसर-की जारी करने को लेकर छात्रों और विशेषज्ञों द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। इस कदम से यूपीएससी की मूल्यांकन प्रक्रिया पर छात्रों का भरोसा और मजबूत होगा। अगर किसी प्रश्न के उत्तर को लेकर कोई आपत्ति होगी, तो उसे भी समय रहते सुलझाया जा सकेगा।

पाक-बांग्लादेश के हिंदुओं के लिए सख्त हुए सीएए नियम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने नया नोटिफिकेशन जारी कर पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए धार्मिक अल्पसंख्यक आवेदकों के लिए अतिरिक्त खुलासे अनिवार्य कर दिए। अब इन देशों से भारत आने वाले हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी समुदाय के लोगों को यह बताना होगा कि उनके पास इन देशों का कोई वैध या एक्सपायर्ड पासपोर्ट है या नहीं। अगर पासपोर्ट है, तो उसकी पूरी जानकारी देनी होगी और भारतीय नागरिकता मिलने के 15 दिन के भीतर उसे सरेंडर भी करना पड़ेगा।

सीएए का नया नियम : नए नियमों के मुताबिक, हर आवेदक को शपथ पत्र के जरिए यह घोषित करना होगा कि उसके पास पाकिस्तान, बांग्लादेश या अफगानिस्तान सरकार की ओर से जारी कोई वैध या एक्सपायर्ड पासपोर्ट नहीं है। अगर किसी के पास ऐसा दस्तावेज है, तो उसे पासपोर्ट नंबर, जारी करने की जगह, जारी होने की तारीख और एक्सपायरी डेट जैसी पूरी जानकारी देनी होगी। इसके बाद नागरिकता मंजूर होने पर 15 दिनों के भीतर वह पासपोर्ट संबंधित देश के दूतावास या उचित प्राधिकरण के पास जमा करना होगा।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

46 लाख रुपए का सरचार्ज हुआ माफ

विष्णु की योजना से आईएएस एसोसिएशन के भी वारे न्यारे, 65 लाख का बिजली बिल, 19 लाख में समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ता मुख्यमंत्री समाधान योजना का लाभ उठाकर अपना बकाया जमा कर रहे हैं। इस योजना में सरचार्ज को पूरी तरह से माफ कर दिया गया है। अब तक 600 करोड़ का सरचार्ज माफ किया गया है। कुल 758 करोड़ का सरचार्ज माफ किया जाना है। इस योजना का लाभ उठाते हुए बरसों से बकाया जमा न करने वाले आईएएस एसोसिएशन के 65 लाख के बिजली बिल का समाधान महज 19 लाख में हो गया है। एसोसिएशन का 46 लाख का सरचार्ज माफ हो गया है। इसी तरह से प्रदेश में अब तक 82 फीसदी उपभोक्ताओं ने इस योजना में पंजीयन करा लिया और अपना बकाया जमा कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को अब तक 62 करोड़ रुपए पंजीयन से ही मिल गए हैं। प्रदेश भर के करीब 9 लाख बिजली उपभोक्ताओं पर करीब डेढ़ हजार करोड़ का बकाया है। इस बकाया को ये उपभोक्ता बरसों से जमा ही नहीं कर रहे हैं। इन उपभोक्ताओं में भारी संख्या में बीपीएल के उपभोक्ता भी हैं। इनकी बिजली ▶▶|शेष पेज 7 पर

अंबिकापुर नंबर वन

समाधान योजना का लाभ उठाने में अंबिकापुर पहले नंबर पर है। यहां के रीजन में 306171 उपभोक्ता बकायेदार हैं। इसमें ने 270118 ने पंजीयन करा लिया है। इनसे पंजीयन के रूप में साढ़े 21 करोड़ मिले हैं। इसके बाद बिलासपुर का नंबर है। इस रीजन में 224635 उपभोक्ता बकायेदार हैं। इनमें से 165792 ने पंजीयन कराया है। इनसे करीब 12 करोड़ मिले हैं। तीसरे नंबर पर रायपुर है। यहां पर एक लाख 17 हजार बकायेदार हैं। इनमें से 96 हजार ने पंजीयन करा लिया है। इनसे 9 करोड़ मिले हैं।

कांग्रेस भवन ने भी जमा किया बिल

राजधानी के बड़े बकायेदारों में कांग्रेस भवन का भी नाम था, लेकिन अब कांग्रेस भवन ने अपना बकाया बिल जमा कर दिया है। कांग्रेस भवन पर आठ लाख 48 हजार का बकाया था। इसमें आठ लाख 32 हजार रुपए का भुगतान कर दिया है।

आज नहीं मिलेंगी दवाइयां

केमिस्टों की छत्तीसगढ़ समेत देशभर में हड़ताल

■ सरकारी, निजी अस्पतालों, जन औषधि, धनवंतरी के मेडिकल खुले रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

ऑनलाइन फार्मेसी के खिलाफ छत्तीसगढ़ समेत देशभर के केमिस्ट 20 मई को अपना व्यापार बंद रखेंगे। इस दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की इमरजेंसी में एसोसिएशन के कार्यालय से जरूरी मदद प्राप्त की जा सकेगी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन टीम की निगरानी में सरकारी एवं निजी अस्पतालों, जन औषधि केंद्रों धनवंतरी की दवा दुकानें खुली रहेंगी। इसके बाद भी विपरीत स्थिति निर्मित होने पर एफडीए के कार्यालय में संपर्क कर मदद ली जा सकती है। कोविड काल के दौरान ऑनलाइन फार्मेसी की दी गई सुविधा को वापस लेने की मांग पर विभिन्न केमिस्ट ▶▶|शेष पेज 7 पर

सुप्रीम कोर्ट का बेहद सख्त रवैया, कहा- कुत्तों के डर के बिना जीना सबका हक

खतरनाक और रेबीज संक्रमित आवारा कुत्तों को 'जान से मारने' की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को डॉग लवर्स की याचिकाएं खारिज कर दी। कोर्ट एक महत्वपूर्ण फैसले में मानव जीवन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए रेबीज से संक्रमित, लाइलाज बीमारी से ग्रस्त या खतरनाक आवारा कुत्तों को 'जान से मारने' (यूथेनेशिया) की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया की पीठ ने देश में आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी से निपटने के लिए कई निर्देश जारी किए। पीठ ने स्पष्ट और कड़े शब्दों में कहा कि आवारा कुत्तों को 'जान से मारने' का निर्देश स्थानीय निकायों और संबंधित अधिकारियों को जारी किए गए आदेशों में सबसे महत्वपूर्ण निर्देश है। सुप्रीम कोर्ट ▶▶|शेष पेज 7 पर

■ कोर्ट ने कहा-जो अफसर निर्देश न माने, उस पर चलेगा अवमानना का केस

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों पर नसबंदी, टीकाकरण, सार्वजनिक जगहों पर उन्हें खाना न खिलाने जैसे अपने आदेश को बरकरार रखा है। कोर्ट ने कहा है कि खतरनाक या रेबीज से संक्रमित आवारा कुत्तों को इंजेक्शन लगाकर मारा जा सकता है। लोगों की जान की हिफाजत जरूरी है और गरिमा के साथ जीने में कुत्तों के खतरे से मुक्त होकर रहने का अधिकार भी शामिल है। इसके साथ ही शीर्ष न्यायालय ने हिदायत दी कि जो अफसर इनका पालन न करें, उन पर अवमानना का केस चले।

3 राज्यों में कुत्तों के काटने की घटनाएं गिनाईं

राजस्थान के श्री गंगानगर में एक महीने में कुत्तों के काटने की 1084 घटनाएं सामने आईं। छोटे बच्चों को गंभीर चोटें आईं, जिनमें चेहरों पर गहरे घाव शामिल हैं।

तमिलनाडु में साल के पहले चार महीनों में कुत्तों के काटने की लगभग 2 लाख घटनाएं दर्ज की गईं।

सूरत में एक जर्मन यात्री को कुत्ते ने काट लिया।

राज्यों की तय होगी जिम्मेदारी-जवाबदेही

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकारों की की जिम्मेदारियों को तय करने के लिए रूल बनाना जरूरी है। इंसान के गरिमा के साथ जीने के अधिकार में कुत्ते के काटने के हमले से होने वाले नुकसान के डर के बिना आजादी से जीने का अधिकार शामिल है। सरकारें खामोश रहकर जवाबदेही से बच नहीं सकतीं। सुप्रीम कोर्ट उन जमीनी हकीकतों से अनजान नहीं रह सकता, जहां बच्चे, विदेशी यात्री, बुजुर्ग कुत्ते के काटने की घटनाओं का शिकार हुए हैं।

क्या है स्ट्रे डॉग्स पर एबीसी फ्रेमवर्क

कोर्ट ने कहा कि वो आवारा कुत्तों को लेकर वो ये बात नजरअंदाज नहीं कर सकती कि एबीसी फ्रेमवर्क 2001 में 25 साल पहले बना था, लेकिन आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी के हिसाब से संसाधनों को बढ़ाने और उनकी संख्या में कमी की कोशिशें अधूरी रही हैं। संस्थाएं और एजेंसियां पर्याप्त कदम नहीं उठा पाई हैं। बिना योजना के नसबंदी और वैक्सीनेशन अभियान चलाए गए।

सुप्रीम कोर्ट गाइडलाइन

- आवारा कुत्तों की स्टरलाइजेशन (नसबंदी) और टीकाकरण जरूरी
- नगर निगमों आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी, टीकाकरण का काम करेगा
- सामान्य स्वस्थ कुत्तों को स्टरलाइजेशन और वैक्सीनेशन के बाद उसी क्षेत्र में छोड़ा जाए जहां से उन्हें पकड़ा गया था
- खूंखार रेबीज संक्रमित कुत्ते वापस नहीं छोड़े जाएंगे, उन्हें शेल्टर होम में रखा जाएगा
- संक्रमित और खतरनाक व्यवहार वाले कुत्तों के लिए शेल्टर तैयार किया जाए
- खुले स्थानों, गली या सड़क पर आवारा कुत्तों को खाना नहीं खिलाया जा सकता
- आवारा कुत्तों को खिलाने के लिए हर जगह फीडिंग जोन बनाया जाए, वहां बोर्ड, व्यवस्था होगी

महंगाई का हवाला देते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने शासन को लिखा था खत

सरकारी स्कूलों में भी पढ़ाई महंगी, लैब व स्पोर्ट्स फीस सहित परीक्षा शुल्क में वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यदि आपके बच्चे शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत हैं तो उनके लिए भी अब आपको जेब ढीली करनी होगी। शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से परीक्षा शुल्क में वृद्धि कर दी गई है। इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है। दसवीं कक्षा में अब प्रति छात्र 90 रुपए तथा बारहवीं कक्षा में 105 रुपए अधिक लिए जाएंगे। विज्ञान निधि से लेकर क्रीड़ा निधि में भी शासन ने वृद्धि कर दी है। बढ़ी हुई राशि सरकारी स्कूलों के साथ-साथ स्वामी आत्मानंद विद्यालयों और पीएमश्री विद्यालयों में भी लागू होगी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा बढ़ती महंगाई का हवाला देते हुए शासन से फीस वृद्धि की अनुमति मांगी थी। इसकी अनुमति प्रदान करते हुए बढ़े हुए फीस का ढांचा भी जारी कर दिया गया है।

शासन ने दी फीस बढ़ाने की अनुमति, लागत वृद्धि का दिया हवाला

महंगाई बढ़ गई इसलिए वृद्धि

फीस बढ़ोत्तरी के पीछे महंगाई बढ़ने का हवाला दिया गया है। आदेश के अनुसार, प्राचार्यों एवं जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा विद्यालयों में विभिन्न अवसरों पर आयोजित होने वाली गतिविधियों के संचालन तथा वर्तमान परिदृश्य में परीक्षा सामग्री, क्रीड़ा सामग्री एवं विज्ञान प्रयोगशाला सामग्री की लागत में वृद्धि हो गई है। इसे देखते हुए स्थानीय शुल्क में आंशिक वृद्धि करने की मांग की गई थी। इस मांग के आधार पर प्रशासकीय समिति द्वारा की गई अनुशंसा के अनुसार स्थानीय शुल्क में वृद्धि करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

जानिए किस मद में कितनी वृद्धि

कक्षा-नवमी व दसवीं

मद	पहले	अब
कार्यकलाप-	50 रुपए	65 रुपए
निर्धन छात्र सहायता राशि-	10 रुपए	15 रुपए
विज्ञान क्लब	20 रुपए	25 रुपए
बलचर निधि	50 रुपए	60 रुपए
रेडक्रॉस निधि	30 रुपए	बदलाव नहीं
क्रीड़ा निधि	50 रुपए	65 रुपए
विज्ञान प्रायोगिक शुल्क	50 रुपए	65 रुपए
परीक्षा शुल्क	150 रुपए	175 रुपए
योग	410 रुपए	500 रुपए

कक्षा-ग्यारहवीं व बारहवीं

मद	पहले	अब
कार्यकलाप	50 रुपए	75 रुपए
निर्धन छात्र सहायता राशि	10 रुपए	15 रुपए
विज्ञान क्लब	20 रुपए	30 रुपए
बलचर निधि	50 रुपए	60 रुपए
रेडक्रॉस निधि	30 रुपए	बदलाव नहीं
क्रीड़ा निधि	65 रुपए	75 रुपए
विज्ञान प्रायोगिक	70 रुपए	85 रुपए
परीक्षा शुल्क	150 रुपए	180 रुपए
योग	445 रुपए	550

खबर संक्षेप

उत्तराखंड के पूर्व सीएम खंडूरी का निधन

देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता भुवन चंद्र खंडूरी का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे। पूर्व मुख्यमंत्री के परिवार में पत्नी अरूणा, एक बेटा मनीष और बेटी रितु खंडूरी भूषण हैं। खंडूरी की बेटी और राज्य विधानसभा की अध्यक्ष रितु खंडूरी भूषण ने अपने पिता के निधन की पुष्टि की।

मोबाइल फोन, लैपटॉप, हाथ से लिखे नोट्स जब्त

नीट पेपर लीक : सीबीआई ने नागपुर में दो छात्रों के घरों पर की छापेमारी

नागपुर। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने नीट-यूजी 2026 प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच के तहत नागपुर में दो छात्रों के घरों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को सेंट्रल एवेन्यू और इतवारी इलाके में स्थित उनके घरों की तलाशी के दौरान जांच एजेंसी ने मोबाइल फोन, लैपटॉप, हाथ से लिखे नोट्स और अन्य डिजिटल उपकरण जब्त किए, जिन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। अधिकारियों के अनुसार, ये दोनों छात्र इस साल नीट परीक्षा में शामिल हुए थे।

पुणे बुलाया फिर साझा किए प्रश्न

जांचकर्ताओं को शक है कि चुनिंदा छात्रों को परीक्षा से पहले पुणे बुलाया गया, जहां कथित तौर पर प्रश्नपत्र और उनके उत्तर साझा किए गए। सीबीआई अब कॉल रिकॉर्ड, वित्तीय लेनदेन और डिजिटल सबूतों की पड़ताल कर रही है, ताकि इस पूरे नेटवर्क और अन्य आरोपियों का पता लगाया जा सके। फिलहाल छात्रों को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

संदिग्ध हालात में मिला शव

बांग्लादेश के भारतीय मिशन में तैनात अधिकारी की मौत

नई दिल्ली। पड़ोसी देश बांग्लादेश में भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी की मौत हो गई है। उनकी लाश चटगांव में इंडियन हाई कमीशन के मिशन परिसर में मिली है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सिर्फ़ नरेंद्र के तौर पर हुई है, जो असिस्टेंट सिक्योरिटी प्रोटोकॉल ऑफिसर के तौर पर काम कर रहे थे। वह हरियाणा के रहने वाले थे। उनकी मौत के वजहों की जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है।

पीएम के लिए भेजा शव

पुलिस ने बॉडी को ऑटोप्सी के लिए चटगांव मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के मुर्दाघर भेज दिया। जांच में अभी तक कोई अजीब बात नहीं मिली है, लेकिन सही कारण पोस्टमॉर्टम से ही पता चल पाएगा।

क्षेत्र में दहशत वन विभाग ने जारी किया अलर्ट

मरवाही में दिखा सफेद भालू, अचानक सामने आया, ग्रामीण पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

अलग खबर

मरवाही वनमंडल क्षेत्र में सफेद भालू से ग्रामीण एरिया में दहशत का माहौल है। अचानक सामने एक ग्रामीण के आने के बाद भालू ने हमला कर उसे घायल कर दिया है, जिसे उपचार कराने के बाद रिफर कर वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में अलर्ट जारी कर दिया है। मरवाही ▶▶|शेष पेज 7 पर



लगाया जाएगा ट्रैप कैमरा

घायल ग्रामीण का प्राथमिक उपचार कराने के बाद उसे वापस भेज दिया गया है। भालू लगातार आगे की ओर बढ़ रहा है, विभाग की कोशिश है कि वह वापस बस्ती की ओर न मुड़े। इसके लिए ट्रैप कैमरा भी लगाया जाएगा।

-ग्रीष्मी चांद, डीएफओ मरवाही वन मंडल

पश्चिम एशिया संकट का दिख रहा असर

एक सप्ताह में दूसरी बार वृद्धि पेट्रोल-डीजल 90 पैसे महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हरिभूमि सरोकार

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मंगलवार को लगभग 90 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई। एक सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार ईंधन के दाम बढ़ाए गए हैं। उद्योग सूत्रों के अनुसार, ईंधन के दाम बढ़ने के बाद नयी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत बढ़कर 98.64 रुपये प्रति लीटर हो गई जो पहले 97.77 रुपये प्रति लीटर थी। वहीं डीजल की कीमत 90.67 रुपए से बढ़कर 91.58 रुपए हो गई।

शहरों में दाम प्रति लीटर

शहर	पेट्रोल	डीजल
रायपुर	104.46 रुपए	97.51 रुपए
मुंबई	107.59 रुपए	94.08 रुपए
कोलकाता-	109.70 रुपए	96.07 रुपए
चेन्नई -	104.49 रुपए	96.11 रुपए

पेट्रोल में अब होगा ई-30 इथेनॉल

देश में पेट्रोल को लेकर एक बड़ा बदलाव आने की तैयारी शुरू हो चुकी है। भारत सरकार अब पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा और ज्यादा बढ़ाने की तैयारी की है। अब सरकार ई-22 से लेकर ई-30 तक के नए फ्यूल ब्लेंड की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

हर दिन 750 करोड़ रुपए का नुकसान

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने सोमवार को कहा था कि 15 मई को हुई बढ़ोतरी से नुकसान में लगभग एक चौथाई की कमी आई है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां अब भी प्रतिदिन लगभग 750 करोड़ रुपए का नुकसान झेल रही हैं। विभिन्न राज्यों में मूल्य वर्धित कर (वैट) में अंतर के कारण ईंधन की कीमतें अलग-अलग हैं। उद्योग सूत्रों के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि की तुलना में बढ़ाया गया मूल्य कम है। इसके बाद भी खुदरा ईंधन विक्रेताओं को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। क्रिसिल के अनुसार, तेल कंपनियों को 15 मई को मूल्य वृद्धि के बाद पेट्रोल पर लगभग 10 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 13 रुपए प्रति लीटर का नुकसान है।

चिंतन

आम लोगों की जान की सुरक्षा सर्वोपरि

देश में आवारा कुत्तों का मुद्दा अब आम लोगों की सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और नागरिकों के गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का हालिया फैसला, जिसमें रेबीज से संक्रमित और बेहद खतरनाक आवारा कुत्तों को जरूरत पड़ने पर यूथेनेशिया यानी दया मृत्यु (जहर का इंजेक्शन) देने की अनुमति दी गई है, एक कठोर लेकिन आवश्यक कदम माना जाना चाहिए। यह फैसला उन लोगों को कठोर लग सकता है जो पशु अधिकारों की पैरवी करते हैं, लेकिन अदालत ने साफ कर दिया है कि देश में इंसानों की जान की सुरक्षा सर्वोपरि है। लावारिस कुत्ते लगातार बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को निशाना बनाते रहे हैं। इनके लिए शेल्टर होम बनाने और नसबंदी का जिम्मा राज्य सरकारों पर है, लेकिन राज्यों में जिस तरह के हालात हैं, उसमें यह कार्य उस तरह से नहीं हो पा रहा, इसलिए सुप्रीम कोर्ट को कड़ा फैसला लेना पड़ा। लावारिस कुत्ते खतरनाक भले ही न हों, लेकिन कई प्रकार से लोगों को नुकसान जरूर पहुंचाते हैं। कई बार दो पहिया वाहन चालक इनके कारण हादसों का शिकार हो जाते हैं। कुत्तों से डरने वाले लोग भी इन्हें देखकर हड़बड़ा जाते हैं और हादसों का शिकार हो बैठते हैं। कुत्तों के काटने की खबरें भी आम हैं। बीते कुछ वर्षों में देश के लगभग हर बड़े शहर और कस्बे में आवारा कुत्तों की समस्या विकराल होती गई है। कई मामलों में छोटे बच्चों के चेहरे तक बुरी तरह नोच दिए गए। तमिलनाडु में केवल चार महीनों में करीब दो लाख डॉग बाइट के मामले सामने आना यह बताने के लिए काफी है कि स्थिति कितनी गंभीर हो चुकी है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में एक महीने में 1084 लोगों को कुत्तों ने काटा। दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में भी ऐसी घटनाएं आम हैं। यह केवल आंकड़े नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलता की भयावह तस्वीर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बिल्कुल सही कहा कि गरिमा के साथ जीने के अधिकार में यह भी शामिल है कि लोग सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थानों पर बिना भय के चल-फिर सकें। यदि कोई बच्चा स्कूल जाते समय आवारा कुत्तों के झुंड से डरता है या कोई बुजुर्ग सुबह की सैर पर निकलने से घबराता है, तो यह सीधे-सीधे नागरिक अधिकारों का उल्लंघन है। असल सवाल यह है कि वर्षों से चल रही नसबंदी और टीकाकरण योजनाएं आखिर प्रभावी क्यों नहीं हो सकीं। राज्य सरकारें और नगर निगम अक्सर बजट, संसाधनों और कर्मचारियों की कमी का बहाना बनाते रहे हैं। नतीजा यह हुआ कि आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती गई। कई शहरों में एबीसी सेंटर यानी एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर नाम मात्र के रह गए। कोर्ट ने अब हर जिले में प्रभावी एबीसी सेंटर बनाने और जरूरत के अनुसार उनकी संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। हालांकि इस पूरे विवाद में पशु प्रेमियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। सड़क किनारे कुत्तों को खाना खिलाना मानवता हो सकती है, लेकिन यदि वही कुत्ते बाद में राहगीरों पर हमला करें तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? अदालत ने सार्वजनिक स्थानों पर फीडिंग पर रोक लगाकर यह स्पष्ट कर दिया कि संवेदनशीलता और जिम्मेदारी साथ-साथ चलनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति इन जानवरों के प्रति इतना ही समर्पित है, तो उन्हें अपने संरक्षण में रखने की व्यवस्था भी करनी चाहिए। अब यह सवाल उन पशु प्रेमियों के लिए है कि वे इन बेजुबान जानवारों के लिए क्या कर सकते हैं। अब ऐसे जानवरों को बचाने वाले पशु प्रेमी या तो इन्हें अपने पास रखें या फिर प्रशासन ऐसे खतरनाक कुत्तों को जहर के इंजेक्शन दे सकता है।

समस्या

मनोज कुमार अग्रवाल

ग्लोबल वार्मिंग से बिगड़ते हालात : कब जागेगा इंसान

वैश्विक तापमान यानी ग्लोबल वार्मिंग आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। इससे न केवल मनुष्य, बल्कि धरती पर रहने वाला प्रत्येक जीव यहां तक कि वनस्पति भी त्रस्त है। ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए दुनियाभर में प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन समस्या कम होने के बजाय साल-दर-साल बढ़ती ही जा रही है। चूंकि यह एक शुरुआत भर है, इसलिए अगर हम अभी से नहीं संभले तो भविष्य और भी भयावह हो सकता है। वैज्ञानिक अनुसंधान की रिपोर्ट बताते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग धरती के वातावरण के तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी है। हमारी धरती प्राकृतिक तौर पर सूर्य की किरणों से उष्मा प्राप्त करती है। ये किरणें वायुमंडल से गुजरती हुईं धरती की सतह से टकराती हैं और फिर वहीं से परावर्तित होकर पुनः लौट जाती हैं। धरती का वायुमंडल कई गैसों से मिलकर बना है जिनमें कुछ ग्रीनहाउस गैसें भी शामिल हैं। इससे धरती के ऊपर एक प्रकार से एक प्राकृतिक आवरण बना लेती हैं। यह आवरण लौटती किरणों के एक हिस्से को रोक लेता है और इस प्रकार धरती के वातावरण को गर्म बनाए रखता है। गौरतलब है कि मनुष्यों, प्राणियों और पौधों के जीवित रहने के लिए कम से कम 16 डिग्री सेल्सियस तापमान आवश्यक होता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ग्रीनहाउस गैसों में बढ़ोतरी होने पर यह आवरण और भी सघन होता जाता है। ऐसे में यह आवरण सूर्य की अधिक किरणों को रोकने लगता है और फिर यहीं से ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव शुरू हो जाता है। ग्लोबल वार्मिंग के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार तो मनुष्य और उसकी गतिविधियां ही हैं। मनुष्य जनित मानव निर्मित इन गतिविधियों से कार्बन डाइऑक्साइड, मिथेन, नाइट्रोजन ऑक्साइड इत्यादि ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा में बढ़ोतरी हो रही है जिससे इन गैसों का आवरण सघन होता जा रहा है। यही आवरण सूर्य की परावर्तित किरणों को रोक रहा है, जिससे धरती के तापमान में वृद्धि हो रही है। वाहनों, हवाई जहाजों, बिजली बनाने वाले संयंत्रों उद्योगों इत्यादि से अंधाधुंध होने वाले गैसीय उत्सर्जन की वजह से कार्बन डायआक्साइड में बढ़ोतरी हो रही है। जंगलों का बड़ी संख्या में हो रहा विनाश इसकी दूसरी वजह है। जंगल कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित करते हैं, लेकिन जंगलों की बेतहाशा कटाई से यह प्राकृतिक नियंत्रक भी हमारे हाथ से छूटता जा रहा है। इसकी एक अन्य वजह सीएफसी है जो रेफ्रीजरेटर्स, अग्निशामक दमकल यंत्रों इत्यादि में इस्तेमाल की जाती है। यह धरती के ऊपर बने एक प्राकृतिक आवरण ओजोन परत को नष्ट करने का काम करती है। ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली घातक पराबैंगनी किरणों को धरती पर आने से रोकती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस ओजोन परत में एक बड़ा छिद्र हो चुका है जिससे पराबैंगनी किरणें सीधे धरती पर पहुंच रही हैं और इस तरह से उसे लगातार गर्म बना रही हैं। आशंका यही जताई जा रही है कि आने वाले समय में ग्लोबल वार्मिंग में और बढ़ोतरी ही होगी। ग्लोबल वार्मिंग को लेकर कई दशकों से वैज्ञानिक चिंता जाहिर कर रहे थे, लेकिन सरकार और आम जनता दोनों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इस साल मार्च से ही भीषण गर्मी शुरू हो गई थी। अब तो भारत के ही कई शहरों में पारा 50 डिग्री के आसपास है। माना जा रहा है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही पशु-पक्षी और वनस्पतियां धीरे-धीरे उत्तरी और पहाड़ी इलाकों की ओर प्रस्थान करेंगे, लेकिन इस प्रक्रिया में कुछ अपना अस्तित्व ही खो देंगे। इस बीच एक और चिंताजनक खबर सामने आई है। इसमें कोई शक नहीं है कि गर्मी बढ़ने से ठंड भगाने के लिए इस्तेमाल में लाई जाने वाली ऊर्जा की खपत में कमी होगी, लेकिन इसकी पूर्ति एयर कंडिशनिंग में हो जाएगी। घरों को ठंडा करने के लिए भारी मात्रा में बिजली का इस्तेमाल करना होगा। बिजली का उपयोग बढ़ेगा तो उससे भी ग्लोबल वार्मिंग में इजाफा ही होगा। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निपटा जा सकता है। बशर्ते इसके लिए हमें कई प्रयास करने होंगे। इसके तहत हानिकारक गैसों के उत्सर्जन को कम करना होगा। सोलर सिस्टम भी वातावरण को उष्मा दे रहे हैं। अनुसंधान बता रहे हैं कि जिन शहरों में सोलर सिस्टम अधिक हैं, वहां का तापमान तुलनात्मक एक से दो सेल्सियस बढ़ जाता है। यह जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। हम सभी भी पेट्रोल, डीजल और बिजली का उपयोग कम करके हानिकारक गैसों को कम कर सकते हैं। जंगलों की कटाई को रोकना होगा। हम सभी अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। इससे भी ग्लोबल वार्मिंग के असर को किया जा सकता है। तकनीक का विकास कर हमें ऐसे रेफ्रीजरेटर्स बनाने होंगे जो सीएफसी का उपयोग न करें। अब भी नहीं जागे तो बहुत देर हो जाएगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

इंडो-भूमध्य रणनीतिक साझेदारी

इटली और भारत
नरेंद्र मोदी, जॉर्जिया मेलोनी

भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। यह संबंध केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अब स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। यह संबंध अब एक नए और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहा है, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है।

भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। यह संबंध केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अब स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। यह संबंध अब एक नए और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहा है, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है। हमारा सहयोग इस साझा समझ को दर्शाता है कि 21वीं सदी में समृद्धि और सुरक्षा इस बात पर निर्भर करेगी कि देश कितनी क्षमता से नवाचार करें, ऊर्जा परिवर्तन का प्रबंधन करें और अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करें।

इसी उद्देश्य से हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा तथा विविध बनाने का संकल्प लिया है, ताकि नए लक्ष्यों को हासिल किया जा सके और दोनों देशों की पूरक शक्तियों का बेहतर उपयोग हो सके। हम इटली की डिजाइन क्षमता, बेहतरीन विनिर्माण कौशल और विश्वस्तरीय सुपरकंप्यूटर तकनीक, जो उसे एक औद्योगिक महाशक्ति बनाती है, को भारत की तेज़ आर्थिक वृद्धि, इंजीनियरिंग प्रतिभा, बड़े पैमाने की क्षमता, नवाचार और 100 से अधिक यूनिकॉर्न तथा 2 लाख स्टार्ट-अप वाले उद्यमी इकोसिस्टम के साथ जोड़कर एक शक्तिशाली तालमेल बनाना चाहते हैं। यह केवल दो व्यवस्थाओं का साधारण मेल नहीं है, बल्कि ऐसा साझा मूल्य निर्माण है जिसमें दोनों देशों की औद्योगिक ताकतें एक-दूसरे को और अधिक मजबूत बनाती हैं। यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों दिशाओं में व्यापार और निवेश बढ़ाने का रास्ता खोलता है। हमारा लक्ष्य 2029 तक भारत और इटली के बीच व्यापार को 20 अरब यूरो से आगे ले जाना है। इसमें रक्षा एवं एयरोस्पेस, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, मशीनरी, ऑटोमोबाइल पुर्जे, रसायन, दवाइयां, वस्त्र, कृषि-खाद्य क्षेत्र और पर्यटन समेत कई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान रहेगा। "मेड इन इटली" हमेशा से दुनिया भर में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है, और आज इसका स्वाभाविक तालमेल "मेक इन इंडिया' पहल के उच्च गुणवत्ता वाले लक्ष्यों के साथ दिखाई देता है। इसी संदर्भ में, भारत के लिए उत्पादन में इतालवी कंपनियों की बढ़ती रुचि और इटली में भारतीय उद्योगों की बढ़ती मौजूदगी-जो अब दोनों पक्षों से मिलाकर 1000 से अधिक हो चुकी है, एक सकारात्मक संकेत है। यह हमारी सप्लाई चेन के एकीकरण को और मजबूत करेगी। तकनीकी नवाचार हमारी साझेदारी का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। आने वाले दशकों में दुनिया एक बड़े तकनीकी बदलाव के दौर से गुजरेगी, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्वांटम कंप्यूटिंग, उन्नत विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिज और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में तेज प्रगति होगी। भारत का तेज़ी से बढ़ता नवाचार तंत्र और कुशल पेशेवरों की बड़ी संख्या, तथा इटली की उन्नत औद्योगिक क्षमता, इन क्षेत्रों में दोनों देशों के सहयोग को

स्वाभाविक और रणनीतिक बनाती है। दोनों देशों के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के बीच बढ़ती साझेदारी भी इसे मजबूती देगी। भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) पहले से ही दुनिया के कई देशों, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों, के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज हमारे समाज और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाल रही है। इटली और भारत लंबे समय से इस दिशा में सहयोग कर रहे हैं, ताकि एआई का विकास जिम्मेदार और मानव-केंद्रित हो। भारत और इटली एआई को समावेशी विकास का एक शक्तिशाली माध्यम भी मानते हैं, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों के लिए। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और आसान, बहुभाषी तकनीकों के जरिए एआई सामाजिक और डिजिटल खाइयों को कम कर सकता है, न कि उन्हें और बढ़ा सकता भारत के मानव विज़न-यानी तकनीक के केंद्र में मानव को रखने की सोच और इटली की मानव-केंद्रित "एल्गोर-एथिक्स" की अवधारणा, जो उसकी मानवतावादी परंपरा पर आधारित है, पर आगे बढ़ते हुए हमारी साझेदारी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम बने। हमारा दृष्टिकोण भारत की विशाल डिजिटल क्षमता को इटली की नैतिक और औद्योगिक विशेषज्ञता के साथ जोड़ता है, ताकि तकनीक मानव गरिमा की सेवा कर सके। सुरक्षित डिजिटल सहयोग, क्षमता निर्माण और मजबूत साइबर ढांचे से जुड़ी श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को साझा करके, हम एक ऐसा खुला, भरोसेमंद और समान डिजिटल वातावरण बनाना चाहते हैं, जिसमें हर देश एआई का उपयोग कर सके और उससे लाभ उठा सके। यही सोच इटली की जी7 अध्यक्षता और 2026 में नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के निष्कर्षों का मुख्य आधार है। एआई को इंसानों की ओर से इंसानों के लिए बनाई गई तकनीक मानने का अर्थ है यह स्पष्ट करना कि तकनीक न तो मनुष्य की जगह ले सकती है और न ही उसके मूल अधिकारों को कमजोर कर सकती है। इसका उपयोग जनमत को प्रभावित करने या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करने के लिए भी नहीं होना चाहिए। आज की तेजी से जुड़ी हुई दुनिया में स्वतंत्रता और मानव गरिमा की रक्षा का हमारा दृष्टिकोण इसी चुनौती पर आधारित है। हमारा सहयोग अंतरिक्ष क्षेत्र तक भी फैला हुआ है। अंतरिक्ष अनुसंधान और सैटेलाइट तकनीक में भारत की उल्लेखनीय प्रगति तथा इटली की एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता, संयुक्त परियोजनाओं और नई पीढ़ी की तकनीकों के विकास के लिए बड़े अवसर प्रदान करती है। राष्ट्रों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा और स्थिरता बेहद आवश्यक हैं। हम अपनी साझा चुनौतियों का समाधान दोनों देशों के गहरे संबंधों और लंबे सांस्कृतिक जुड़ाव के आधार पर कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति में 'धर्म' का विचार उस जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है, जो हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करना चाहिए।

वहीं 'वसुधैव कुटुंबकम' अर्थात "पूरी दुनिया एक परिवार है" का सिद्धांत आज के आपस में जुड़े डिजिटल युग में और भी अधिक प्रासंगिक लगता है। ये मूल्य इटली की मानवतावादी परंपरा से भी मेल खाते हैं, जिसकी जड़ें पुनर्जागरण काल में हैं। यह परंपरा हर व्यक्ति की गरिमा और संस्कृति की उस शक्ति पर जोर देती है, जो समाजों और लोगों को एकजुट कर सकती है। इसलिए हमारी साझा दृष्टि का उद्देश्य लोगों को केंद्र में रखते हुए भारत-इटली साझेदारी को मजबूत, आधुनिक और भविष्य उन्मुख आधार प्रदान करना है।

(लेखक नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं और जॉर्जिया मेलोनी इटली गणराज्य मंत्रिपरिषद की अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

असंयम लक्ष्य विमुख कर देता हैं

संकलित
दर्शन

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। श्रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया।

समस्याएं तो आती-जाती रहेंगी, रुकना नहीं चाहिए



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए।संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती

मजबूत पंचायत, विकसित गांव

भारत को गांवों का देश कहा जाता है। आज भी देश की एक बड़ी आबादी गांवों में निवास करती है और गांवों का विकास ही देश के समग्र विकास की पहचान माना जाता है। जब गांव मजबूत होंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर और सशक्त बनेगा। गांवों के विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी पंचायती राज व्यवस्था है। पंचायत केवल एक प्रशासनिक संस्था नहीं, बल्कि लोकतंत्र की वह मजबूत नींव है, जिसके सहारे गांव की समस्याओं का समाधान, विकास योजनाओं का संचालन और जनता की आवाज़ को शासन तक पहुंचाने का कार्य किया जाता है। इसलिए कहा जाता है कि 'मजबूत पंचायत, विकसित गांव-हर वोट है देश की शान।' यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा है। इसलिए मतदान बहुत जरूरी है।

- गौरव वर्मा, बिलासपुर

ट्रेंड

दिवंगत आत्मा को नमन

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता भुवन चंद्र खंडूरी का निधन उत्तराखंड और भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्मा को अपने पवित्र चरणों में स्थान दें।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



भयंकर आर्थिक तूफान

हमारे सिर पर एक भयंकर आर्थिक तूफान मंडरा रहा है। 12 वर्षों में, मोदी जी ने जो ढांचा खड़ा किया, वह केवल अडानी और अंबानी के लिए था। और अब, वही ढांचा ढहने वाला है। इसका असर युवाओं, गरीबों, मध्यम वर्ग, किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों पर ही पड़ेगा।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



सहयोग शिविर

प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को सभी पंचायतों में 'सहयोग शिविर' आयोजित किए जाएंगे, जहां लोग अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान पा सकेंगे। जनसेवा, समस्याओं का समाधान और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता प्राथमिकताएं हैं।

- सम्राट चौधरी, सीएम, बिहार

गंभीरता से जांच हो

उत्तर प्रदेश की बेटी और मध्य प्रदेश के भोपाल में दहेज हत्या का मामला, इस घटना की गंभीरता से जांच होनी चाहिए और पीड़ित पक्ष को न्याय मिलना चाहिए। जब दोनों राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, तो कार्रवाई न करने का क्या कारण है?

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर

चिनफिंग ने 'थ्यूसाइडिडेस ट्रैप' से ट्रंप को किया आगाह

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 15 मई को डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई शिखर वार्ता के दौरान ईसा-पूर्व पांचवीं शताब्दी के यूनानी इतिहासकार थ्यूसाइडिडेस का उल्लेख करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति को परोक्ष रूप से चेतावनी दी। शी ने अपने शुरुआती संबोधन में कहा, "दुनिया एक नए मोड़ पर आ खड़ी हुई है। क्या चीन और अमेरिका तथाकथित 'थ्यूसाइडिडेस ट्रैप' से ऊपर उठकर महाशक्तियों के संबंधों का नया प्रतिमान विकसित कर सकते हैं?" इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय राजनीति और कूटनीति में थ्यूसाइडिडेस का उल्लेख खूब हुआ है। जनवरी में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने 'मेलियन डायलॉग' की प्रसिद्ध पंक्ति -शक्तिशाली वही करते हैं जो कर सकते हैं और कमजोर वही सहते हैं जो उन्हें सहना पड़ता है- का हवाला देते हुए नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था के कमजोर पड़ने की चेतावनी दी थी। अन्य टिप्पणीकारों ने वेनेजुएला और ईरान में अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों का वर्णन करने के लिए भी इस उद्धरण का इस्तेमाल किया, कुछ ने समर्थन में और कुछ ने आलोचना के तौर पर। हालांकि, शी ने थ्यूसाइडिडेस के उस विश्लेषण की ओर ध्यान दिलाया, जिसमें उन्होंने एथेंस और स्पार्टा के बीच हुए पेलोपोनेसियन युद्ध का सबसे वास्तविक कारण बताया था।

ऑफ बीट

आम पकने के पहले ही क्यों गिर जाते हैं ?

ऑस्ट्रेलिया में हर मौसम में आम उत्पादकों को उस समय भारी नुकसान होता है, जब पेड़ों से बड़ी संख्या में फल पकने से पहले ही गिर जाते हैं। शोध में वैज्ञानिकों ने पाया है कि तनाव के दौरान पेड़ों में हार्मोनल असंतुलन और कार्बोहाइड्रेट की कमी पैदा हो जाती है। फल के विकास के लिए आवश्यक शर्करा की आपूर्ति बाधित होने पर पेड़ अपने अस्तित्व को प्राथमिकता देता है और फल गिर जाता है। शोधकर्ताओं ने इसे एक आणविक "क्विट सिग्नल" बताया है, जो पेड़ को फल का साथ छोड़ने का संदेश देता है। यह संकेत जीन गतिविधि और हार्मोनल संकेतों के जटिल नेटवर्क से जुड़ा है। इस प्रक्रिया को समझने के लिए वैज्ञानिक आम के डंठल (पेडिसल) के ऊतकों में जीन गतिविधियों का अध्ययन कर रहे हैं, जहां पेड़ और फल के बीच पोषक तत्वों और संकेतों का आदान-प्रदान होता है। फल झड़ने की समस्या के लिए शोध में पौध वृद्धि नियामकों (प्लांट ग्रोथ रेगुलेटर्स) के उपयोग को एक प्रभावी उपाय बताया गया है। ये हार्मोन के कृत्रिम रूप होते हैं, जो तनाव की स्थिति में पेड़ों में संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं। परीक्षणों में पाया गया कि फूल आने के शुरुआती चरण में इनका प्रयोग अधिक प्रभावी रहा, जिससे पैदावार में 17 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई।

19 साल बाद पुराने डायरेक्टर संग कमबैक करेंगे अजय

नई दिल्ली। 19 साल बाद अजय देवगन इंडस्ट्री के दिग्गज फिल्ममेकर अभिनव सिन्हा संग वापसी करने जा रहा है। जिनके साथ साल 2007 में प्रदर्शित फिल्म कैश में अजय देवगन, सुनील शेट्टी, एशा देओल, रितेश देशमुख और जायद खान मुख्य भूमिकाओं में थे। फिल्म का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया था। अब खबरें हैं कि अजय और अनुभव करीब 19 साल बाद एक बार फिर साथ काम करने जा रहे हैं। अनुभव के निर्देशन में अजय एक्शन फिल्म करने जा रहे हैं। फिल्म कैश के बाद अजय और अनुभव दोनों ने अलग-अलग जानरों की फिल्में कीं, जिनमें से कई फिल्में हिट भी रहीं।

लाइफ Style

सबा

स्कूलों में पारिवारिक शिक्षा होनी चाहिए जरूरी

बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड और अभिनेत्री सबा आजाद अपनी अपकमिंग सीरीज 'हू इज योर गाइनैक?' सीजन 2 को लेकर चर्चा में हैं। यह वेब सीरीज 22 मई को रिलीज होने वाली है। इससे पहले सबा आजाद ने महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में बात की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सबा ने स्कूलों में यौन शिक्षा को जरूरी करने पर जोर दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यौन शिक्षा लोगों को सोच-समझकर फैसले लेने में मदद कर सकती है। बातचीत में सबा आजाद ने कहा 'मुझे लगता है कि स्कूलों में यौन शिक्षा जरूरी होनी चाहिए। सिर्फ प्राइवेट स्कूलों में ही नहीं, बल्कि सभी स्कूलों में। क्योंकि, यौन शिक्षा से दिमाग खराब नहीं होता, बल्कि इससे जानकारी मिलती है। आप कुछ भी कह लें, अगर कोई बच्चा जानकारी के साथ बड़ा होता है, तो वह सही फैसले लेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह बहुत जरूरी है कि यह जानकारी सभी को दी जाए।' उन्होंने कहा इसे देश भर के हर स्कूल के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। सबा ने आगे कहा 'मुझे लगता है कि जब महिलाओं के स्वास्थ्य की बात आती है, तो हम आम तौर पर कमजोर पड़ जाते हैं। हम न तो इस बारे में बात करते हैं और न ही इस पर शोध करते हैं। 2026 से, हमने आखिरकार महिलाओं पर रिसर्च करना शुरू कर दिया है। पहले, हम पुरुषों पर रिसर्च करते थे और उसे ही महिलाओं पर भी लागू कर देते थे।' जब सबा से पूछा गया कि उन्होंने इस सीरीज में स्त्री रोग विशेषज्ञ के अपने रोल के लिए कैसे तैयारी की।

हॉलीवुड मसाला

कार में साथ थे जैकब-केंडल

लॉस एंजिल्स। अभिनेता जैकब एलोर्डी और केंडल जेनर को डेटिंग रूमर्स के बीच एक बार फिर साथ स्पॉट किया गया है। दोनों को लॉस एंजिल्स में काइली जेनर और टिमोथी चालमेट के साथ कार में देखा गया। जैकब एलोर्डी और केंडल जेनर की डेटिंग की अफवाहें काफी वक्त से उड़ रही हैं। दोनों को कई बार साथ चिल करते देखा जा चुका है। एक बार फिर जैकब और केंडल लॉस एंजिल्स में काइली जेनर और टिमोथी चालमेट के साथ देर रात कार में घूमते देखे गए।

माइकल ने कमाई से हिलाया इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस

नई दिल्ली। हॉलीवुड फिल्म माइकल की रिलीज को जल्द ही एक महीने का सफर पूरा होने जा रहा है। पॉप स्टार माइकल जैक्सन की बायोपिक के तौर पर इस मूवी को दर्शकों ने काफी पसंद किया। कमाई के मामले में इस फिल्म ने दुनियाभर में धमाकेदार प्रदर्शन करके दिखाया है और इतिहास रचने की दहलीज पर खड़ी है। 7 हजार करोड़ के जादुई आंकड़े की करीब पहुंचने वाली माइकल ने इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस पर अपनी धाक जमा ली है। अब तक ये मूवी पूरी दुनिया में करीब 6 हजार 742 करोड़ का कारोबार कर चुकी है। जल्द ही माइकल 7000 करोड़ का आंकड़ा पार करती हुई नजर आएगी, जोकि अपने आप में एक बड़ा कमाई का आंकड़ा है, जिस तक पहुंचना अच्छी-अच्छी फिल्मों का सपना होता है।

मिलाप ला रहे नई रोमांटिक फिल्म 'तेरा यार हूं मैं'...



मुंबई। पिछले साल 'एक दीवाने की दीवानियत' जैसी रोमांटिक फिल्म देने वाले निर्देशक मिलाप जावेरी अब एक और रोमांटिक फिल्म 'तेरा यार हूं मैं' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म से निर्देशक इंद्र कुमार के बेटे अमन इंद्र कुमार बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। फरवरी में जारी हुए फिल्म के फर्स्ट लुक के बाद अब फिल्म की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। फिल्म का एक पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने ये कंफर्म किया कि 'तेरा यार हूं मैं' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इसके साथ ही कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'प्यार, दोस्ती, इमोशन और संगीत के लिए तैयार हो जाइए। तेरा यार हूं मैं 31 जुलाई को सिनेमाघरों में आ रही है।' इसके साथ ही मेकर्स ने कंफर्म किया कि फिल्म से इंद्र कुमार के बेटे अमन कुमार अपनी शुरुआत कर रहे हैं। उनके साथ आकांक्षा शर्मा इस प्यार, ड्रामा, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर म्युजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगी। इससे पहले मेकर्स ने फरवरी में फिल्म की घोषणा करते हुए इसका फर्स्ट लुक जारी किया था। तब मेकर्स फिल्म को 22 मई को रिलीज करने वाले थे। लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट बदल दी है। फिल्म का जो पोस्टर जारी किया गया है, उसमें फिल्म के लीड कलाकार अमन इंद्र कुमार और आकांक्षा शर्मा नजर आ रहे हैं। व्हाइट बैकग्राउंड में दोनों के चेहरों का क्लोज अप शॉट है, जिसमें दोनों एक-दूसरे में खोए नजर आ रहे हैं। अभी तक फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। मिलाप जावेरी की आखिरी निर्देशित फिल्म 'मस्ती' फ्रेंचाइजी की 'मस्ती 4' है, जो पिछले साल रिलीज हुई थी। पिछले साल ही उनकी रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' भी रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने काफी चर्चाएं बटोरी थीं। वहीं, क्रिटिक्स और दर्शकों की भी इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई थी। अब वो 'तेरा यार हूं मैं' के साथ एक नई लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं।

सेंसर बोर्ड को रास नहीं आया होंठ चुमना

मुंबई। हमारे देश की सेंसर बोर्ड यानी केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड भी कमाल है। इसे फिल्मों में मार-काट, खून खराबा, कटे हुए सिर से फुटबॉल खेलना, मां-बहन की गालियां, दंगों के सीन में किसी को जिंदा जला देने जैसे विजुअल से तो कोई परहेज नहीं है, लेकिन पर्दे पर जब दो जवां दिल लबों से लब टकराते हैं, तो बोर्ड के नाक-भौं सिकुड़ जाते हैं। जी हां, यकीन ना आए तो 'चांद मेरा दिल' का ही उदाहरण ले लीजिए। फिल्म में अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी के रोमांटिक सीन्स थे। रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, लिहाजा इसमें खूनी खेल तो होगा नहीं, दो प्रेमी लबों से लब टकरा रहे थे। लेकिन, सेंसर बोर्ड ने इस पर कैंची चला दी है, जाहिर है रिव्यू कमिटी को लगा होगा कि ये वो सीन्स हैं, जिससे देश के युवाओं पर बुरा असर पड़ेगा। वाजिब भी है। रिपोर्ट के मुताबिक, सीबीएफसी ने मेकर्स को 10 सेकंड का एक किसिंग सीन हटाने और उसकी जगह कोई दूसरा विजुअल लगाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा बोर्ड ने 1 मिनट 26 सेकंड तक चलने वाले 'लिप-लॉक किसिंग विजुअल्स' को भी हटाने को कहा।

मैं वापस आऊंगा का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। 'मैं वापस आऊंगा' का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है, और फिल्म निर्माता इम्तियाज अली एक बार फिर प्यार, यादों और तड़प की दुनिया में गहराई से उतरते नजर आते हैं। दिल को छू लेने वाले रोमांटिक ड्रामा बनाने के लिए मशहूर इम्तियाज अली ने इस इमोशनल फिल्म के साथ अपनी खास कहानी कहने के अंदाज को फिर से जिंदा किया है। पूरे ट्रेलर में आपको केवल यही लगेगा कि अब आगे क्या! दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शर्वरी वाघ की इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को रोमांस, दिल टूटने, पुरानी यादों और जुदाई से भरी एक कहानी की झलक देता है। बिरला स्टूडियोज, अप्लॉज एंटरटेनमेंट और विंडो सीट फिल्म्स की बनाई यह फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का संगीत टिप्स म्यूजिक के तहत रिलीज किया गया है।

टीवी मसाला

प्रेम को मौत के मुंह से खींच लाई अनुपमा

नई दिल्ली। टीवी शो 'अनुपमा' में एक बार फिर रिश्तों, इमोशंस और ड्रामे का बड़ा ट्विस्ट देखने को मिलने वाला है। आने वाले एपिसोड में हालात ऐसे बन जाएंगे कि अनुपमा को प्रेम की जान बचाने के लिए खुद को खतरे में डालना पड़ेगा। वहीं, दूसरी तरफ दिग्विजय और अनुपमा की बढ़ती नजदीकियां भी सभी का ध्यान खींच रही हैं। शो में एक साथ कई इमोशनल मोमेंट्स देखने को मिलेंगे, जिनकी वजह से कहानी और ज्यादा दिलचस्प हो गई है। एपिसोड की शुरुआत में अनुपमा अपने कैफे के बाहर मेन्यू लिखती नजर आएगी। तभी वहां प्रेरणा आएगी और उसे कैफे की अच्छी सेल के लिए बधाई देगी।. अनुपमा भी उसे और प्रेम को उनके कैफे के लिए शुभकामनाएं देगी। लेकिन. बातचीत के दौरान अनुपमा को महसूस होगा कि प्रेरणा अंदर से काफी दुखी है। दरअसल, श्रुति ने उसे पार्टनरशिप से अलग कर दिया है और अब वह सिर्फ वहां काम कर रही है। प्रेरणा की मायूसी देखकर अनुपमा समझ जाएगी कि जरूर कुछ गलत हुआ है। वट सावित्री पूजा के दौरान कोठारी और शाह परिवार साथ नजर आएंगे। इसी बीच मोहल्ले की कुछ महिलाएं अनुपमा और दिग्विजय के रिश्ते को लेकर बातें बनाना शुरू कर देंगी। वह लीला से सवाल करेंगी कि क्या दिग्विजय अब वनराज की जगह लेने वाला है। यह सुनकर राही भड़क जाएगी और उन महिलाओं को जवाब देगी. हालांकि जाते-जाते महिलाएं राही को भी ताना मार जाएंगी, जिसके बाद वह लीला पर गुस्सा करेगी।

हिरानी ने किया पहली वेब सीरीज प्रीतम एंड पेड्रो का ऐलान

मुंबई। दिग्गज फिल्म निर्देशक राजकुमार हिरानी अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उनकी पहली वेब सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' का ऐलान कर दिया गया है। राजकुमार हिरानी की पहली वेब सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' का एक खास पोस्टर जारी किया गया है। इस पोस्टर में दो लड़के पीठ दिखाकर खड़े हैं। यही वजह है कि फिल्म की स्टार कास्ट से पर्दा अभी तक नहीं उठ सका है। यह सीराज हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। 'प्रीतम एंड पेड्रो' एक साइबर-क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जो 3 जुलाई को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। राजकुमार हिरानी 'प्रीतम एंड पेड्रो' नाम की वेब सीरीज के जरिए ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। इस सीरीज में कथित तौर पर अरशद वारसी और विक्रांत मैसी मुख्य (साइबर पुलिस) भूमिका में नजर आ सकते हैं। इस प्रोजेक्ट में राजकुमार हिरानी के बेटे वीर हिरानी भी अपना एक्टिंग डेब्यू कर सकते हैं। राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित आखिरी फिल्म का नाम 'डंकी' (Dunki) है। यह फिल्म 21 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसमें शाहरुख खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी। राजकुमार हिरानी ने 'डंकी' की सफलता के बाद ओटीटी की दुनिया में सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' से कदम रखा है।

जनजाति विशेष
डा. वेदवती मंडावी

न्याय व्यवस्था में स्थान मुड़ा का

आदिवासी अंचल में बाहरी व्यक्तियों अथवा अधिकारियों के आने पर ग्रामवासियों के लिए ग्राम प्रधान प्रवक्ता के रूप में कार्य करता है। ग्रामवासी तथा बाह्य प्रशासन के बीच मध्यस्थता की स्थिति उसकी प्रतिष्ठा के कारण होती है, जिसका वह जब चाहे लाभ उठा सकता है। यह पद वंशानुगत तथा प्रतिष्ठित अथवा विस्तृत गोत्र वालों को दिया जाता है। ग्राम प्रधान एक ऐसा व्यक्ति होता है जो अधिकांश गांव वालों पर अपना प्रभाव रखता है तथा उसके अनुयायी उसे अपना मार्गदर्शक अथवा पारस्परिक मूल्यों का रखवाला समझते हैं। गांव के अधिकांश फैसलों पर उसका व्यक्तिगत प्रभाव होता है। छत्तीसगढ़ में बाइसन हार्न तथा मारिया जनजातियों में इन्हें पेड्डा, अबूझमाड़िया, पटेल, पंडो, कोडकू, खैरवार, परधान एवं नगेसिया जनजाति स्थानीय भाषा में मुखिया कहते हैं कमार जनजाति कुरहा और गोंड मुकद्दम कहते हैं। प्रायः सभी समस्याओं का समाधान आसानी से सुलझाया जाता है। जिन समस्याओं का समाधान कठिन होता है उसे बड़े पंचायत में ले जाते हैं जिसे मुड़ा कहा जाता है। दस पंद्रह पंचायतों को मिलाकर मुड़ा बनाया जाता है। सभी मुखिया मुड़ा के सदस्य होते हैं। मुड़ा के प्रधान को मुढादार कहा जाता है।

कला जगत
डा. उग्रसेन कन्नौजे

आंचलिक लोक कला में रास का रस

विभिन्न विद्वानों के मतानुसार रास की उत्पत्ति रस से हुई है। इसी तरह अनेक विद्वान भगवान कृष्ण की रहस्य के वैभव गाथा से लेते हैं। पदम पुराण पाताल खंड में रास के लिए रस की प्रधानता मानी गई है। भगवान श्रीकृष्ण भक्तों को आनंद प्रदान करने के लिए स्वयं नायिका का रूप धारण कर लेते हैं। इस रहस्य को किसी ने जाना नहीं और जो जाना वह उसी का हो गया। भगवान श्रीकृष्ण गोपियों के साथ रास विलास करके भी वे योगी कहलाए, यह एक रहस्य है। इस प्रकार रास शब्द की उत्पत्ति कृष्ण और राधा की रसमय लीला से हुई है जैसा कि महारास में बताया गया है। यह सभी रहस्यों का चित्रण हमारे अंचल के रहस लीला मंच में मंचन किया जाता है। यह बात अलग है कि पूर्व की भांति अब रहस लीला मंचन अनेक कारण से कमी देखी जा रही है।

लोक साहित्य
डा. मृणालिका ओझा

छत्तीसगढ़ी लोककथाओं में सामाजिक चित्रण

छत्तीसगढ़ी लोककथाओं में युगीन सन्दर्भ व तात्कालिक जीवन के चित्र उपलब्ध होते हैं। छत्तीसगढ़ के सामाजिक सांस्कृतिक जीवन के ऐतिहासिक खोज में इसका विशेष महत्व है। कल का समाज कैसा था, उसके रहन सहन, आचार विचार आदि के सम्बन्ध में कौतुहलपूर्ण प्रश्नों के उत्तर इन कथाओं में समाहित है। छत्तीसगढ़ी लोककथाओं में विश्व मंगल की कामना प्रायः मिलते हैं। एक सृष्टि कथा में भगवान विष्णु धरती और आकाश का विवाह करने के लिए तैयार होते हैं। सियार जो कि चतुर एवं कूटनीतिज्ञ व्यक्तित्व का प्रतीक है, या फेरे पड़ेंगे तो इस बीच की सम्पूर्ण सृष्टि उनके बीच पीस कर नष्ट हो जायेंगे। कथा सामान्य है किन्तु इस विशाल तथ्य को उदघाटित करती है कि जब दो समान, विराट एवं समर्थ शक्तियों का संघर्ष होगा, उसके मध्य उनसे सम्बंधित सम्पूर्ण कमजोर वर्ग पीड़ति व नष्ट होगा। इतनी बड़ी सच्चाई का अनुभव कथाकार करता है, जिसका अनुभव हम सामाजिक और राजनीतिक जीवन में तो करते ही हैं, साथ ही विश्व स्तर पर भी इस खतरे को हर पल महसूस करते हैं कि दो बड़े शक्तिशाली राष्ट्र का संघर्ष सम्पूर्ण विश्व के विनाश का कारण बन सकता है। यदि विवाह को मिलन की दृष्टि से सोंचे तो भी दो बड़ी शक्तियां मिलकर शेष अल्प समर्थ लोगों पर आधिपत्य स्थापित कर सकती है और तब इस बीच आने वाले सम्पूर्ण व्यक्तित्व नष्टप्राय हो जाएगा। कथाकार की यह चिंता वर्तमान में ग्लोबलाईजेशन के खतरे की सांकेतिक अभिव्यक्ति मानी जा सकती है।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- Choupalharibhoomi@gmail.com

वैवाहिक रस्मों का अनूठा महत्व

संस्कृति
डा. राघवेंद्र कुमार 'राज '

विवाह एक धार्मिक संस्कार है। विवाह का शाब्दिक अर्थ विशेष रूप से वधू को वर को सौंपना। अर्थात वधू का वरण करना ही विवाह है। तभी तो लोग कहते हैं -

शादी वह लड्डू है जो खाये वो पछताए और जो न खाए वो पछताएं। विवाह के समय परिजनों द्वारा विभिन्न वैवाहिक रस्में निभाए जाते हैं। गठबंधन और सात फेरे, मंगलसूत्र और सिंदूर, पाणिग्रहण, घुड़चढ़ी वरमाला, वर दर्शन, पदप्रक्षालन,मंडप स्पर्श, लालभाजी, दूध भात जैसे रस्मों के अलावा अनेक रस्में भी निभाए जाते हैं।सब्बल पर श्वेत वस्त्र बांधना, चौक चौराहों में आटे और गोबर से निर्मित मुठिया व गीली चांवल आटे से चौक बनाना , हूमधूप देना, मंड़प में हल गड़ाना, डुमर व आम की डालियों से मंडप आच्छादन ,सात व्यक्तियों द्वारा आंचल देना, लाल भाजी, दूध भत्ता, विदाई में दुल्हन द्वारा अक्षत वृष्टि किया जाना आदि। पाणिग्रहण एक प्राचीन परंपरा है। दूल्हा दुल्हन के हाथों को पवित्र मंगलमयी धागों से बांधा जाता है जो वैवाहिक बंधन का प्रतीक है। घुड़चढ़ी वरमाला असीम प्रेम और विश्वास का परिचायक है। छत्तीसगढ़ अंचल के वैवाहिक अवसर पर ऐसे अनेक रस्म पल पल में निभाए जाते हैं जिसमें हर रस्म हमें प्रकृति से जुड़ने का सन्देश देते है जो इस सुखद अवसर को खुशनुमा बनाने के साथ ही एक परिवार से दूसरे परिवार को

अटूट बंधन में बंधने का समय भी होता है जिसमें परिवार के सदस्य, रिश्ते नाते, संगी साथी सभी इस वैवाहिक पल को अविस्मरणीय बनाने में सहभागिता देते हैं।

ऐतिहासिक : प्रो. अश्विनी केशरवानी

शिवरीनारायण में मिला रत्नदेव द्वितीय का ताम्रलेख

शिवरीनारायण में मिले ताम्रलेख के प्रथम श्लोक में ब्रम्हा की स्तुति की गई है। इसके बाद चंद्रवंश में कोकल्ल देव तथा उसके अठारह पुत्रों का उल्लेख है। पुत्रों में ज्येष्ठ पुत्र ने त्रिपुरी को अपनी राजधानी बनाया। उसके भाई वंकराज को तुम्मान का शासक कहा गया है। वंकराज का पुत्र कलिंगराज और उसके पुत्र कमलराज का उल्लेख है। इसके बाद क्रमशः रत्नराज प्रथम, पृथ्वीदेव, जाजल्यदेव तथा रत्नदेव द्वितीय का वर्णन है। इस ताम्रलेख में कुल 18 श्लोक हैं जो संवत 878 भाद्र शुक्ल पंचमी रविवार का है। इसकी भाषा संस्कृत है। प्रारम्भ में यह ताम्रलेख शिवरीनारायण मंदिर के प्रमुख पुजारी प. रामचंद्र भोगहा महाराज के घर पर था। हर श्लोक कहीं न कहीं मनुष्यों के धर्म कर्म और दान पुण्य के महत्व को स्पष्ट करता है।

गांव की कहानी
डा. नीलकंठ देवांगन

धरम के जगा आय धमधा

दुर्ग जिला मुख्यालय ले 35 कि मी दूरिहा आज के धमधा कभू धर्मदा, धमधागढ़, धर्म गढ़, धरमगढ़ कहाय। धमधागढ़ आजो गोंड मन के तीरथ जगा आय। धमधा नगर के नाव कबीर साहब के शिष्य धर्मदास के नाव म रिहिस अपभ्रन्श म धमदा होगे। महाकवि तुलसीदास अपन महाकाव्य रामचरित मानस म ये जन्मभूमि के सुंदरता, आनंद अउ सुख के बखान कराय हे -

राम धामदा पुरी सुहावनि
लोक समस्त विदित अति पावनि।

एकरे संग तुलसीदास के ए चौपाई अउ रामचरित मानस म आय कतको शब्द जौन धमधा अंचल म बोले जाथे, तेखरे आधार म ए कहे जा सकथे, श्रीराम के धमधा आगमन होय रिहिस। विनय पत्रिका म आय कुछ शब्द घलो ए बात के पुष्टि करथे-

अतिप्रिय मोहि इहां के वासी
मम धामदा पुरी सुख रासी।

एकरे संग धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक अउ पुरातत्विक महत्व के जगा आय आज के धमधा।

सुरता: वीरेंद्र बहादुर सिंह

छुईखदान अंचल के प्रमुख जंगल सत्याग्रहियों में गुलाब दास वैष्णव

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गुलाब दास वैष्णव का जन्म सन 1905 में छुईखदान से 12 कि मी दूर सड़क अतरिया में हुआ था। 24 जनवरी 1939 को समारुराम महोबिया के नेतृत्व में चंपाटोला से गंडई तक निकाले गए जंगल सत्याग्रह में वे प्रमुख सत्याग्रही थे। इस आंदोलन के दौरान पुलिस ने वैष्णव सहित 11 सत्याग्रहियों को हिरासत में लिया था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में कांग्रेस के ऐतिहासिक बम्बई अधिवेशन के बाद महात्मा गांधी के करो या मरो के सन्देश का प्रचार प्रसार करते हुए तथा मुंबई अधिवेशन की बुलेटिन का वितरण करते हुए वे गिरफ्तार किए गए। कारावास की सजा काटने के बाद गुलाब दास ने डोंगरगांव को अपना कर्म क्षेत्र बनाया। उन्होंने डोंगरगांव में लोक शाला का संचालन प्रारम्भ किया, जहां बच्चों को हस्तशिल्प कला की शिक्षा दी जाती थी। बाद में शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए नार्मल स्कूल का संचालन शुरू किया, जहां शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाता था। यहीं नार्मल स्कूल बाद में बुनियादी प्रशिक्षण शाला डोंगरगांव के रूप में परिवर्तित हो गया। सन 1973 में आपका निधन हुआ। सड़क अतरिया के हाईस्कूल का उन्नयन जब हायर सेकेण्डरी स्कूल के रूप में हुआ तब उसका नाम श्री वैष्णव के सम्मान में दाऊ गुलाब दास वैष्णव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अतरिया (रोड) रखा गया है।

हनोई में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक

रक्षा साझेदारी के साथ क्षेत्रीय-वैश्विक मामलों पर भारत-वियतनाम में चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण चीन सागर में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच मंगलवार को हनोई में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की वियतनाम के उप-प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग के बीच एक द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों पक्षों ने सबसे पहले हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा, संरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है। वार्ता में बढ़ती हुई रक्षा साझेदारी की समीक्षा की गई और साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों की बातचीत में समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग सहयोग, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, साइबर सुरक्षा, संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा, उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान, क्षेत्रीय स्थिरता तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के उपायों पर चर्चा की गई है।

रक्षा आधुनिकीकरण को दिया समर्थन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक में वियतनाम के साथ भारत की उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। द्विपक्षीय रक्षा ढांचे के तहत उसके रक्षा आधुनिकीकरण और क्षमता संवर्धन पहलों का समर्थन करने के भारत संकल्प को भी दोहराया है। वियतनाम के रक्षा मंत्री जनरल जियांग ने भारत के निरंतर समर्थन की प्रशंसा करते हुए दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही मित्रता और बढ़ती रणनीतिक साझेदारी पर जोर दिया।

पूर्व राष्ट्रपति को दी श्रद्धांजलि

राजनाथ सिंह ने अपने तय कार्यक्रमों का आगाज करने से पहले वियतनाम के संस्थापक पिता, पूर्व राष्ट्रपति हो ची मिन्ह की 136वीं जयंती पर उनके मकबरे पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अपनी एक्स पोस्ट में इसका जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति मिन्ह की दूरदृष्टि, नेतृत्व और राष्ट्रीय स्वतंत्रता, वैश्विक एकजुटता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

खड़गे ने दोबारा पेट्रोल-डीजल कीमतों को लेकर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री पर तीखा हमला बोला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए अपने पोस्ट में खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है, जबकि बड़े उद्योगपतियों को राहत दी जा रही है। खड़गे ने लिखा कि 'दाम बढ़े चार ही दिन हुए कि मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम फिर बढ़ा दिए।' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पहले जनता को बचत और संयम का उपदेश देती है और फिर अपनी नीतिगत विफलताओं का बोझ आम लोगों पर डाल देती है। कांग्रेस अध्यक्ष ने तंज कसते हुए कहा कि 'आम जनता की लूट और अडानी को अमेरिका से छूट, यही मोदी जी का कंप्रोमाइज मॉडल है।' खड़गे ने अपने पोस्ट में दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका से 'हाथ-पैर जोड़कर' रूसी तेल खरीदने की अनुमति के लिए एक महीने का एक्सटेंशन लिया है।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, जांजगीर मुख्या. चांपा, जिला - जांजगीर चांपा (छ.ग.)

शुद्धि पत्र क्र. 1

जी नम्बर - 262700660 में प्रकाशित निविदा सूचना क्र. 01 / व. ले.लि. / 2026-27, दिनांक 11.05.2025, निविदा सिस्टम नं. 190556 (प्रथम आमंत्रण) के स्थान पर निविदा सूचना क्र. 01/व.ले.लि./2026-27, दिनांक 11.05.2025, निविदा सिस्टम नं. 190566 (प्रथम आमंत्रण) पढ़ा जावें।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, जांजगीर
मुख्या. चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
G-262700831/3

कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

क्रमांक .707/न.पा.नि./ लोनिवि / 26-27
अम्बिकापुर दिनांक 19/05/2026

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा वार्ड क्रमांक 45 जिला अस्पताल अम्बिकापुर के छत पर शेड निर्माण कार्य हेतु राशि रूपये 49.66 लाख की (System Tender No. 191267) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर
Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in ,
Fax No. 07868-221010

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

एकीकृत पंजीकरण प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क कार्य हेतु दिनांक 02.06.2026 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	एन.आई.टी. नंबर	टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
1	2	3	4	5
01	11	191152	जिला कांकेर के कुरिष्टीकुर नदियापारा पहुँच मार्ग लंबाई 1.416 कि.मी. निर्माण कार्य।	171.88 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, से निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल एवं विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की व देखी जा सकती है।

नोटः- ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य (निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।)

डाउनलोड करने की अंतिम तिथि - 02.06.2026 है।

नोटः- द्वितीय आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग कांकेर
मण्डल कांकेर
G-262700838/4

सरकारी नियंत्रण की वैधता का मामला

फैसला बदला, हिंदू मंदिरों पर फिर शुरू होगी सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2025 में दिए अपने पुराने आदेश को वापस ले लिया

सुप्रीम कोर्ट ने ऐसी याचिकाओं पर फिर से सुनवाई शुरू करने का फैसला किया है, जिनमें तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पुडुचेरी में हिंदू मंदिरों और धार्मिक बंदोबस्तियों के प्रशासन को नियंत्रित करने वाले कानूनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सोमवार को किया। यह मामला स्वामी दयानंद सरस्वती बनाम तमिलनाडु राज्य का है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने अप्रैल, 2025 में दिए गए अपने पुराने आदेश को वापस ले लिया। इस आदेश में अदालत ने याचिकाकर्ताओं को संबंधित हाई कोर्ट में जाने के लिए कहा था।

2012 से लंबित याचिकाएं

2012 से लंबित इन मुख्य याचिकाओं में- तमिलनाडु हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम, 1959, आंध्र प्रदेश धर्मार्थ और हिंदू धार्मिक संस्थाएं और बंदोबस्ती अधिनियम, 1987, पुडुचेरी हिंदू धार्मिक संस्थाएं अधिनियम, 1972 और तेलंगाना हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम, 1987 के प्रावधानों को चुनौती दी गई थी। याचिकाओं में जिन प्रावधानों को चुनौती दी गई है, वे आयुक्तों की शक्तियों, कार्यकारी अधिकारियों और ट्रस्टियों की नियुक्ति, मंदिर के के अकाउंट्स, सरप्लस फंड के इस्तेमाल, मंदिर की संपत्ति के हस्तांतरण और हिंदू धार्मिक संस्थानों पर राज्य के सुपरविजन से संबंधित हैं।

याचिकाकर्ताओं का तर्क

याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में अदालत में तर्क दिया है कि ये प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), 19 (पेशे की स्वतंत्रता), 25, 26 और 31ए का उल्लंघन करते हैं। अप्रैल 2025 के अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि याचिकाकर्ता संबंधित हाई कोर्ट्स का रुख कर सकते हैं क्योंकि अलग-अलग राज्यों के कानूनों की व्यवस्था अलग-अलग हो सकती है। बेंच ने कहा था कि जिन राज्यों में ये कानून लागू हैं, वहां के हाई कोर्ट अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में लागू कानूनों को चुनौती देने के मामले की बेहतर जांच कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
राजधानी परियोजना संभाग,
नवा रायपुर अटल नगर

निविदा आमंत्रण सूचना

विज्ञापन क्रमांक – 106

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, राजधानी परियोजना संभाग, नवा रायपुर अटल नगर अंतर्गत छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय पर्यावास भवन, नवा रायपुर में माननीय आयुक्त महोदय एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के कक्ष हेतु कुर्सी, टेबल एवं अन्य साज-सज्जा सामग्री प्रदाय कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है तथा अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, राजधानी परियोजना संभाग, नवा रायपुर अटल नगर के फोन नं. 9424209041 पर संपर्क करें।

S-47862/1 कार्यपालन अभियंता

पश्चिम बंगाल में ओबीसी लिस्ट रद्द, नए सिरे से तय होगी योग्यता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में बीजेपी की सरकार बनाने के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने एक साथ कई बड़े फैसले लिए हैं। राज्य सरकार ने मौजूदा ओबीसी लिस्ट को रद्द करते हुए नए सिरे से इंक्वायरी पैनल बनाकर योग्यता तय करने का फैसला लिया है। बंगाल की कैबिनेट मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि यह निर्णय कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्णय के अनुसार ही लिया गया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की कैबिनेट ने ओबीसी आरक्षण से 77 समुदायों को बाहर करने का निर्णय लिया है। ऐसा कैबिनेट द्वारा ओबीसी सूची में संशोधन को मंजूरी दिए जाने की वजह से होगा।

माल बटोरते सीबीआई के हत्थे चढ़ा डीडीए अफसर

हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली। सीबीआई ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) में रिश्वतखोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक असिस्टेंट विजिलेंस ऑफिसर और एक मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) कर्मचारी को गिरफ्तार किया है।सीबीआई ने 18 मई को यह मामला दर्ज किया था। एजेंसी के अनुसार, शिकायत डीडीए एक पूर्व डिप्टी डायरेक्टर, की ओर से दी गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि डीडीए का असिस्टेंट विजिलेंस ऑफिसर शिकायतकर्ता के खिलाफ चल रहे विजिलेंस मामले में उसके मूल विभाग को "अनुकूल रिपोर्ट" भेजने के बदले 5 लाख रुपये की रिश्वत मांग रहा था।सीबीआई के मुताबिक, बातचीत के बाद रिश्वत की रकम 3 लाख रुपये में तय हुई।

ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा प्रभाग) छत्तीसगढ़
चतुर्थ तल, ब्लॉक-ए, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर 492002
फोन नं.- 0771-2511766
email-handloomraipur@gmail.com

// विज्ञापन //

छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा) नवा रायपुर अंतर्गत भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा एवं भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान बरगढ़' (उड़ीसा) में जुलाई 2026 से प्रारंभ होने वाले शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में एवं लेटरल एंट्री के माध्यम से सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। चांपा संस्थान हेतु प्रथम सेमेस्टर में 30 सीट एवं तृतीय सेमेस्टर में 27 सीट तथा बरगढ़ संस्थान हेतु प्रथम सेमेस्टर में 04 सीट एवं तृतीय सेमेस्टर में 01 सीट पर प्रवेश दिया जाना है। प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 10वीं अथवा समकक्ष परीक्षा अंग्रेजी विषय सहित उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदक की आयु 16 जुलाई 2026 को 15 से 23 वर्ष के बीच एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के आवेदकों की आयु 15 से 25 वर्ष होगी। सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आवेदक गणित, भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान विषयों के साथ (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए अथवा किसी भी वस्त्र विधा के व्यावसायिक विषय में (10+2) की परीक्षा के उत्तीर्ण होना चाहिए अथवा हाईस्कूल (10वीं) परीक्षा उत्तीर्ण के साथ 02 वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) से प्रशिक्षण प्राप्त होना चाहिए अथवा हायर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा के साथ 02 वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) से प्रशिक्षण प्राप्त होना चाहिए। आवेदक की आयु 16 जुलाई 2026 को 17 से 25 वर्ष के बीच तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के आवेदकों की आयु 17 से 27 वर्ष होगी। आवेदन पत्र भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा के वेबसाईट https://iihtchampa.org.in/ से डाऊनलोड किया जा सकता है। दिनांक 10/06/2026 को सायं 5:00 बजे तक भरे हुये आवेदन पत्र स्वअभिप्रमाणित कर ई-मेल के माध्यम से संस्थान के ई-मेल iihtchampacg@gmail.com में भेज सकते है अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से स्वयं उपस्थित होकर प्राचार्य, भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, मड़वा प्लांट रोड, लछनपुर चौक, चाम्पा, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) 495669, मोबाईल नंबर-7049046588 में जमा कर सकते है।

उप संचालक
ग्रामोद्योग संचालनालय
हाथकरघा छत्तीसगढ़ रायपुर
G-262700827/1

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रू. (लाख में)
1	2	3
16/190985	Painting & Distempering Work in Govt. Building Devendra Nagar Colony Raipur Under Construction Sub-Division No-1 Nava Raipur (C.G.)	रू. 100.00 लाख
17/190986	Special Repair & M.O.W. Work for Govt. Building Devendra Nagar Colony Raipur Under Construction Sub Division No.-1, Atal Nagar Nava Raipur (C.G.)	रू. 100.00 लाख
18/191240	Annual Repair Work for Govt. G.A.D. Building Under Construction Sub Division No.1, Atal Nagar Nava Raipur (C.G.)	रू. 75.00 लाख
19/191241	Special Repair & M.O.W. Work for Govt. Building Under Construction Sub Division No.1, Atal Nagar Nava Raipur (C.G.)	रू. 100.00 लाख
20/191242	Painting & Distempering Work for Govt. G.A.D. Building Under Construction Sub Division No.1, Atal Nagar Nava Raipur (C.G.)	रू. 100.00 लाख
21/191243	S.R. WORK ON VARIOUS M.D.R. & VILLAGE ROAD, UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG) RAIPUR (C.G.)	रू. 100.00 लाख

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 08.06.2026 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग
रायपुर मंडल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)
G- 262700846/2

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 14.05.2026

-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-
(प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक **04.06.2026** तक आमंत्रित की जाती हैः-

निविदा आमंत्रण सू.क्र. / सि.क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाख में)
51/190934	छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के विभिन्न भवनों में फायर फाइटिंग, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, डी.जी. प्लेटफार्म, यूएमपी रूम एवं लिफ्ट पिट वाटर प्रुफिंग का निर्माण कार्य	51.26
52/190936	लोक निर्माण विभाग अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत सतमरा से डांडेसरा के कि. मी. 1/2 से 4/2 = 3.20 कि.मी. (कि.मी. 3/6 एवं 3/2 में 200 मीटर का निर्माण कार्य	27.12
53/190937	लोक निर्माण विभाग संभाग मानपुर-मोहला-अं. चौकी के अंतर्गत विभिन्न मार्गों का साधारण मरम्मत कार्य	20.00

टीप 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल एवं विभागीय वेबसाइट **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है ।

2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जावे।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
G-262700794/2

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
सेतु निर्माण मण्डल रायगढ़ (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 15.05.2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु प्रथम ऑनलाईन निविदा 'डी' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 04.06.2026 तक है ।

क्र.	एन.आई.टी क्र. / निविदा क्रं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
01	NIT NO. 38 Tender No. 190750	जिला जांजगीर चांपा के केरा-बिर्रा मार्ग पर हसदेव नदी पर निर्मित पुल के वियरिंग सतह पर मास्टिक एवं डामरीकरण कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	रू. 78.51 लाख
02	NIT NO. 39 Tender No. 190751	जिला सक्ती के बिर्रा- भटगांव मार्ग पर महानदी पर निर्मित पुल की वियरिंग सतह पर मास्टिक एवं डामरीकरण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	रू. 79.98 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है । **(राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पर एनेक्जर - 3 का शपथ पत्र, बिड केपेशिटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एन.आई.टी. के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें)**

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें ।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. सेतु मण्डल, रायगढ़
G- 262700799/4

कार्यालय नगर पंचायत बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
फोन नं. 07752-259219 E-mail: cmobilha@gmail.com

क्र./130/निविदा/न.पं./2026-27
बिल्हा, दिनांक 18/05/2026

ऑनलाईन निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा फार्म "A" में प्रतिषत दर में कम/एस.ओ.आर. दर/अधिक निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम टेण्डर नम्बर	कार्य का विवरण	ई- निविदा प्रारंभ की तिथि	ई- निविदा की अंतिम तिथि	निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि	ई- निविदा खोलने की तिथि
191207	Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of BILHA, Chhattisgarh (37.32 Lakh) (1st Call)	18.05.2026 17.30	09.06.2026 17.30	11.06.2026 16.00	11.06.2026 17.30

टीपः- (1) यह जानकारी www.cg.uad.gov.in एवं https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती हैं। (2) उपरोक्त कार्यों की निविदा शर्तें / विस्तृत तृतीय ई-निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण विभाग शाखा में/ ऑनलाईन अवलोकन किया जा सकता हैं। (3) अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य किया जावेगा।

"पेड़ लगाओं, पृथ्वी को फिर से ठंड़ा बनाओं"

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत बिल्हा

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, मोहला - मानपुर - अं. चौकी (छ.ग.)
E-mail - eemohla-phe@cg.gov.in

// ई-प्रोक्योरमेंट //
द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना (रिस्क एंड कास्ट)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र- "अ" में जल जीवन मिशन अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम/रेट्रोफिटिंग योजनांतर्गत जिला मोहला-मानपुर-अ.चौकी के विभिन्न विकासखंडो के विभिन्न ग्रामो में **रिस्क एवं कास्ट** में अधूरे छोड़े कार्य जिसमे UPVC / HDPE पाईप लाईन जोड़ने बिछाने, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, स्वीच रूम, उच्चस्तरीय जलागार के चारों ओर बाउंड्रीवॉल निर्माण, सबमर्सिबल पंप का प्रदाय एवं स्थापना कार्य, विद्युत विभाग (CSPDCL) से इलेक्ट्रिक कनेक्शन, इलेक्ट्रोक्लोरीनेटर स्थापना, क्लोरीनेटर रूम, घरों एवं शासकीय संस्थानों में कार्यरत नल कनेक्शन प्रदाय आदि एवं अन्य समस्त कार्य, टेस्टिंग, 03 माह का ट्रायल रन, 06 माह तक संचालन संधारण का कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित, संलग्न शेड्यूल अनुसार) की निविदाएं दिनांक 18.05.2026 से ऑन लाईन पर आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्य के निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** से दिनांक 25.05.2026 से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक 08.06.2026 (शाम 5:30 बजे) तक है।निविदा में जारी एस.ओ.आर. **PHE दिनांक 01.06.2020 से लागू एवं संशोधन 05/2021.22 तक तथा PWD 2015 का दिनांक 07.04.2016 से लागू समस्त संशोधन सहित पर तैयार किया गया है।**

क्र.	निविदा क्रमांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	योजना / ग्राम का नाम	निविदा की लागत (रू. लाख में)
1	21	191147	मोहला	भालापुर	7.75
2	22	191148	चौकी	लेड़ीजोब, पीपरखार, मुंगेशीटोला	62.19
3	23	191149	मानपुर	मालेर, तुमडीकसा, नेड़गांव	73.30
4	24	191150	मानपुर	पांचालफड़की, खवासफड़की, नवागांव	83.45

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड,
मोहला - मानपुर - अं. चौकी (छ.ग.)
G-262700818/4

कार्यालय कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ0ग0)(आदिवासी विकास शाखा)
Phone No. 07856-252441, Fax No. 07856-252441,
Email : actd.dantewada@nic.in

क्रमांक / 570 / आ.वि. / निर्माण / डी.एम.एफ. / 2025-26
दन्तेवाड़ा, दिनांक 14/05/2026,

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना
(द्वितीय ई-निविदा सूचना)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से निम्नलिखित कार्यों के लिए कार्यालय कलेक्टर, (सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा) जिला दन्तेवाड़ा के कार्यालय में नीचे दर्शाए गए : "B"- श्रेणी एवं इससे ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. ई-निविदा प्रारंभ तिथि- 18.05.2026 / 11.00 बजे से
2. ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि / समय - 05.06.2026 / सांय 5.30 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र की चालान एवं अमानत राशि (एफ.डी.आर.) स्पीड पोस्ट द्वारा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि / समय- 12.06.2026 / सांय 5.30 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि / समय- 15.06.2026 / 11.00 बजे से

स. क्र.	ऑनलाईन निविदा क्रमांक	कार्य का नाम / स्थान का नाम	निविदा की राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में)	अमानत राशि (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित)
1	2	3	4	5	6	7
1	190929	100 सीटर बालक आश्रम गुड़से का भवन निर्माण कार्य	212.24	3000/-	1,06,200/-	18 माह

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट-https://eproc.cgstate.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास, दन्तेवाड़ा
G-262700780/5

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि :- 18.05.2026

:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें **http://eproc.cgstate.gov.in**
02. संबंधित संभाग-स.क्रं. 1 से 7 अम्बिकापुर एवं स.क्रं. 8 सूरजपुर संभाग
03. स.क्रं. 01 - 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार एवं स.क्रं. 02 से 08 - 'द' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 10.06.2026

सरल क्र.	एन.आई. टी. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4
1	25	लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग क्रं. 1 अम्बिकापुर के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	131.66
2	26	लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग क्रं. 1 अम्बिकापुर के अंतर्गत विकासखण्ड लखनपुर एवं उदयपुर में विभिन्न शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	27.60
3	27	लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग क्रं. 1 अम्बिकापुर के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	15.00
4	28	लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग सीतापुर के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	15.00
5	29	लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग क्रं. 2 अम्बिकापुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू एम एम पैच रिपेयर का कार्य इमल्सन के साथ। (प्रथम आमंत्रण)	14.99
6	30	लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग सीतापुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू एम एम पैच रिपेयर का कार्य इमल्सन के साथ। (प्रथम आमंत्रण)	15.00
7	31	लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग क्रं. 1 अम्बिकापुर के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू एम एम पैच रिपेयर का कार्य इमल्सन के साथ। (प्रथम आमंत्रण)	15.00
8	32	शासकीय पोलिटेक्निक परिसर सूरजपुर में 06 नग जी टाईप क्वार्टर का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	73.13

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर
G-262700815/6

खबर संक्षेप

गबन की राशि न लौटाने वाले 11 पूर्व सरपंचों को जेल भेजने का आदेश

नवापारा-राजिम। क्षेत्र के 11 पंचायतों के पूर्व सरपंचों को न्यायालय एसडीएम अभनपुर की ओर से 30 दिनों के लिए जेल भेजने का आदेश जारी किया गया है, जिससे हड़कंप मच गया है। यह आदेश उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान शासकीय राशि का गबन और उस राशि को राजकोष में जमा करने के आदेश का उल्लंघन करने पर जारी किया गया है। 30 दिनों का जेल भेजने का आदेश जारी किए जाने के पहले उन सभी पूर्व सरपंचों को न्यायालय एसडीएम अभनपुर की ओर से मांग नोटिस जारी करने के साथ ही उनकी चल/अचल संपति जब्त करने की कार्रवाई भी गई थी, लेकिन इसके बावजूद संबंधित राशि चुकाने के लिए पर्याप्त साधन होने के बाद भी संबंधित पूर्व सरपंचों द्वारा गबन की गई शासकीय राशि जमा करने में हीलाहवाली किया जा रहा था।

इन पूर्व सरपंचों के खिलाफ जारी किया गया आदेश- जिन पूर्व सरपंचों के विरुद्ध इस आशय का आदेश जारी किया गया है उनमें सेवाराम यादव (पूर्व सरपंच घोंठ) 1 लाख 96 हजार रुपए, गोपाल ध्रुव (पूर्व सरपंच कुरु) 80 हजार रुपए, गोपेश ध्रुव (पूर्व सरपंच आलेखुंटा) 50 हजार रुपए, तुलसीराम बारले (पूर्व सरपंच खोला) 20 हजार 927 रूपए, रामेश्वर प्रसाद डहरिया (पूर्व सरपंच परसुलीडीह) 5 लाख 90 हजार 387 रुपए, थनवार बारले (पूर्व सरपंच पचेड़ा) 3 लाख 80 हजार रुपए, सावित्री यादव (पूर्व सरपंच गोतियारडीह) 2 लाख 47 हजार 34 रुपए, धर्मेंद्र यदु (पूर्व सरपंच चंपारण) 30 हजार 700 रुपए, राधेश्याम लहरी (पूर्व सरपंच घुसेरा) 80 हजार रुपए, तुकाराम कारले (पूर्व सरपंच भोथीडीह) 2 लाख रुपए और सेवेंद्र तारक (पूर्व सरपंच तोरला) 1 लाख 56 हजार 915 रुपए शामिल हैं ।

गर्मी से बेहाल हाथी ने खेत में बनी टंकी के पानी से किया स्नान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- सूंड से भरकर पानी अपने शरीर पर डाला

इन दिनों आसमान से बरस रही आग ने इंसानों के साथ-साथ जंगल के बेजुबान जीवों का भी जीना मुश्किल कर दिया है। भीषण गर्मी और सूखते जलस्रोतों के बीच रायगढ़-ओडिशा सीमा से एक ऐसा नजारा सामने आया, जिसने लोगों का दिल जीत लिया।

यहां गर्मी से परेशान एक विशालकाय हाथी राहत की तलाश में गांव के पास बने पोखर तक पहुंच गया और फिर जो हुआ, उसे देखकर ग्रामीण भी मुस्कुरा उठे। इस संबंध में बताया जा रहा है कि जंगल में पानी की तलाश करते-करते यह हाथी गांव के करीब पहुंचा। जैसे ही उसकी नजर पोखर पर पड़ी, मानो उसे गर्मी से छुटकारे का खजाना मिल गया हो। फिर क्या था गजराज सीधे पानी में उतर गया और सूंड में पानी भर-भरकर अपने शरीर पर डालने लगा। कभी वह पानी उछालता नजर आया तो कभी पूरे आराम से पोखर में खड़े होकर गर्मी भगाता दिखा।

चिलचिलाती धूप के बीच हाथी का यह स्नान' देख वहां मौजूद ग्रामीण भी हैरान रह गए। हाथी के इस दिलचस्प अंदाज को ग्रामीणों ने अपने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

पानी की कमी को लेकर चिंता जाहिर कर रहे लोग

लोग इस वीडियो को देखकर एक तरफ जहां गजराज की मासूमियत पर प्यार लुटा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ जंगलों में पानी की कमी को लेकर चिंता भी जता रहे हैं। बता दें कि इस भीषण गर्मी में वन्य जीवों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि गर्मी की वजह से मनुष्य सहित वन्यजीवों को भी काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है। सूत्र बता रहे है कि ग्रामीण क्षेत्र में लगे तालाबों में रोजाना हाथियों की मौजूदगी देखी जा रही है।

कोरबा में ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर दो युवकों की गई जान, चक्काजाम

सड़क हादसों में चार लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छट्ठी कार्यक्रम के लिए सब्जी लेने पहुंचे दो रिश्तेदार मोटरसाइकिल में सवार होकर सब्जी लेकर अपने गांव लौट रहे थे कि बीच रास्ते में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के होते ही स्थानीय लोग और रिश्तेदारों का आक्रोश फूट पड़ा। लोगों ने घटनास्थल पर ही चक्काजाम कर दिया। प्रशासन व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और समझाइश देने का प्रयास करती रही लेकिन देर रात तक हंगामा होता रहा। बाद में किसी तरह समझाइश के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चाकाबुढ़ा निवासी प्रकाश उइके 25 वर्ष पिता सुखसिंह उइके व रिश्तेदार नानबाका कटघोरा निवासी बलदेव नेटी 24 वर्ष पिता नारायण सिंह नेटी अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 बीसी 5310 में सवार होकर चाकाबुढ़ा से सब्जी लेने ग्राम जवाली गये हुए थे जहां से सब्जी लेकर दोनों मोटरसाइकिल में शाम लगभग 7:30 बजे वापस चाकाबुढ़ा लौट रहे थे कि बीच रास्ते पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल सवार प्रकाश उइके और बलदेव सिंह नेटी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के होने के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों को आक्रोश फूट पड़ा और स्थानीय लोगों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर घटनास्थल चाकाबुढ़ा में ही चक्काजाम कर दिया। पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंची और प्रशासन द्वारा समझाइश देने का दौर शुरू हुआ लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। देर रात लगभग 12:30 बजे तक हंगामा होता रहा और चक्कर जाम चलता रहा। बाद में प्रशासन और पुलिस की ओर से ग्रामीणों को समझाइश दी गई और मृतक के परिजनों को 25-25 हजार रुपए की सहायता की राशि दी गई और दुर्घटना कारित वाहन चालक को तत्काल गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया गया तब जाकर चक्काजाम समाप्त किया गया।

छट्ठी कार्यक्रम के लिए सब्जी लेकर लौट रहा था प्रकाश

बताया जाता है कि बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चाकाबुढ़ा निवासी प्रकाश उइके 15 दिन पहले ही उसके घर में उसके एक पुत्री ने जन्म लिया था जिसके जन्म पर उसके घर में छट्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया था। सोमवार को उसके घर में धूमधाम से छट्ठी कार्यक्रम मनाया जा रहा था। शाम को रिश्तेदारों के आने पर प्रकाश और उसके रिश्तेदार बलदेव उसी शाम को सब्जी लेने के लिए ग्राम जवाली गये हुए थे। जहां से वापस लौटने के दौरान हादसे के शिकार हो गए। हादसे में दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई।

तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी मारी टक्कर, दो ने तोड़ा दम

धमतरी। नेशनल हाईवे से होते हुए अपने घर चारामा लौट रहे स्कूटी सवार युवकों को तेज रफ्तार वाहन ने ठोकर मार दी। इस हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार चारामा बिजलीपारा निवासी मुजीब खान पिता अहमद उम्र 21 वर्ष सोलर प्लेट लगाने का काम करता था। सोमवार को युवक अपने दोस्त इंदर किरी के साथ उसी की स्कूटी में काम से कांकेर गया था जहां से दोनों दोस्त सोमवार की रात्रि वापस अपने घर चारामा लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे में ग्राम खेसरा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन, स्कूटी को जोरदार टक्कर मार मौके से फरार हो गया। वाहन की ठोकर से स्कूटी सवार इंदर किरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे में मुजीब खान गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए चारामा अस्पताल पहुंचाया गया। घायल की गंभीर हालत को देख डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल धमतरी रिफर कर दिया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने मंगलवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

कर्मचारी सप्ताह में दो दिन घर से काम

हाईकोर्ट में समर वेकेशन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की जाएगी सुनवाई

बिलासपुर। समर वेकेशन में सुनवाई के लिए हाईकोर्ट में नई व्यवस्था की गई है। इसमें ग्रीष्म अवकाश 2026 के दौरान उच्च न्यायालय में मामलों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी, ताकि अनावश्यक आवाजाही कम हो। हालांकि अपरिहार्य कारणों से वर्चुअल मोड में शामिल नहीं हो पाने वाले अधिवक्ता भौतिक रूप से उपस्थित हो सकते हैं। न्यायालय उचित समझे तो भौतिक सुनवाई का निर्देश भी दे सकता है। इसके साथ ही तय किया गया है कि उच्च न्यायालय और जिला न्यायपालिका के कर्मचारी सप्ताह में 2 दिन तक घर से काम कर सकेंगे। इसके साथ ही कार्यालयीन कार्यों के लिए कम से कम 50% स्टाफ कार्यालय में मौजूद रहेगा। इसके साथ ही घर से काम करने वाले कर्मचारी फोन और अन्य आधिकारिक माध्यमों पर उपलब्ध रहेंगे।

- कार्यालयीन कार्यों के लिए कम से कम 50% स्टाफ रहेगा मौजूद

कार-पूलिंग का भी प्रोत्साहन : इसके अलावा राज्य के न्यायिक अधिकारियों, रजिस्ट्री अधिकारियों और मंत्रालयीन कर्मचारियों के लिए वाहन पूलिंग का प्रस्ताव भी रखा गया है। साथ ही ईंधन के बेहतर उपयोग करने आपस में कार-पूलिंग के लिए प्रोत्साहित किए गए हैं। इसमें एक ही वाहन को एक से ज़्यादा लोगों के बीच साझा करते हुए आफिस पहुंचा जा सकता है। नई व्यवस्था के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और लॉजिस्टिक सपोर्ट की व्यवस्था संबंधित रजिस्ट्री अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से कहा गया है कि तकनीक के प्रभावी उपयोग, समन्वय और संस्थागत जिम्मेदारी से न्याय तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित किया जाएगा ताकि राष्ट्रहित में संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल हो सके।

1.76 लाख की नशीली कैप्सूल जब्त, दो गिरफ्तार

जगदलपुर। बोधघाट थाना क्षेत्र में युवाओं को नशे की ओर धकेलने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। थाना क्षेत्र स्थित डोंगरी में ग्राहकों का इंतजार कर रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.76 लाख रूपए की नशीली कैप्सूल बरामद किया है। नशीली कैप्सूल युवाओं को बेचे जाने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। बोधघाट पुलिस को सूचना मिली थी कि मेटगुडा डोंगरी में स्थित शंकर मंदिर के पास दो युवक अपने सयुंक्त कब्जे में रखे कैरी बैग में अवैध प्रतिबंधित कैप्सूल रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे है।

दो पक्षों के बीच संघर्ष, कई घायल

सिमगा। सिमगा के चुचरुंगपुर वार्ड में एक घरेलू विवाद ने देखते ही देखते भीषण खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच हुई इस हिंसक झड़प में लाठी-डंडे, लोहे की रॉड और यहां तक कि लकड़ी काटने वाली मशीन कटर का भी खुलकर इस्तेमाल किया गया। इस खूनी खेल में दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। वहीं अन्य घायलों का इलाज सिमगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रथम पक्ष, बेटी के लापता होने पर भड़ास निकालने पर हुई मारपीटः पुलिस के जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत 16 मई की रात लगभग 9.30 बजे हुआ। चुचरुंगपुर निवासी राधा यदु की पुत्री घर में बिना बताए गांव के ही एक लड़के के साथ कहीं चली गई थी। इसी बात से व्यथित होकर राधा यदु अपने घर के दरवाजे के पास रो-रो कर भड़ास निकाल रही थी।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

एजूकेशन स्पेशल

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

Nursing Course	Duration
B.Sc. Nursing	4 Years
P.B.B.Sc. Nsg	2 Years
M.Sc.	2 Years
Paramedical Course	**Duration**
Lab tech, OT tech, X-Ray tech,Ortho tech	1 Year
Pharmacy Course	**Duration**
D Pharmacy	2 Years
B Pharmacy	4 Years

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc.,P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmacy - 12th pass , Maths, Bio

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS

क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 250 सीटों का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9201622400, 9201641200, 9201631200

आवश्यकता है- स्कूल बस चलाने हेतु रायपुर कोटा हीरापुर टाटीबंध से ड्राइवरों की आवश्यकता हैं वेतन योग्यतानुसार लायसेंस हवी बैच अनुभवी को प्राथमिकता **जय महामाया ट्रेवल्स मो. 9926510520, 9685545594.**(आरो-184)

आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर की न्यूनतम 10वर्ष का अनुभव अनिवार्य समय 9बजे से 8.30 रविवार, 1बजे से 3 बजे तक इच्छुक उम्मीदवार तुरन्त **सम्पर्क करे 9981812999 केम्प-1 रोड नम्बर 18, सुभाष चौक भिलाई नोट शादीशुदा ही सम्पर्क करे.**(RO-021)

आवश्यकता है- रायपुर कार्यालय में मैन्युअल व आटोमेटिक गाडी चलाने हेतु अनुभवी ड्राईवर की। **संपर्क- 11.00-1.00, नवबोध प्रकाशन, 7, समता कॉलोनी, भीमसेन भवन के सामने, रायपुर (छ.ग.) मो.- 0771-4200932.** (RO-306)

टीचर

आवश्यकता है- Teachers Required for Nursery to 12th (English Medium)– All Subjects. Streams for Classes 11th & 12th: Maths, Biology, Commerce, Arts Candidates must be B.Ed./ D.Ed. qualified. Teachers should be fluent in English. Interview: **21.05.2026.** 09:00AM– 12:30PM Raipur Convent Hr.Sec. School, Gudhiyari (8109077721/23), Shivanand Nagar (8109077730), New Rajendra Nagar, Raipur- **8109077729/31** (RO-079)

ठेकेदार/चौकीदार

आवश्यकता है- मंदिर हसौद बहानाकाड़ी फैक्ट्री में ठेकेदार, चौकीदार की आवश्यकता है। ठेकेदार जो लेबर लगा कर कार्य करवा सके, चौकीदार जो फैक्ट्री में रह कर चौकीदारी कर सके **संपर्क करे- 88271-50000.**(RO-A)

फील्ड वर्क

आवश्यकता है- एलआईसी में 12वीं पास लड़कों की आवश्यकता ऑफिस वर्क और फील्ड वर्क के लिए लड़कों की जरूरत है। आकर्षक सैलरी + इंसेंटिव। फ्री ट्रेनिंग दी जाएगी। करियर बनाने का सुनहरा मौका। **इच्छुक उम्मीदवार तुरंत संपर्क करें:- 7470392352.**(RO-179)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ में सोलर प्लांट और सर्विस के लिए मार्केटिंग पर्सन की तत्काल आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार ,**पता- M/S अनय सोलर सॉल्यूशन, मो.- 80853-80557, 91098-30910.** (आरो 275)

देखरेख/ड्रायवर

आवश्यकता है- गाय की सेवा देखरेख के लिए फैमली होना चाहिए एंव ड्रायवर की, ऑफिस के लिए कम्प्युटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। शीघ्र **संपर्क करें शंकर नगर रायपुर मों. - 7003703735, 9340109282.**(RO-177)

आवश्यकता

आवश्यकता है- बिग बास्केट रायपुर में एसोसिएट पद हेतु लडकी की आवश्यकता है। मासिक वेतन 13056/- +4000 इंसेन्टीव+ पीएफ+ इएसआइसी 9 घंटे शिफ्ट उम्र 35 वर्ष शिक्षा 10वी पास **संपर्क 8319666100 पता शताब्दी नगर/मोवा** (RO-4129)

ड्रायवर

आवश्यकता है- पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के-लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग करके (22500-64500) महीना कमाऐ, फन्ड+ बोनस- **9217961955. 8527765400.**(RO-061)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - महालक्ष्मी फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज), (30% छूट) **संपर्क:- 9039310732 , 8280401638.**(RO-059)

Property प्रापर्टी

मकान

मकान बेचना है- विक्रय हेतु नया 2BHK मकान भाठागांव, रायपुर वॉलफोर्ट सिटी के पास 936 वर्गफुट प्लाट पर निर्मित, नया व तुरंत रहने योग्य कीमत 48,00,000/- **संपर्क :- 93000-77897, 8770154998.**(RO-4127)

मकान बेचना है- बिलासपुर मंगला हाउसिंग बोर्ड में गार्डन फेसिंग 2BHK मकान कीमत 25 लाख रुपए में अति शीघ्र बेचना है खरीददार **सम्पर्क करें- 7898855268 (कृपया ब्रोकर सम्पर्क ना करें)** (RO-40894)

Appointment आवश्यकता

सुरक्षागार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 45, सुपरवाइजर 9 फील्ड अधिकारी 5, कंप्यूटर ऑपरेटर 2 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा आवास भोजन फ्री **संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019, 7746000019.**(आरो-015)

ड्रायवर

आवश्यकता है- आशीर्वाद किराया भंडार में पंडाल काम हेतु ड्रायवर की आवश्यकता है । जो गाड़ी लोड- अनलोड कर सके । वेतन 12000/- समय सुबह 9:00 से 8:30 बजे तक **पता- सुहागा मंदिर ब्राहमण पारा रायपुर संपर्क करें- मो. 9826182338.**(आरो-185)

हरिभूमि क्लासीफाईड

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

सोरायसिस एवं चमड़ी रोग

प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।

इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक
आई.एस. ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी.के. अग्रवाल
बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659,93039-48500
96177-89223,93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

प्रधानमंत्री मोदी ने नार्डिक देशों के समकक्षों के साथ की स्वच्छ ऊर्जा, व्यापार पर चर्चा

आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आइसलैंड, फिनलैंड और डेनमार्क के अपने समकक्षों के साथ अलग-अलग बैठकों के दौरान स्वच्छ ऊर्जा, व्यापार, सतत विकास और डिजिटलीकरण जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने ये बैठकें तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन से पहले कीं। आइसलैंड की प्रधानमंत्री क्रिस्ट्रन फ्रॉस्टडॉटिर, फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो और डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ अपनी बातचीत के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और तीनों नॉर्डिक देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की समग्र दिशा पर चर्चा की। मोदी ने बैठक के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'आइसलैंड की प्रधानमंत्री क्रिस्ट्रन फ्रॉस्टडॉटिर के साथ मेरी एक शानदार मुलाकात हुई। भारत आइसलैंड के साथ अपनी मित्रता को बहुत महत्व देता है।' उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने स्वच्छ ऊर्जा, मत्स्य पालन, सतत विकास, भू-तापीय ऊर्जा तथा कार्बन कैप्चर और स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। मोदी ने कहा, 'ब्लू इकोनॉमी से संबंधित क्षेत्रों में आइसलैंड की क्षमता सराहनीय है। हमें उम्मीद है कि ऐतिहासिक भारत-ईएफटीए टीईपीए व्यापार और निवेश संबंधों को भी गति प्रदान करेगा।'

रचनात्मक अर्थव्यवस्था, आर्कटिक सहयोग पर फोकस : विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के अनुसार ओस्लो में आयोजित तीसरे भारत-

नॉर्डिक शिखर सम्मेलन के इतर मोदी और फ्रॉस्टडॉटिर के बीच हुई चर्चा में नवीकरणीय ऊर्जा, नवाचार, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रचनात्मक अर्थव्यवस्था, आर्कटिक सहयोग और लोगों के बीच आपसी संपर्क जैसे मुद्दे भी शामिल रहे। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'नेताओं ने आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।' फिनलैंड के प्रधानमंत्री ओर्पो के साथ एक अलग बैठक में, मोदी ने व्यापार और निवेश, डिजिटलीकरण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), 5जी और 6जी, क्वांटम प्रौद्योगिकियों, सतत विकास, नवीकरणीय ऊर्जा और चक्रीय अर्थव्यवस्था में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

शिक्षा, गतिशीलता पर भी चर्चा : जायसवाल ने बताया कि उन्होंने नवाचार, शिक्षा, गतिशीलता और लोगों के बीच संबंधों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने 'भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के शीघ्र लागू होने के महत्व पर जोर दिया' और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। मोदी ने बैठक के बाद एक पोस्ट में कहा, 'भारत और फिनलैंड के बीच इस वर्ष व्यापक सहयोग देखने को मिला है। प्रधानमंत्री ओर्पो एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत आए थे। आज की हमारी बैठक का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को नयी ऊर्जा प्रदान करना है।'

यह कहा पीएम मोदी ने

प्रधानमंत्री मोदी ने डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ 'सार्थक' बातचीत की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'हाल के वर्षों में भारत-डेनमार्क की मित्रता में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।' दोनों नेताओं ने नवीकरणीय ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपाय, जल प्रबंधन, हरित परिवहन, डिजिटलीकरण और खाद्य प्रसंस्करण सहित सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की। मोदी ने कहा, 'आने वाले वर्षों में वित्तीय प्रौद्योगिकी, उद्योगों, रक्षा, नवाचार और अन्य क्षेत्रों में इसी तरह का तालमेल देखने को मिल सकता है। हमने डेनमार्क के पेंशन फंड को भारत में अपने निवेश का विस्तार करने के लिए आमंत्रित किया है। हमें पूरा विश्वास है कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता हमारी दोनों अर्थव्यवस्थाओं पर गहरा प्रभाव डालेगा।'

ये हैं नार्डिक देश

नॉर्डिक देश उत्तरी यूरोप और उत्तरी अटलांटिक में स्थित एक भू-राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र को संदर्भित करते हैं। इसमें डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन शामिल हैं। पांचों नॉर्डिक देशों की संयुक्त जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) 1.9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है और वे नवीकरणीय ऊर्जा तथा सतत समुद्री शासन के वैश्विक मानकों में अग्रणी हैं। ओस्लो में तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जिसमें मोदी और नॉर्वे, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड तथा स्वीडन के नेता एक साथ भाग ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री का 20 मई तक है दौरा

प्रधानमंत्री 15 से 20 मई तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली के दौरे पर हैं। नॉर्वे से मोदी अपने दौरे के अंतिम चरण में इटली जाएंगे। रेकजेविक स्थित भारतीय दूतावास की वेबसाइट के अनुसार, भारत और आइसलैंड के बीच घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध हैं, और आइसलैंड के लोग योग, शास्त्रीय संगीत, नृत्य, फिल्मों और खान-पान सहित भारतीय संस्कृति में गहरी रुचि रखते हैं। वर्तमान में लगभग 600 भारतीय नागरिक आइसलैंड में रह रहे हैं। मार्च 2024 में नयी दिल्ली में भारत और 'यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन' (ईएफटीए) के बीच हुए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर के बाद द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा मिला। स्विट्जरलैंड, लिकटेंस्टाइन और नॉर्वे के साथ आइसलैंड ईएफटीए के चार सदस्य देशों में से एक है।

जैकेट के शेष

शाह बोले-जैसे ...

के प्रारूप के अनुरूप ही राज्यों का प्रारूप लागू करें और राज्यों की हेल्पलाइन के कॉल सेंटर को अपडेट करें। गृह मंत्री ने कहा कि आपराधिक न्याय प्रणाली की तीनों नवीन न्याय संहिता पर बहुत अच्छा अमल हुआ है। उन्होंने कहा कि अब भी इसमें बहुत सारे मुद्दे ऐसे हैं जिनके क्रियान्वयन पर हमें बल देना होगा। उन्होंने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य हैं। उत्तर के हिमालय क्षेत्र से लेकर गंगा-यमुना के मैदानी भूभाग से लेकर मध्य भारत के पठारी, वन समृद्ध और खनिज समृद्ध क्षेत्र इस क्षेत्र में आते हैं, जो निश्चित रूप से देश के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होने कहा कि यह क्षेत्र हमें देश के अनाज के भंडारों को भरने में बड़ी मदद करता है। इस क्षेत्र के समृद्ध खनिज भंडार से देश के विकास को गति मिलती है और इसी क्षेत्र की समृद्ध विरासत और संस्कृति ने देश को आगे बढ़ाने में मदद की है। इसी क्षेत्र में देश के आस्था के सभी केंद्र करीब-करीब एक ही जगह पर आए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ लगभग सात राज्यों को जोड़ता है और इस दृष्टि से पूरे मध्य क्षेत्र का बहुत महत्व है।

5 किलोमीटर के दायरे में बैंक की सुविधा बड़ी उपलब्धि : अमित शाह ने कहा कि शहरी नियोजन, जन स्वास्थ्य, वित्तीय समावेशन और बिजली सुधार के चारों क्षेत्र में भी और अधिक गति से कार्य करें। उन्होंने अपील की कि हमारा कम से कम 50 प्रतिशत ध्यान ग्रामीण विकास और व्यक्ति को मजबूत बनाने वाली योजनाओं पर रहना चाहिए। हर 5 किलोमीटर के दायरे में बैंक की सुविधा उपलब्ध होना बड़ी उपलब्धि है।

छत्तीसगढ़ की पूर्व ....

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 24 अगस्त 2024 को सभी राज्यों के डीजी की बैठक में 31 मार्च 2026 को नक्सलमुक्त भारत की घोषणा की गई और यह सफलता सुरक्षाबलों के पराक्रम, साहस और बलिदान के कारण संभव हो सका है। छत्तीसगढ़ और बस्तर के कई क्षेत्रों में विकास नहीं होने का कारण नक्सलवाद रहा है। हमने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के सम्पूर्ण विकास की परिकल्पना को लांच किया है। नेतानार में कल शहीद गुंडाधुर सेवा डेरा का उद्घाटन किया गया। केरल राज्य से बडे बस्तर के इस भूभाग को नक्सल मुक्त करने बस्तर संभाग के 200 सुरक्षा कैम्प में से प्रथम चरण में लगभग एक तिहाई यानि 70 कैम्प को सेवा डेरा में तब्दील करेंगे। इसमें स्पष्ट है कि सरकार गांव के दरवाजे तक विकास लेकर जाएगी।

पेज एक के शेष

विष्णु की योजना ....

कभी कट भी नहीं होती है और इनको हर माह 30 यूनिट बिजली मुफ्त भी मिलती है, बाकी का इनसे पैसा लिया जाता है। लेकिन ज्यादातर उपभोक्ता पैसा जमा ही नहीं करते हैं। ऐसे में बकायेदारों से बकाया की वसूली के लिए मुख्यमंत्री समाधान योजना का प्रारंभ किया गया है। इस योजना में सरचार्ज को पूरी तरह से माफ कर दिया गया है। इस योजना में अब तक करीब साढ़े सात लाख उपभोक्ताों ने पंजीयन भी करा लिया है।

आईएएस एसोसिशन ने भी उठाया फायदा : समाधान योजना के आने के बाद इसका फायदा जहां आम उपभोक्ता उठा रहे हैं, वहीं राजधानी के आईएएस एसोसिएशन ने भी उठाया। यह एसोसिएशन बरसों से बिजली बिल जमा ही नहीं कर रहा था। इस पर 65 लाख 52 हजार 341 रुपए का बकाया हो गया था। ऐसे में एसोसिएशन ने भी समाधान योजना में अपना बिल जमा करने का काम किया। एसोसिएशन को सरचार्ज के 46 लाख 29 हजार 120 रुपए माफ हो गए तो उसका बिल मूल बिल 19 लाख 23 हजार 221 रुपए हो गया। इस बिल के साथ वर्तमान का भी कुल बिल एसोसिएशन ने जमा किया है। एसोसिएशन ने करीब 23 लाख का बिल पटाया है।

केमिस्टों की छत्तीसगढ़ ....

संघों ने देशव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। हड़ताल के दौरान आवश्यक दवा अथवा अन्य सर्जिकल सामग्रियों के कारण जनस्वास्थ्य पर विपरीत असर ना हो इसके लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अफसर समन्वय बनाए हुए हैं। राजधानी में आपात स्थिति में लोगों को जरूरी दवा मिल सके इसके लिए वैकल्पिक इंतजाम किया गया। थोक एवं रिटेल दवा बाजार बंद रहने के दौरान सरकारी अस्पतालों के मेडिकल स्टोर्स के साथ प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र और धनवंतरी दवा दुकानों को खुला रखा जाएगा। इसके अलावा राजधानी समेत जिले के शासकीय और निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम की दवा दुकान बिना किसी विरोध के संचालित होगी। साथ ही विभागीय निर्देश पर जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने इस एक दिनी हड़ताल के दौरान जनहित एवं रोगी सेवा तथा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक दवाओं एवं स्वास्थ्य उत्पादों की उपलब्धता बनाए रखने में सहयोग प्रदान करेंगे। आपात स्थिति में औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने मेडिकल कॉम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान स्थित एसोसिएशन कार्यालय में संपर्क करने की व्यवस्था की गई है। साथ ही दवा संबंधी किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन के जिला कार्यालय, पुराना नर्सेस हॉस्टल में संपर्क किया जा सकता है।

दवा कारोबारियों का तर्क : जिला दवा विक्रेता संघ के उपाध्यक्ष अश्विनी विग ने कहा कि अनियंत्रित ई फार्मेसी संचालन एवं अत्यधिक छूट आधारित व्यापार व्यवस्था से पारंपरिक औषधि वितरण प्रणाली प्रभावित हो रही है। इससे छोटे और मध्य दवा विक्रेताओं के समक्ष अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है। बिना चिकित्सा की पर्ची के दवाओं की बिक्री एंटीबायोटिक एवं आदत बनाने वाली दवाओं की आसान उपलब्धता नकली प्रिस्क्रिप्शन तथा गलत भंडारण जैसे समस्याएं जन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। कोविड-19 के दौरान जारी अधिसूचना क्रमांक 220 की अब आवश्यकता समाप्त होती चुकी है। किंतु उसका दुरुपयोग जारी है जिससे ड्रग एंड कॉस्मेटिक नियमों के तहत आवश्यक सुरक्षा प्रावधान कमजोर हो रहे हैं।

खतरनाक और रेबीज ....

ने कहा कि जिन क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की संख्या चिंताजनक स्तर तक पहुंच गई हो और जहां बार-बार कुत्तों के काटने या आक्रामक हमलों से जनसुरक्षा को लगातार खतरा पैदा हो रहा हो, वहां स्थानीय अधिकारी कुत्तों को 'जान से मारने' का निर्णय ले सकते हैं। पीठ ने कहा कि यह कदम और अन्य कानूनी उपाय पशु चिकित्सा विशेषज्ञों के आकलन के बाद तथा 'पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960', 'पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023' और अन्य लागू वैधानिक प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करते हुए उठाए जाएं। शीर्ष अदालत ने यह आदेश पिछले वर्ष 28 जुलाई को स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले की सुनवाई के दौरान पारित किया। इस मामले में राष्ट्रीय राजधानी में, विशेषकर आवारा कुत्तों द्वारा बच्चों को काटने से रेबीज फैलने की घटनाओं का उल्लेख किया गया था।

मरवाही में दिखा ....

वन मंडल क्षेत्र के आमाडांड और बसंतपुर के बीच जंगल में एक वयस्क सफेद भालू नजर आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान भालू ने एक ग्रामीण पर जानलेवा हमला किया, जिससे ग्रामीण को गंभीर चोट पहुंची। आमाडांड गांव के कुछ ग्रामीण किसी कार्य से जंगल की ओर गए हुए थे। इसी समय आमाडांड और बसंतपुर के बीच घने जंगल में उनका सामना अचानक दुर्लभ सफेद भालू से हो गया। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते और स्वयं को बचाते, भालू ने अधेड़ व्यक्ति पर हमला कर दिया। भालू के अचानक हमले से ग्रामीण घायल हो गया। घटना के समय वहां मौजूद लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए जमकर शोर मचाया, जिसकी आवाज से भालू जंगल की ओर निकल गया। इसके तत्काल बाद घायल हुए ग्रामीण को आनन-फानन में प्राथमिक उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती किया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे घर वापस भेज दिया। दूसरी ओर इलाके में सफेद स्लॉथ बियर के दिखाई देने और ग्रामीण पर हमले की सूचना आग की तरह फैल गई। मौके पर बड़ी संख्या में आसपास के लोगों की भीड़ जमा होने लगी। वहीं वन विभाग की टीम ने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने की समझाइश दी।

आदेश किया जारी, 17 जून यानी एक माह तक दी राहत

अमेरिका ने बढ़ाई रूसी तेल पर प्रतिबंधों में छूट

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिका ने पहले से ही समुद्री परिवहन वाले रूसी तेल पर प्रतिबंधों से दी गई छूट की अवधि एक महीने के लिए बढ़ा दी है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने सोमवार को एक आदेश जारी कर 17 अप्रैल या उससे पहले समुद्र में फंसे रूसी तेल पर पाबंदियों से छूट को 17 जून तक बढ़ा दिया है। वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, '18 मई 2026 से प्रभावी, सामान्य लाइसेंस संख्या 134बी, जो 17 अप्रैल, 2026 को जारी किया गया था और 16 मई, 2026 को समाप्त हो गया था, को इस सामान्य लाइसेंस संख्या 134सी द्वारा पूरी तरह से प्रतिस्थापित और निरस्त कर दिया गया है।'

पहले भी दी थी छूट

अमेरिका ने पांच मार्च से एक महीने के लिए रूसी तेल खरीदने के लिए भारत को प्रतिबंधों से छूट दी थी। कुछ दिनों बाद, इसी तरह की छूट कई अन्य देशों को भी दी गई, जिसकी अवधि 11 अप्रैल को समाप्त हुई। रूसी तेल की खरीद पर लगे प्रतिबंधों से भारत और अन्य देशों को छूट देने वाले सामान्य लाइसेंस को 17 अप्रैल को एक महीने के लिए बढ़ा दिया गया था। सोमवार को अमेरिका द्वारा जारी किए गए सामान्य लाइसेंस में ईरान, उत्तर कोरिया, क्यूबा या यूक्रेन के कुछ हिस्सों में स्थित किसी व्यक्ति, संस्था या संयुक्त उद्यम से जुड़े किसी भी लेनदेन को अधिकृत नहीं किया गया है।

इजराइली सुरक्षा बलों ने एक और जहाज को रोका

यरूशलम। गाजा में नाकेबंदी को चुनौती देने जा रहे कार्यकर्ताओं के एक छोटे जहाज को मंगलवार को इजराइली सुरक्षा बलों ने रोक दिया। छोटे जहाजों की आवाजाही पर नजर रखने वाली एक वेबसाइट के मुताबिक, जहाज को गाजा से लगभग 82 समुद्री मील की दूरी पर रोका गया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

सूचनात्मक सूचना

पी/एनजीपी/एसएस/2024/16/ दिनांक : 18.05.2026

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में वर्ष 2026-27 के लिए निम्नानुसार एक्ट अप्रेंटिस की भर्ती की जाएगी :

नागपुर मंडल / एसईसीआर : 977 पद

वर्कशॉप / मोतीबाग : 102 पद

उपरोक्त पदों की संख्या आवश्यकतानुसार मंडलीय रेलवे प्रशासन के विवेकाधिकार से बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

उम्मीदवार नागपुर मंडल एवं मोतीबाग वर्कशॉप के लिए https://apprenticeshipindia.gov.in वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

अधिसूचना तथा नियम एवं शर्तें एसईसीआर की वेबसाइट https://secr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दी गई हैं।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 19.05.2026 को 11:00 बजे से प्रारंभ होगी तथा 18.06.2026 को 23:59 बजे बंद होगी।

सहायक कार्मिक अधिकारी-III
वरिष्ठ मंडलीय कार्मिक अधिकारी के लिए
द.पू.म. रेलवे/नागपुर

AAA/19/73

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर

पूर्व तट रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.SNTCSBPOT85, दिनांक : 13.05.2026

कार्य का नाम: पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड मण्डल में JSPL केबिन A - केरेजांग, JSPL केबिन A- अनुगुल के बीच तीसरी और चौथी लाइन कार्य के साथ JSPL केबिन A -बलराम साईडिंग के बीच दोहरीकरण के संबंध में JSPL केबिन A पर सिगनलिंग और टेलीकॉम कार्यों का निष्पादन, महत्वपूर्ण सामग्रियों की आपूर्ति, और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (EI) की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग।

अनुमानित लागत: ₹25,25,75,128.00, EMD (₹) : 50,51,500.00, ई-निविदा समाप्त होने की अवधि : 08 (आठ) महीने।

ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: दिनांक 05.06.2026 को 1530 बजे, ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय: दिनांक 05.06.2026 को 1530 बजे)।

संपूर्ण विस्तृत विवरण उपलब्ध होंगे: www.ireps.gov.in में। इंटरनेट द्वारा डाउनलोड किए गए निविदा दस्तावेज एवं कार्यालय में उपलब्ध मास्टर कॉपी के बीच किसी तरह का अंतर होता है, तो कार्यालय की मास्टर कॉपी मान्य होगी और निविदा आवेदनकारी(ओं) पर बन्धनकारी होगा। इस पर किए गए किसी दावे पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

उप मुख्य सिग्नल एंड टेलीकॉम इंजीनियर/निर्माण/ सम्बलपुर

PR-51/CJ/26-27

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग.

// आम सूचना //

जारी दिनांक :- 14/05/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खम्हरिया प.ह.नं.07 रा.नि.म अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्री/श्रीमती शशांक पिता/पति श्री दयाशंकर निवासी ग्राम राजनांदगांव के द्वारा आवेदित भूमि खसरा नं. 118/14, 932/6, 109/5 रकबा 0.09, 0.10, 0.0600 हे. ग्राम खम्हरिया प.ह.नं. 07- रानिम अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के भूमि का सीमांकन/ बटांकन/ बंदोबस्त त्रुटि सुधार/ नक्शा त्रुटि सुधार/ अभिलेख दुरूस्ती/ स्थल जांच हेतु माननीय न्यायालय अविअ (राजस्व)/ नायब तहसीलदार/ तहसीलदार तहसील पाटन जिला दुर्ग के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत माननीय न्यायालय के आदेश दिनांक 27/04/2026 के परिपालन में आवेदित भूमि के हेतु स्थल निरीक्षण एवं सीमांकन कार्य मेरे द्वारा दिनांक 26/05/2026 को समय 12 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त आवेदित भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियो अथवा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि नियत दिनांक के पूर्व जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वे उक्त उपर उल्लेखित नियत तिथि एवं समय के पूर्व कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमलेश्वर अथवा संबंधित ग्राम के पटवारी कार्यालय मे अपने उक्त भूमि से संबंधित दस्तावेज रजिस्ट्री पेपर, किसान किताब या अन्य सुसंगत दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा। सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
अमलेश्वर, तहसील पाटन

कार्यालय नगर पंचायत पाटन जिला-दुर्ग छ.ग

क्र./ 534 /निर्माण /न.पं. /2026 — पाटन दिनांक 19.05.2026

—:: मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ::—

नगर पंचायत पाटन के द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग छ.ग. में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सांसद निधि एवं विधायक निधि मद अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण / विकास कार्य हेतु मैनुअल निविदा "फार्म ए" में प्रतिशत दर पर (P.W.D BUILDING SOR 01.01.2015) में रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से (द्विलिफाफा पद्धति) निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 28.05.2026 समय अपरान्ह 05.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय की तिथि - 02.06.2026 समय अपरान्ह 05.00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 11.06.2026 समय अपरान्ह 04.00 बजे
4. निविदा खोलने की तिथि - 11.06.2026 समय अपरान्ह 05.00 बजे

क्र.	कार्य का नाम	SOR	लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि का एफडीआर	निविदा फार्म शुल्क	कार्यावधि कार्यादेश से
1	भाठापारा वार्ड पाटन मजदूर कल्याण भवन मे सुलभ निर्माण कार्य	PWD Building SOR 2015	1.50	2000.00	300/-	3 माह
2	वार्ड 06 में कलामंच निर्माण कार्य	PWD Building SOR 2015	4.00	4000.00	750/-	6 माह

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग के वेबसाइट में प्रसारित की जावेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पाटन

झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सरायकेला-खरसावाँ

—: ई— अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :—

ई— अल्पकालीन निविदा संख्या :— 01/2026-27/EE/RWD/SRK दिनांक 19.05.2026

1. कार्य का नाम

क्र. सं.	ID No. / पैकेज संख्या	प्रखण्ड का नाम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि अंक में	प्राक्कलित राशि अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	टेंडर कॉल
1.	RWD/ SERAIKELA-KHARSAWAN /STPKG-07 /2024-25.	कुचाई	मरांगहातु से पी0डब्ल्यू0डी0 पथ भाया तिरिलडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई— 2.691 कि0मी0)	13,37,73,553.00	तेरह करोड़ सैंतीस लाख तिहत्तर हजार पाँच सौ तिरपन रू0 मात्र।	18 माह	2nd Call
		कुचाई	डोरो से पतपत तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई— 2.06 कि0मी0)				
		कुचाई	चिरूडीह चौक से पोन्डाकाटा भाया अरूवाँ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई—4.199 कि0मी0)				
		कुचाई	सेरेंगदा से पतपत सीमा भाया नयासाई, साघोडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई— 6.84 कि0मी0)				
		कुचाई	जिलिंगदा से मांगुडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई— 2.506 कि0मी0)				
		कुचाई	पी0डब्ल्यू0डी0 मुख्य पथ से मरांगहातु भाया बुरकुन्डा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई— 3.79 कि0मी0)				

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :— 25.05.2026
3. ई—निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :— 04.06.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :— 06.06.2026 को अपराह्न 03:30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:— कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सरायकेला —खरसावाँ।
8. ई—निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :— 7209661815

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtender.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सरायकेला—खरसावाँ।

PR.NO.380186 Rural Work Department(26-27):D

राशिफल

मेष: खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। लाभ में कमी रहेगी।

वृष: नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

मिथुन: नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

कर्क: शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सन्तान की ओर से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वाद खानपान में रुचि रहेगी।

सिंह: कारोबार में सुधार होगा। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मानसिकता हो सकती है। वाणी में सौम्यता रहेगी।

कन्या: किसी मित्र के सहयोग से नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

तुला: पिता से धन प्राप्त हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

वृश्चिक: तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। सेहत का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाए रखें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

धनु: भाई-बहनों से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

मकर: माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में मेहनत अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि होगी। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे।

कुंभ: कारोबार में कुछ परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। आय में वृद्धि होगी। यात्रा खर्च बढ़ेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

मीन: दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। अपनी भावनाओं का वश में रखें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

श्रद्धा वालकर मामला

कोर्ट ने धीमी प्रगति पर जताया असंतोष

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने श्रद्धा वालकर हत्या मामले में कार्यवाही की धीमी गति पर मंगलवार को असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले तीन महीनों में मामले में वस्तुतः कोई प्रगति नहीं हुई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरगुरविंदर सिंह ने ये टिप्पणी सुनवाई के दौरान की, जिसमें अभियोजन पक्ष ने सबूत पेश किए और गवाहों से जिरह की गई। न्यायाधीश ने मामले में पेश हुए वकीलों को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं इसे पूरी तरह से सुस्ती कहता हूं। तीन महीने बीत चुके हैं - मार्च, अप्रैल और मई। मामले में कोई प्रगति नहीं हुई है।' अदालत ने वकीलों को गर्मी की छुट्टियों के बाद 'तैयार रहने' को कहा। ये टिप्पणी तब आईं जब बचाव पक्ष ने अभियोजन पक्ष के गवाह, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार से तीन महीने से जिरह जारी रखी। मंगलवार को जिरह का सातवां दिन था। कार्यवाही के दौरान, बचाव पक्ष ने मृतक के जबड़े की बरामदगी से संबंधित फोरेंसिक विवरणों में कथित विसंगतियों को लेकर गवाह से सवाल किए।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विद्युत कार्य हेतु निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्याः सीनियर डी.ई.ई. (आर. एस. & जी.)बी.एस.पी./ओ.टी.पी./ 26-27-05, दिनांक 12.05.2026.

कार्य का नामः हाई लेवल कमिटी की सुझाव के अनुसार बिलासपुर सेटलमेंट क्षेत्र में सौर स्ट्रीट लाइट्स, गार्डन लाइट्स और अंडरग्राउंड केबलिंग की व्यवस्था। निविदा मूल्य (लगभग): ₹ 5,56,81,793/-. अमानत राशि: ₹ 11,13,600/-.

निविदा बंद होने की तिथि व समयः 12.06.2026, 15:00 बजे।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण, निविदा दस्तावेज जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, उससे देख सकते है।

वरि. मंडल विद्युत इंजी. (आर.एस.एवं सीपीआर/10/122 सामान्य)/बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

शब्द पहेली - 6231



बाएँ से दाएँ
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरूरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

ऊपर से नीचे
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

शब्द पहेली- 6230 का हल



सूडोकु नवताल - 6241

★★★★☆ मध्यम

5					9	6		
						1	4	
			2	8				
			8				5	2
6								7
1	4				3			
				4	1			
	2	5						
		3	7					4

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6240 का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

खबर संक्षेप

आईओसी का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 56 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी) का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 56 प्रतिशत बढ़कर 11,377.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईओसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चौथी में उसका एकल आधार पर शुद्ध लाभ बढ़कर 11,377.51 करोड़ रुपये हो गया, जो 2024-25 की समान तिमाही में 7,264.85 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि इस तिमाही में उसे पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी को लागत से कम कीमत पर बेचने के कारण भारी नुकसान हुआ। लेकिन इसके बावजूद उसने मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया।

पूर्वांकरा ने चौथी तिमाही में 110 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी पूर्वांकरा लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में 109.95 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से बेहतर आय के कारण कंपनी मुनाफा कमा पाई है।

इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में कंपनी को 88 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 1,540.99 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 563.70 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, पूर्वांकरा लि. का शुद्ध लाभ 56.75 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में उसे 182.92 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

पश्चिम एशिया संघर्ष से बढ़ी महंगाई ने तोड़ी देश के आम आदमी की कमर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट जंग की आंच देश दुनिया से होती हुई अब आपके घर पहुंच गई और आपको पता भी नहीं चला। मिडिल ईस्ट जंग ने मध्यम वर्गीय भारतीयों पर काफी बुरा असर डाला है, जिससे उन्हें रोज़ाना के खर्चों में शामिल कई चीज़ों के लिए ज़्यादा पैसे देने पड़ रहे हैं। साबुन, डिटर्जेंट, दूध, पेट्रोल डीजल से लेकर सोने-चांदी तक सभी की कीमतों में उछाल आया। चाहे एलपीजी की ज़्यादा कीमतें हों जो सीधे खाने की चीजों पर असर डालती हैं या फॉरेन एक्सचेंज के आउटफ्लो को रोकने के लिए ज़रूरी गोल्ड इंपोर्ट ड्यूटी में बढ़ोतरी, इस जंग ने किसी भी सेक्टर को अछूता नहीं छोड़ा है। कई सेगमेंट की कंपनियों ने पहले ही कम से कम एक बार कीमतों में बढ़ोतरी की है और एनर्जी सप्लाई में रुकावट के कारण इनपुट कॉस्ट में बढ़ोतरी को देखते हुए जल्द ही एक और दौर की बढ़ोतरी की भी सोच रही हैं। ब्लू स्टार के एमडी बी त्यागराजन ने इस महीने की शुरुआत में एक अर्निंग्स कॉल में कहा, "मान लीजिए, कल पेट्रोलियम की कीमतें बढ़ती हैं और इस दौरान महंगाई अपने पीक पर होती है, तो कंज्यूमर सेंटिमेंट उन्हें खर्च न करने के लिए मजबूर कर सकते हैं।"

साबुन, डिटर्जेंट, दूध, पेट्रोल-डीजल से लेकर सोने-चांदी तक सभी हुए महंगे

ईंधन की कीमतों में उछाल

फ्यूल की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी से घरों का बजट और बढ़ेगा। अपनी हालिया अर्निंग्स कॉल (फ्यूल की कीमतों में बदलाव से एक दिन पहले) में, टाटा ग्रुप की वोल्टास ने कहा कि फर्म ने कंज्यूमर्स पर कुछ कीमतों में बढ़ोतरी का बोझ डाला है और अगर आगे भी बढ़ोतरी की जरूरत होगी तो वह उसे आगे बढ़ाने के लिए 'तैयार' है।

एसी की कीमतें उछली

इधर ब्लू स्टार ने एनर्जी-चेंज नॉर्म्स की वजह से एसी की कीमतों में औसतन 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है और कच्चे माल की ज़्यादा कीमतों और एक्सचेंज रेट में उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए और 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। एसी बनाने वाली कंपनियां युद्ध से पहले भी कॉपर जैसी कमोडिटी की ज़्यादा महंगाई से जूझ रही थीं और अब डिमांड पर असर एक और चुनौती है जिससे उन्हें आगे निपटना पड़ सकता है।

वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी जानकारी

भारत-यूरोपीय संघ के बीच एफटीए से घरेलू वाहन विनिर्माण को मिलेगी मदद: अधिकारी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारत में अधिक निवेश आकर्षित करने और देश में वाहन विनिर्माण को बढ़ावा देने में मददगार होगा। वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। दोनों पक्षों ने 27 जनवरी को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की। यह समझौता अगले वर्ष से लागू होने की संभावना है। वाणिज्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन ने कहा कि समझौते पर बातचीत के दौरान वाहन क्षेत्र एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र के रूप में सामने आया। इसकी वजह यह है कि भारत में आयात शुल्क अधिक है, लेकिन देश ने इस समझौते के माध्यम से उन चुनौतियों को अवसरों में बदल दिया है। जैन ने कहा कि भारत ने इस क्षेत्र में कोटा-आधारित, दीर्घकालिक समाधान प्रदान किए हैं ताकि यूरोपीय संघ को भी रियायतें मिलें और भारतीय उद्योग को पर्याप्त संरक्षण भी प्राप्त हो। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते पर उद्योग मंडल फिक्की के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''इससे भारत में अधिक निवेश होगा...। भारत में अधिक वाहनों का विनिर्माण होगा और तीसरे देशों को निर्यात बढ़ेगा। इस प्रकार भारत यूरोपीय संघ की मूल्य श्रृंखला में एकीकृत हो जाएगा।''

- दोनों पक्षों ने 27 जनवरी को व्यापार समझौते की बातचीत पूरी की

सात यूरोपीय देशों से अभी बातचीत जारी

जैन ने यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के साथ सामाजिक सुरक्षा समझौतों (एसएसए) पर कहा कि भारत का पहले से ही समूह के 27 सदस्य देशों में से 14 देशों के साथ यह समझौता है। उन्होंने कहा, ''हम इस बारे में सात यूरोपीय देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं और छह अन्य देशों के साथ समझौते की योजना बनाई जा रही है।''

यूरोपीय कारों पर शुल्क धीरे-धीरे 10 फीसदी करने पर सहमति

भारत द्वारा यूरोपीय संघ के साथ एफटीए के तहत आयातित यूरोपीय कारों पर शुल्क को 110 प्रतिशत से धीरे-धीरे घटाकर 10 प्रतिशत करने पर सहमति जताने के बाद, आयातित यूरोपीय कारों की कीमतों में व्यापक रूप से गिरावट आने का अनुमान है। यह शुल्क प्रति वर्ष 2.5 लाख वाहनों पर लागू होगा, जो ब्रिटेन को दिए जाने वाले शुल्क से छह गुना अधिक है।

सामाजिक सुरक्षा कोष में दोहरी राशि का योगदान से बचेंगे

ये समझौते यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में सीमित अवधि के लिए काम करने वाले भारतीय पेशेवरों को सामाजिक सुरक्षा कोष में दोहरी राशि का योगदान करने से बचाने में मदद करते हैं। ये समझौते इस लिहाज से महत्वपूर्ण हैं कि बड़ी संख्या में भारतीय पेशेवर यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में काम कर रहे हैं। जैन ने कहा, ''इनमें से कई लोग एक निश्चित अवधि के लिए काम करते हैं और कई बार जहां हमारे पास सामाजिक सुरक्षा सहायता योजना (एसएसए) नहीं होती है।

40 से अधिक मुक्त व्यापार समझौते किए

भारत और सदस्य देशों में भी सामाजिक सुरक्षा में योगदान देना पड़ता है, लेकिन वे इसका लाभ नहीं उठा पाते। इसलिए हमने यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के साथ सामाजिक सुरक्षा समझौते करने के लिए एक सुगम व्यवस्था बनाई है।'' जैन ने यह भी कहा कि यूरोपीय संघ ने 70 देशों के साथ 40 से अधिक मुक्त व्यापार समझौते किए हुए हैं, जिनसे भारतीय निर्यातकों को लाभ मिल सकता है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.-2, जबलपुर

AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482001

फोन एवं फैक्स नं. : 0761-2622333, ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

निविदा सूचना क्रमांक-08/व.ले.लि./2026-27 जबलपुर, दिनांक..

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.inपर देखी जा सकती है।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी.	कार्य का नाम	आमंत्रण	ठेके की अनुमानित राशि रू. (लाख में)	अमानत राशि रू.	निविदा प्रपत्र राशि रू.	समयावधि
01	2026_PWDRB_507256_pack1	लोक निर्माण विभाग (भ/स), सं.क्र.2, जबलपुर के अंतर्गत मार्गों में मरम्मत, शोल्डर एवं कलवर्ट का कार्य ।	प्रथम	50.00	50000/-	5000/-	04 माह (वर्षा ऋतु सहित)
02	2026_PWDRB_507257_pack1	सिविल लाईन स्थित बंगला नं. 578 में रेनोवेशन का कार्य ।	प्रथम	25.30	50000/-	5000/-	02 माह (वर्षा ऋतु सहित)
03	2026_PWDRB_507259_pack1	पचपेढ़ी उपखण्ड स्थित ऑफीसर्स बंगलों में फ्लोरिंग रेनोवेशन का कार्य ।	प्रथम	19.99	40000/-	2000/-	02 माह (वर्षा ऋतु सहित)
04	2026_PWDRB 507260_pack1	पचपेढ़ी उपखण्ड स्थित ऑफीसर्स बंगलों में किचिन एवं टॉयलेट रेनोवेशन का कार्य ।	प्रथम	19.98	40000/-	2000/-	02 माह (वर्षा ऋतु सहित)
05	2026_PWDRB_507262_pack1	सिविल लाईन स्थित व्ही.आई.पी. बंगलों में छत मरम्मत का कार्य।	प्रथम	19.98	40000/-	2000/-	02 माह (वर्षा ऋतु सहित)
06	2026_PWDRB_507264_pack1	मनखेड़ी कुसली इमलिया मार्ग का मजबूतीकरण का कार्य ।	प्रथम	347.64	347640/-	15000/-	06 माह (वर्षा ऋतु सहित)
07	2026_PWDRB_507265_pack1	जमुनिया घर्रा मार्ग कि.मी. 1/2 पर साईज 6x3x3 मीटर बॉक्स कलवर्ट एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ।	प्रथम	88.94	88940/-	10000/-	06 माह (वर्षा ऋतु सहित)
08	2026_PWDRB_507267_pack1	रानी दुर्गावती समाधि मार्ग के विभिन्न भागों में क्षतिग्रस्त स्लैब कलवर्ट, रिटर्न वॉल का मजबूतीकरण का कार्य ।	प्रथम	111.57	111570/-	12500/-	06 माह (वर्षा ऋतु सहित)
09	2026_PWDRB_507268_pack1	जबलपुर जिला अंतर्गत विभिन्न शहरी मार्ग इन्द्रा नगर से रूकमनी विहार-शारदा चौक- मदनमहल - एल.आई. सी. चौक से शिमला हिल्स तथा सांई नगर-रामपुर- छापर कृष्णा हिल्स का मजबूतीकरण का कार्य ।	प्रथम	337.89	337890/-	15000/-	06 माह (वर्षा ऋतु सहित)

टीपः- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 28.05.2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ /स)
संभाग क्र. 2, जबलपुर

G-13132/26

सुमीत बाजार में फैशन प्रेमियों के लिए कुर्ती मेला एग्जिबिशन

रायपुर। राजधानी में एथनिक और फैशन वियर की बढ़ती मांग के बीच सुमीत बाजार द्वारा आयोजित 'कुर्ती मेला एग्जिबिशन' ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 15 मई से शुरू हुई यह विशेष प्रदर्शनी 31 मई तक चलेगी, जिसमें महिलाओं और युवतियों के लिए आधुनिक डिजाइन और नए फैशन ट्रेंड की कुर्तियों की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई गई है।

- लेटेस्ट डिजाइन की कुर्तियों की विस्तृत रेंज उपलब्ध

199 रुपए से शुरू ट्रेंडिंग कुर्तियों की आकर्षक रेंजः एग्जिबिशन में केजुअल कुर्ती, कॉटन जयपुर प्रिंट कुर्ती, फ्रॉक कुर्ती सेट, को-ऑर्ड सेट, प्लाजो सेट कुर्ती, इंडो-वेस्टर्न कुर्ती और शॉर्ट टॉप कुर्ती जैसे कई आकर्षक विकल्प शामिल किए गए हैं। खास बात यह है कि सभी डिजाइन ग्राहकों को 199 रुपए की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

किफायती दामों में लेटेस्ट फैशन उपलब्ध कराने पर जोर

सुमीत बाजार के प्रबंधन का कहना है कि एग्जिबिशन का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को किफायती दरों पर बेहतर गुणवत्ता और लेटेस्ट फैशन ट्रेंड उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी में हर आयु वर्ग की महिलाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए विभिन्न रंगों और डिजाइनों की विशेष रेंज रखी गई है।

छत्तीसगढ़ समेत तीन राज्यों में आयोजित हो रहा 'कुर्ती मेला'

'कुर्ती मेला एग्जिबिशन' केवल रायपुर ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और ओडिशा के विभिन्न शहरों में स्थित सुमीत बाजार के शोरूम्स में भी आयोजित की जा रही है। आगामी त्योहार और वेडिंग सीजन को देखते हुए यह प्रदर्शनी फैशन प्रेमियों के लिए आकर्षक खरीदारी विकल्प बनकर उभरी है।

जीएनएफसी का मुनाफा 88% बढ़कर 396 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (जीएनएफसी) का मार्च, 2026 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 88 प्रतिशत बढ़कर 396 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल इसी तिमाही में उसका शुद्ध मुनाफा 211 करोड़ रुपये था। कंपनी ने एक नियामकीय सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 2,333 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 2,177 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए, जीएनएफसी का शुद्ध मुनाफा पिछले वित्त वर्ष के 597 करोड़ रुपये से बढ़कर 808 करोड़ रुपये हो गया।

सोना 800 रुपए चढ़ा चांदी 5,000 रुपए टूटी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान बातचीत में कामयाबी के संकेतों से महंगाई के दबाव की चिंता कम होने के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 1.63 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। स्थानीय सर्राफा बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के बंद स्तर 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से 800 रुपये बढ़कर 1,63,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। हालांकि, कमजोर औद्योगिक मांग और वैश्विक बाजार में सुस्त रुख के कारण चांदी की कीमतें 5,000 रुपये घटकर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गईं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''अमेरिका-ईरान के बीच फिर से बातचीत की उम्मीद बढ़ने से मंगलवार को सोने की कीमतों में उछाल आया, जिससे लंबे समय से ऊर्जा संचालित महंगाई दबाव को लेकर कुछ चिंताएं कम हुईं। गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यह कहने के बाद कारोबारी धारणा बेहतर हुई कि उन्होंने ईरान पर सैन्य हमले की योजना रोक दी है, जिससे यह संकेत मिलता है कि इस मामले का एक राजनयिक समाधान अभी भी हो सकता है।

- अमेरिका ईरान बातचीत आगे बढ़ने से चिंता हुई कम

HMS साईटिका तेल — शिव सायटिका — सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है

सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE — छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल (महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

Sai Care Hospital — श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा — महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें: कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), लिवर व किडनी रोग, थाइरॉयड सर्जरी, ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल — लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

दक्षिका हेल्थ केयर & डायबिटिक सेंटर (डायबिटिक, थायरॉइड, ब्लड प्रेशर, ओबेसिटी, वैक्सीनेशन, हार्ट केयर)
ADULT VACCINATION CENTER
जहाँ Diabetes, Thyroid, Hypertension (Blood Pressure) का मिलता है Expert Care"
▪Better Experience ▪Fully Dedication ▪Accurate
डॉ. दीपक जायसवाल MBBS, MD (General Medicine) PGDIC, CCEBDM (Diabetes), FICP Senior Consultant Physician & Diabetologist
डॉ. नेहा रानी गुप्ता BDS, MDSDental Specialist (दंत सुविधा उपलब्ध)
पता : शॉप नं. 14 एवं 15, ग्राउंड फ्लोर, EDGE COMPLEX मोवा रायपुर :9202222391, 8871865551, 7723068129

सिंघानिया स्किन केयर — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

Skin Care — डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल — चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट — रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. मनोज अग्रवाला — एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट) — स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
बेंगलुरु	13	9	4	18
गुजरात	13	8	5	16
हैदराबाद	13	8	5	16
राजस्थान	13	7	6	14
पंजाब	13	6	6	13
चेन्नई	13	6	7	12
दिल्ली	13	6	7	12
कोलकाता	12	5	6	11
मुंबई	12	4	8	8
लखनऊ	13	4	9	8

ऑरेंज कैप

वैभव सूर्यवंशी
579 रन
राजस्थान

पर्पल कैप

भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

पंत की वनडे टीम से छुट्टी, टेस्ट में हुआ डिमोशन, ईशान की वापसी

टेस्ट और वनडे टीम से बाहर बुमराह, पहली बार टेस्ट टीम में मानव सुतार और गुरनूर बरार

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी एक टेस्ट के लिए भारतीय टीम की उपकप्तानी से हटा दिया गया है और तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए वह टीम में नहीं हैं। केएल राहुल को पंत की जगह भारतीय टीम का उपकप्तान बनाया गया है जबकि शुभमन गिल कप्तान होंगे। सीनियर हरफनमौला रविंद्र जडेजा को टेस्ट मैच से आराम दिया गया है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी कार्यभार प्रबंधन के तहत टेस्ट और वनडे से आराम दिया गया है लेकिन वह इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में लौटेंगे।

वनडे टीम में प्रिंस को जगह

अजित अगरकर की अगुवाई वाली बीसीसीआई की सीनियर पुरुष चयन समिति की बैठक हुई, जिसमें अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखलाओं के लिए टीम चुनी गई। 6 जून से मुल्लांपुर में एकमात्र टेस्ट खेला जाएगा जबकि तीन वनडे 14 जून से धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में होंगे। अगरकर ने चयन समिति की बैठक के बाद कहा, ‘ बुमराह इंग्लैंड दौरे पर वापसी करेंगे। वह अपने कार्यभार प्रबंधन पर काम कर रहे हैं।’ स्पिन गेंदबाज मानव सुतार और तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को पहली बार टेस्ट टीम में चुना गया है। दोनों आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हैं। वनडे टीम में प्रिंस यादव को जगह मिली है।



अगस्त 2024 में आखिरी बार वनडे खेले थे ऋषभ

ऋषभ पंत ने अगस्त 2024 में आखिरी बार वनडे मैच खेला था। इससे पहले जनवरी 2025 में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल होने के कारण बाहर हो गए थे। उनके दाहिने पेट की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किया गया था। पंत ने वनडे में 31 मैच खेले हैं और 27 पारियों में 33.50 के औसत और 106.21 के स्ट्राइक रेट से 871 रन बनाए हैं। इसमें 1 शतक और 4 अर्धशतक शामिल हैं। नाबाद 125 उनका सर्वोच्च स्कोर है।

टेस्ट टीम

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साइ सुदर्शन, ऋषभ पंत, देवदत्त पडिक्कल, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुतार, गुरनूर बरार, ध्रुव जुरेल और हर्ष दुबे ।

वनडे टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, गुरनूर बरार और हर्ष दुबे ।

खबर संक्षेप

29 से इंडियन ओपन सर्फिंग टूर्नामेंट

मैंगलुरु। जापान में इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों की दृष्टि से महत्वपूर्ण इंडियन ओपन सर्फिंग टूर्नामेंट 29 से 31 मई तक ब्लू बे तन्निरभावी इको बीच पर आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय सर्फिंग महासंघ (एसएफआई) के तत्वावधान में किया जाएगा। यहां अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह मिल सकती है।

मलेशिया मास्टर्सः अश्मिता की एकल मुख्य ड्रॉ में एंट्री

कुआलालम्पुर। भारत की अश्मिता चालिहा ने चीनी ताइपै की पाइ यू पो को तीन गेम के मुकाबले में हराकर मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया।

चालिहा ने यू पो पर 21-23, 21-16, 21-16 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना दुनिया की 56वें नंबर की खिलाड़ी इंडोनेशिया की टी रामाधानी वीर्यावान से होगा। आकर्षि कश्यप को कोरिया की पार्क गा युन के हाथों 21-15 20-22 7-21 से पराजय झेलनी पड़ी।

टी20 विश्व कप के लिए अच्छी स्थिति में भारतीय टीम : स्मृति

मुंबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनकी टीम अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अच्छी स्थिति में है।

महिला टी20 विश्व कप 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा। वनडे विश्व कप विजेता भारत 14 जून को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। मंधाना ने कहा, ‘हमारा अभ्यास शिविर बहुत अच्छा रहा। मैं अभी इस बारे में इतना ही बताना चाहती हूं। मैं इस बारे में कोई विशिष्ट जानकारी नहीं देना चाहती हूं कि हमने किन चीजों पर काम किया है क्योंकि विश्व कप अब काफी करीब है।’

लखनऊ को 7 विकेट से हराकर राजस्थान ने बढ़ाया प्लेऑफ की ओर कदम

वैभव की आंधी में उड़ी एलएसजी

एजेंसी ▶▶| जयपुर

वैभव सूर्यवंशी की 38 गेंदों में 93 रन की आक्रामक पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल टी20 मैच में मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को 5 गेंद शेष रहते 7 विकेट से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की करने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा दिए। एलएसजी ने मिचेल मार्श की 96 रन की तेजतर्रार पारी की बदौलत 5 विकेट पर 220 रन बनाए, लेकिन सूर्यवंशी की पारी के सामने यह स्कोर भी बौना साबित हुआ। राजस्थान रॉयल्स ने 19.1 ओवर में 3 विकेट पर 225 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

चौथे स्थान पर राजस्थान

अगर-मगर के बिना प्लेऑफ की उम्मीदें बनाए रखने के लिए राजस्थान रॉयल्स को आखिरी दो मैच जीतना जरूरी था और गेंदबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजों ने टीम को आसान जीत दिला दी। रॉयल्स अब 13 मैचों में 14 अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया। एलएसजी पहले ही प्ले ऑफ की रेस से बाहर है।

वैभव और जुरेल ने की शतकीय साझेदारी

अपनी पारी की शुरुआती 10 गेंदों में सिर्फ 5 रन बनाने वाले सूर्यवंशी ने 38 गेंदों की पारी में 7 चौके और 10 शानदार छक्के जड़े। उन्होंने कार्यवाहक कप्तान यशस्वी जायसवाल (43) के साथ पहले विकेट के लिए 39 गेंदों में 75 रन की साझेदारी की, जबकि ध्रुव जुरेल (नाबाद 53) के साथ 45 गेंदों में 105 रन जोड़े। जायसवाल ने 23 गेंदों की पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया, जबकि जुरेल ने 38 गेंदों में नाबाद 53 रन बनाते हुए तीन चौके और तीन छक्के जड़े। सूर्यवंशी 13 मैचों में 579 रन के साथ मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए।

एक सीजन में 50 छक्के वाले पहले भारतीय बने वैभव

वैभव सूर्यवंशी अब आईपीएल के एक सीजन में 50 से अधिक छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बने। उन्होंने अब तक 53 छक्के लगा लिए हैं। एक सीजन में उनसे ज्यादा छक्के सिर्फ क्रिस गेल (59) ने लगाए हैं। सूर्यवंशी ने सीजन में अब तक 13 मैच खेल चुके हैं, जिसमें लगभग 45 की औसत और 236.32 की स्ट्राइक रेट से 579 रन बना चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 3 अर्धशतक के अलावा एक शतक भी अपने नाम किया है। वह ऑरेंज कैप की दौड़ में शीर्ष पायदान पर पहुंच गए हैं। इस मामले में उन्होंने मिचेल मार्श (563) को पीछे छोड़ा।

एक सीजन में 50+ छक्के

59	छक्के	क्रिस गेल	2012
53	छक्के	वैभव सूर्यवंशी	2026
52	छक्के	आन्द्रे रसेल	2019
51	छक्के	क्रिस गेल	2013

स्कोर बोर्ड

एलएसजी	रन	गेंद	4	6
मार्श रन आउट	96	57	11	5
इंग्लिश बो यश राज पुंजा	60	29	7	3
पूरन का फरेरा बो पुंजा	16	11	0	2
ऋषभ पंत रन आउट	35	23	2	2
अब्दुल समद नाबाद	00	0	0	0
आयुष बडोनी बो आर्चर	00	1	0	0

अतिरिक्त: 13, कुल योग: 20 ओवर में 220/4 रन
गेंदबाजी: आर्चर 4-0-39-1, सुशांत 4-0-46-0, संदीप 3-0-43-0, बृजेश 4-0-44-0, यश राज 4-0-35-2, शनाका 1-0-10-0

रॉयल्स पारी	रन	गेंद	4	6
जायसवाल का पंत बो आकाश	43	36	8	1
सूर्यवंशी का समद बो मोहसिन	93	38	7	10
ध्रुव जुरेल नाबाद	53	38	3	3
प्रीटोरियस रन आउट	07	6	0	0
डोनोवन फरेरा नाबाद	16	10	1	1

अतिरिक्त: 13, कुल योग: 19.1 ओवर में 225/3 रन
गेंदबाजी: आकाश 3-0-54-0, मोहसिन 4-0-31-1, मयंक 4-0-50-0, प्रिंस 4-0-43-0, दिग्वेश 4-0-38-0, शाहबाज 0.1-0-6-0

कठिन डगर में केकेआर, समीकरण बिगाड़ने के लिए प्रतिबद्ध एमआई

मैच आज शाम 7.30 बजे से

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

टूर्नामेंट की खराब शुरुआत के कारण अगर मगर की कठिन डगर में फंसी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम को अगर आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे मुंबई इंडियंस के खिलाफ बुधवार को होने वाले मैच में किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़नी होगी। मुंबई इंडियंस की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है लेकिन वह केकेआर के समीकरण बिगाड़ने के लिए प्रतिबद्ध होगी। अगर इस मैच में केकेआर हार जाती है, तो अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में लगातार दूसरे सत्र में उसकी टीम प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रहेगी। मुंबई के खिलाफ जीत से भी केकेआर का काम पूरा नहीं होगा।

फ्रेंच ओपन के बाद अब विंबलडन से हटे कार्लोस

एजेंसी ▶▶| लंदन

दो बार के विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने घोषणा की कि कलाई की चोट के कारण वह अगले महीने होने वाले विंबलडन टूर्नामेंट से हट रहे हैं। अल्काराज पिछले महीने बार्सिलोना ओपन के दौरान दाहिनी कलाई में चोटिल हो गए थे। वह इस सप्ताहांत से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन से भी पहले ही नाम वापस ले चुके हैं। उन्होंने पिछले दो वर्षों में यह क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट जीता था।

मैं अभी भी खेलने के लिए तैयार नहीं : अल्काराज

अल्काराज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, मेरी रिकवरी अच्छी चल रही है और मैं काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं, लेकिन दुर्भाग्य से मैं अभी भी खेलने के लिए तैयार नहीं हूं। अल्काराज ने साल की शुरुआत ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर की और टेनिस में चारों प्रमुख खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए।

अल्काराज ने लगातार दो बार जीता ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम खिताब

अल्काराज ने 2023 और 2024 में लगातार दो बार ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। उन्होंने दोनों फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था। पिछले साल फाइनल में उन्हें यानिक सिनर से हार का सामना करना पड़ा था। स्पेन के इस खिलाड़ी ने विंबलडन और लंदन के क्वींस क्लब में होने वाले वार्मअप टूर्नामेंट में हिस्सा न ले पाने पर कहा, ये दोनों टूर्नामेंट मेरे लिए बेहद खास हैं और मुझे इनकी कमी बहुत खलेगी।

नेमार खेलेंगे चौथा विश्व कप ब्राजील टीम का हुआ ऐलान

एजेंसी ▶▶| रियो डी जनेरियो

स्टार स्ट्राइकर नेमार को उनकी फिटनेस को लेकर संदेह के बावजूद ब्राजील की विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। यह फुटबॉलर इस तरह से अपना चौथा विश्व कप खेलेगा।

34 वर्षीय नेमार के नाम पर ब्राजील की तरफ से सर्वाधिक 79 गोल करने का रिकॉर्ड है लेकिन वह अक्टूबर 2023 में बाएं एसीएल में चोट लगने के बाद से अपनी सर्वश्रेष्ठ फिटनेस हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने इस साल ब्राजील के अपने क्लब सैंटोस के लिए 8 मैच खेले हैं, जिनमें चार गोल किए।

विश्व कप में हमारे महत्वपूर्ण खिलाड़ी नेमार

ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा, ‘नेमार ने अपनी फिटनेस में काफी सुधार किया है। वह इस विश्व कप में हमारे महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे। विश्व कप के पहले मैच से पूर्व उनकी फिटनेस में और सुधार होने की संभावना है।’ कोच ने कहा कि उन्होंने अपनी टीम में कुछ स्थानों के लिए अनुभवी खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी है, जिनमें नेमार भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, ‘उन्हें इस तरह की बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने का अनुभव है। उनका अनुभव हमारे लिए काफी उपयोगी साबित हो सकता है।’

प्रीमियर लीग : हैवट्र्ज ने दागा विनिंग गोल, बर्नले को 1-0 से हराया

22 साल बाद खिताब के करीब पहुंचा आर्सेनल एफसी

एजेंसी ▶▶| लंदन

आर्सेनल एफसी की बर्नले एफसी पर 1-0 की रोमांचक जीत के बाद 22 साल में अपने पहले प्रीमियर लीग खिताब के करीब पहुंच गया। आर्सेनल के लिए मैच में एकमात्र गोल काई हैवट्र्ज ने किया।

हाफटाइम से ठीक पहले बुकायो साका के कॉर्नर पर हैवट्र्ज ने शानदार हेडर की मदद से गोल दागा। इसके बाद दोनों टीमों ने गोल करने के काफी प्रयास लिए, लेकिन किसी को भी सफलता नहीं मिल सकी।

आर्सेनल एक मैच बाकी रहते टेबल में टॉप पर पांच पॉइंट की बढ़त बना चुका था। हालांकि, मैनचेस्टर सिटी एफसी को अभी भी दो मैच खेलने हैं, और अगर वे एएफसी बॉर्नमाउथ को हरा देते हैं, तो वह खिताब की रेस में बने रहेंगे। वहीं, अगर इस मुकाबले में सिटी को हार का सामना करना पड़ता है, तो क्रिस्टल पैलेस एफसी के खिलाफ अपने आखिरी मैच से पहले आर्सेनल चैंपियन बन जाएगा।

नॉर्थ लंदन में जोश भरे माहौल के साथ एंट्री

आर्सेनल ने नॉर्थ लंदन में जोश भरे माहौल के साथ मैच में एंट्री की। बर्नले के रेलिगेट होने और स्थायी मैनेजर के बिना होने के बावजूद, आर्सेनल को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। मेहमान टीम ने हैनिबल मेजब्री के साथ शुरुआत में दबाव बनाया, जबकि आर्सेनल को भारी उम्मीदों के बीच अपनी लय पाने में मुश्किल हुई। हालांकि, धीरे-धीरे आर्टेटा की टीम ने मैच को कंट्रोल करना शुरू कर दिया। एबेरेची एजे ने गोलकीपर मैक्स वीस को परखा। लुकास पाइरेस के चैलेंज पर साका के गिरने के बाद आर्सेनल ने पेनल्टी के लिए भी नाकाम अपील की।

बैंक ऑफ इंडिया
Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालय, स्टार हाऊस, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 48, सेक्टर–24, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ 492101
ई–नीलामी सूचना मेगा ऑक्शन अंतर्गत
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) व 1 के अधीन अंचल संपत्ति की बिक्री की सूचना

ई–नीलामी तिथि एवं समय : 25.06.2026, प्रातः 11.00 से सायं 5.00 तक

ई–नीलामी उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिस के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया की ओर से बैंक के अधिकृत अधिकार द्वारा नीचे उल्लेखित सम्पत्तियों का कब्जा लिया गया था। अधिकृत अधिकारी द्वारा उधारकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया, के निम्न शाखाओं के खातों की वसूली के लिये उक्त अधिनियम के नियम 8 एवं 9 अधीन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का सार्वजनिक नीलामी द्वारा जैसा है जहाँ है एवं जिस अवस्था में है के आधार पर विक्रय करने का निर्णय लिया गया है।

क्रं.	शाखा और उधारकर्ता/जमानतदार के नाम	बंधक संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य(लाख में) / ई.एम.डी. (लाख में) / बोली बढ़ोत्तरी(लाख में)	अ) मांग सूचना दिनांक ब) कब्जा दिनांक स)बकाया राशि(लाख में)
01	एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता - मेसर्स साड़ी सागर, प्रोप.- श्री रमेश कुमार खुबवानी पिता श्री लुधोमल खुबवानी, जमानतदार- श्रीमती सीमा खुबवानी पति श्री रमेश खुबवानी, श्री भीमसेन बैसानी पिता श्री संगतराम बैसानी	(अ) आवासीय फ्लैट - फ्लैट नंबर 302, तीसरी मंजिल सी - बनाना, हंसा विहार कॉलोनी, खसरा नं 638/53, 638/60, 638/61, 638/66, प.ह नं 22, शीट नं 8/5, प्लॉट नं 275, वार्ड नं 14, विनोबा नगर वार्ड, मौजा - जूना बिलासपुर, आरएनएम - बिलासपुर, तहसील एवं जिला - बिलासपुर (छ.ग) में क्षेत्रफल- 1174.50 वर्गफुट पर स्थित फ्रीहोल्ड संपत्ति, मालिकाना हक - श्री रमेश कुमार खुबवानी पिता श्री लुधोमल खुबवानी । सीमाएँ :-उत्तर - फ्लैट नंबर 301,दक्षिण - फ्लैट नंबर 303,पूर्व - मार्ग,पश्चिम - आसमान की ओर खुला। (सांकेतिक कब्जा) (ब) आवासीय भूमि एवं भवन - प्लॉट नंबर 611, खसरा नं 414/23, प.ह नं 22, शीट नं 10/06, मौजा-जूना बिलासपुर, आरएनएम-बिलासपुर, तहसील एवं जिला- बिलासपुर (छ.ग.) में क्षेत्रफल- 872 वर्गफुट पर स्थित फ्रीहोल्ड संपत्ति, मालिकाना हक- श्री भीमसेन बैसानी पिता श्री संगतराम बैसानी (जमानतदार) ।सीमाएँ :-उत्तर- सड़क,दक्षिण - रामनिहोर की भूमि,पूर्व - केशरवानी की भूमि,पश्चिम - पिछले मालिक की भूमि। (सांकेतिक कब्जा)	अ ₹ 51.21 / ₹ 5.12 / ₹ 0.25; ब ₹ 72.72 / ₹ 7.27 / ₹ 0.25	अ) 26.08.2025 ब) 25.11.2025 स)₹ 199.00 + ब्याज एवं अन्य खर्चे
02	एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता - आर.बी.एग्रो एंड सपलायर्स, प्रोप.- श्री ईश्वर दास मुंद्रा पिता बल्लव दास मुंद्रा, जमानतदार - श्रीमती कृष्णा चौधरी पति स्व. श्री तुलसी दास चौधरी	खुला प्लॉट - भूखण्ड नं 10/39, खसरा नं 1361/90 (1362/91, 1366/88, 1372/101), मौजा-तोरवा, प.ह नं 22/34, शीट नं 20, ब्लॉक नं 12, विवेकानन्द नगर वार्ड, ब्लॉक- बेल्हा, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) में क्षेत्रफल- 2320 वर्गफुट पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्रीमती कृष्णा चौधरी पति श्री तुलसीदास चौधरी। सीमाएँ :-उत्तर-विनोद सिंह का प्लॉट,दक्षिण - सड़क, पूर्व - विनोद सिंह का प्लॉट,पश्चिम - अन्य का प्लॉट। (सांकेतिक कब्जा)	₹ 18.76 / ₹ 1.87 / ₹ 0.25	अ) 04.06.2021 ब) 03.02.2022 स)₹ 43.06 + ब्याज एवं अन्य खर्चे
03	एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता - श्रीमती जानवी मूलचंदानी पति श्री पुरूषोत्तम मूलचंदानी, सह-उधारकर्ता - श्री पुरूषोत्तम मूलचंदानी पिता श्री हुंदराज मूलचंदानी	आवासीय संपत्ति- खसरा नं 392/22, 394/22, 395/22, इस्तार नं 14/2, भूखंड नं 97, पत्रकार कॉलोनी, कस्तूरबा नगर वार्ड 04, मौजा-कुदुदंड, बिलासपुर, में क्षेत्रफल -1100.00 वर्गफीट पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्रीमती जानवी मूलचंदानी ।सीमाएँ :-उत्तर- के.डी. यदुराय का मकान, दक्षिण - मूलचंद खुटे का मकान, पूर्व - सरकार की भूमि,पश्चिम - निस्तारी रोड। (सांकेतिक कब्ज़ा)	₹ 56.10 / ₹ 5.61 / ₹ 0.25	अ) 22.07.2025 ब) 10.10.2025 स)₹ 42.13 + ब्याज एवं अन्य खर्चे
04	एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता - मेसर्स अक्षत मोटर्स, प्रोप.- श्रीमती हेमेश्वरी महतेल पति श्री वाणी विलास महतेल, जमानतदार - 1. श्री वाणी विलास महतेल, 2. श्रीमती रोहिणी बाई पति खोमलाल महतेल	आवासीय संपत्ति - खसरा नं 687/119 एवं 687/163, प.ह नं 18/23, वार्ड नं 42, गोकुल किराना स्टोर्स के पास, कशारीडीह, दुर्ग, तहसील एवं जिला- दुर्ग (छ.ग), भूमि क्षेत्रफल- 1200+ 1400= 2600 वर्ग फुट व उस पर निर्माण, मालिकाना हक- श्रीमती रोहिणी बाई मेहतेल ।सीमाएँ (वास्तविक के अनुसार):-उत्तर- अन्य का मकान, दक्षिण - सड़क 20 फीट,पूर्व - अन्य का मकान, पश्चिम - रामलाल शुक्ल का मकान। (भौतिक कब्ज़ा)	₹ 58.78 / ₹ 5.87 / ₹ 0.25	अ) 21.04.2018 ब) 03.03.2025 स)₹ 296.30 + ब्याज एवं अन्य खर्चे
05	एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता- मेसर्स शगुन एंटरप्राइजेज, प्रोप.- श्री रूपेश कुमार टावरी पिता माणक लाल टावरी, जमानतदार- श्रीमती प्रेमलता सारदा पति स्व. श्री हरिप्रकाश सारदा	आवासीय फ्लैट - फ्लैट नंबर डी-401, चौथी मंजिल, प्रिंसेस प्राइड, कौरिनभाटा, हरिओम नगर, खसरा नं 106/10 एवं 106/11, प.ह नं 36/24, वार्ड नं 22, तहसील एवं जिला- राजनांदगांव (छ.ग), क्षेत्रफल - 662.50 वर्गफुट, मालिकाना हक- श्रीमती प्रेमलता सारदा पति स्वर्गीय हरिप्रकाश सारदा। सीमाएँ :- उत्तर - फ्लैट नंबर 404, दक्षिण -आसमान की ओर खुला, पूर्व - आसमान की ओर खुला, पश्चिम - फ्लैट नंबर 402. (सांकेतिक कब्ज़ा)	₹ 17.50 / ₹ 1.75 / ₹ 0.25	अ) 09.04.2025 ब) 04.07.2025 स)₹ 328.16 + ब्याज एवं अन्य खर्चे
06	एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता- श्री प्रीतपाल सिंह पंछी पिता स्वर्गीय श्री दर्शन सिंह पंछी, श्री रवींद्र सिंह पंछी पिता स्वर्गीय श्री दर्शन सिंह पंछी, श्री नरेशपाल सिंह पंछी पिता स्वर्गीय श्री दर्शन सिंह पंछी, श्री राजमल सिंह पंछी पिता स्वर्गीय श्री दर्शन सिंह पंछी, श्रीमती निर्मल कौर पंछी पति स्वर्गीय श्री दर्शन सिंह पंछी	आवासीय भूमि एवं भवन - खसरा नं 943/2, प.ह नं. 21/35, प्लॉट नं. 43/5, शीट नं. 31, ब्लॉक नंबर 10, मौजा-मंगला , तहसील एवं जिला- बिलासपुर (छ.ग), क्षेत्रफल -10470.00 वर्ग फुट पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्री रवींद्रपाल सिंह पंछी, श्री नरेशपाल पंछी, श्री प्रीतपाल सिंह पंछी, श्री राजपाल सिंह पंछी एवं श्रीमती निर्मल कौर पंछी. सीमाएँ :- उत्तर-चौहान का मकान एवं अन्य का प्लॉट, दक्षिण-गली,पूर्व - सड़क,पश्चिम- टंडन जी का मकान. (सांकेतिक कब्ज़ा)	₹ 233.75 / ₹ 23.37 / ₹ 0.50	अ) 19.06.2025 ब) 10.10.2025 स)₹ 58.79 + ब्याज एवं अन्य खर्चे

ई– ऑक्शन की तारीख और समय–दिनांक : 25.06.2026, सुबह 11.00 से सायं 05.00 बजे, सीमा रहित 10 मिनट के अंतराल के एक्सटेंशन के साथ, प्रत्येक निरीक्षण की तारीख और समय – 20.05.2026 से 24.06.2026 सुबह 11.00 से दोपहर 03.00 बजे के बीच कार्यालयीन दिवस में।

नोटः–कोई भी बोलीकर्ता/ इच्छुक पक्ष प्लांट एवं मशीनरी के लिये बोली लगा सकता है, परंतु भूमि एवं भवन के लिये बोली लगाने हेतु, बोलीदाता को प्लांट और मशीनरी के लिये अनिवार्य बोली लगानी पड़ेगी क्योंकि किसी भी परिस्थिति में भूमि एवं भवन को स्वतंत्र रूप से बोली नहीं लगायी जा सकती।

उधारकर्ताओं/बंधक–कर्ताओं को 30 दिन का बकाया सूचना
उपरोक्त उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं को यह सूचित किया जाता है की सूचना पत्र में उल्लेखित राशि को मय ब्याज एव खर्चो के नीलामी से पूर्व जमा करवा दें अन्यथा बंधक रखी संपत्ति की नीलामी ऊपर दर्शायी गई दिनांक को कर दी जावेगी, उसके पश्चात शेष राशि के लिए अलग से वसूली की जावेगी।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - एआरबी (रायपुर) शाखा: सूरज कुमार - 7717741309, ई.एम.डी. भुगतान तथा तकनीकी जानकारी के लिए जोनल अधिकारी – श्री रमा राव, मो. 99084 84996.

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें: 1. नीलामी बिक्री / बोली, वेबसाइट **https://baanknet.com** के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। **2. बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट https://baanknet.com में जा कर "Guidelines" देख सकते हैं। 3.** बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4. सर्वाधिक / सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्य दिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ाई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृत / सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं **baanknet** के द्वारा वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा । 7. सम्पत्ति का **जैसा है, जहाँ है** एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। **8. अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने / टालने रद्द करने अथवा बिक्री की नियम व शर्तों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है।** 9. सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, दर व देयक वहन करना होगा। 10. देय राशि ब्याज और अन्य शुल्कों को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संशोधन/त्रुटि सुधार/शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक नियमित रूप से ऊपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई डी-व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई.डी. अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फॉर्म में उद्धत बोली राशि में न्यूनतम एक बोली वृद्धि मूल्य की बढ़ोत्तरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त / स्थगित किया जायेगा।

किसी भी तरह की विवाद की स्थिति में इस ई–नीलामी जो कि दिनांक 20.05.2026, सेंट्रल क्रॉनिकल का अंग्रेजी संस्करण के प्रकाशन ही मान्य होगा।

दिनांक : 20.05.2026, स्थान : रायपुर
अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया



भारत में यहां मिली 2 हजार साल पुरानी भूलभुलैया, बनावट देखकर एक्सपर्ट्स भी चौंके

मुंबई। महाराष्ट्र के घास के मैदान में एक ऐसी रहस्यमय गोलाकार पत्थर की संरचना मिली है, जो न केवल भारत, बल्कि दुनिया भर के पुरातत्विदों और इतिहासकारों को हैरान कर दिया है। राज्य के सोलापुर जिले के बोरामानी घास के मैदानों में छिपी यह संरचना एक तरीके से भारत की सबसे बड़ी गोलाकार भूलभुलैया मानी जा रही है। वहीं, विशेषज्ञ मान रहे हैं कि यह 2000 साल से भी पुरानी हो सकती है। दरअसल, हाल में ही हुई यह खोज न केवल अपने विशाल आकार के कारण महत्वपूर्ण है, बल्कि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे भारत को रोमन साम्राज्य से जोड़ने वाले प्राचीन व्यापार मार्गों के बारे में जानकारी मिल सकती है।

पहले भी मिले रोमन काल से जुड़े अवशेष

बता दें कि महाराष्ट्र में इससे पहले भी रोमन काल से जुड़े अवशेष मिल चुके हैं, जिसमें कांस्य दर्पण और ग्रीको-रोमन समुद्री देवता पोजीडॉन की मूर्ति शामिल है। जानकारी के अनुसार, इस संरचना का व्यास लगभग 50 फीट है। यह 15 गोलाकार चक्कर पत्थरों से बने है। खास बात है कि भारत में अभी तक मिली सबसे बड़ी गोलाकार लेबिरिंथ तमिलनाडु में मिली है।

सातवाहन काल की है।

सबसे हैरान करने वाली बात है कि इस प्राचीन संरचना की खोज सबसे पहले पुरातत्वविदों ने नहीं की थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, बोरामानी घास के मैदानों में वन्यजीव सर्वेक्षण करते समय एक स्थायीन संरक्षण समूह के सदस्य ने पत्थरों के इस अनोखे पैटर्न को देखा था। बाद में शोधकर्ताओं ने पुष्टि करते हुए बताया कि यह भूलभुलैया संभवतः प्राचीन और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण था। पुरातत्वविदों का कहना है कि पत्थरों की सावधानीपूर्वक व्यवस्था और स्थल की जीर्ण-शीर्ण स्थिति से स्पष्ट संकेत मिलता है कि यह सातवाहन काल की है।

महाभारत के चक्रव्यूह से कैसे निकले संबंध?

एक्सपर्ट्स इस संचरचना को महाभारत के प्रसिद्ध चक्रव्यूह से भी जोड़ रहे हैं। महाभारत में चक्रव्यूह एक जटिल वृत्ताकार सैन्य संरचना को संदर्भित करता है, जिसे शत्रुओं को घूर्णनशील रक्षात्मक परतों के भीतर फंसाने के लिए बनाया गया है। यही कारण है कि शोधकर्ताओं का कहना है कि बोरामानी भूलभुलैया इन गोलाकार आकृतियों से दृश्य रूप से मिलती-जुलती है। वहीं, कई भारतीय परंपराओं में भूल-भुलैया जैसी आकृतियों को आध्यात्मिकता, ध्यान, उर्वरता और ब्रहांडीय प्रतीकवाद से जोड़ा जाता है।

15 करोड़ साल पहले दुनिया का कैसा था भूगोल?

वॉशिंगटन। क्या आज के समय आप सोच सकते हैं कि बर्फ से ढका अंटार्कटिका किसी समय में भारत से सीधे जुड़ा था। अगर आपसे कोई ऐसा कहे, तो संभव है कि आप इसको नकार देंगे।

हालांकि, हालिया एक रिसर्च में ऐसी जानकारी सामने आई है, जिसने चौंका दिया. शोधकर्ताओं ने पाया कि आज से करीब 15 करोड़ साल पहले भारत और अंटार्कटिका एक ही भू-भाग के हिस्सा थे। हैरान करने वाली बात है कि इनके बीच एक विशाल पर्वत श्रृंखला भी फैली हुई थी।

दरअसल, शोधकर्ताओं ने अपनी खोज में पाया कि करोड़ों साल पहले जब महाद्वीप अलग-अलग हुए, तब ये पहाड़ियां भी टूट गईं। बता दें कि हाल में ही भारतीय वैज्ञानिकों की एक टीम ने आंध्र प्रदेश में कुछ चट्टानों का अध्ययन किया है। शोधकर्ताओं ने पाया कि ये चट्टानें पूर्वी अंटार्कटिका की चट्टानों से काफी हद तक मेल खाती थी।



रिसर्च में क्या आया सामने?

इस रिसर्च में वैज्ञानिकों ने पाया कि भारत और अंटार्कटिका पहले सुपरकॉन्टिनेंट गोंडवाना का हिस्सा थे। इसी गोंडवाना में अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अमेरिका भी शामिल थे। इसके बाद धरती के टेक्टॉनिक प्लेटों में काफी बदलाव हुए और यह भूभाग अलग-अलग दिशाओं में खिसक गए।

भारत और अंटार्कटिका के बीच थी पर्वत श्रृंखला

शोध कर रहे वैज्ञानिकों ने बताया कि भारत और अंटार्कटिका के बीच उस वक्त जो पर्वत श्रंखला थी, वह समय के साथ टूट गई और दोनों महाद्वीप आज के समय में एक- दूसरे से हजारों किलोमीटर दूर हैं। हालांकि, शोध में पाया गया कि चट्टानों की बनावट और उनकी उम्र अब भी इनके पुराने रिश्तों के बारे में बता रही है। इस रिसर्च के दौरान वैज्ञानिकों ने ग्रेनुलाइट नाम की एक मजबूत चट्टानों का परीक्षण किया। इसमें जिरकॉन जैसे खनिज पाए जाते हैं, जो अत्यधिक गर्मी और दबाव में भी नहीं बदलते हैं। इस खोज से वैज्ञानिकों को और पक्का यकीन हो गया है कि भारत और अंटार्कटिका पहले एक थे। शोधकर्ताओं ने माना है कि इस प्रकार की खोजें पृथ्वी के इतिहास, महाद्वीपों के बनने और बिगड़ने और जलवायु परिवर्तन को समझने में काफी मददगार साबित होती हैं।

खतरा

कभी ढिबरी तो कहीं ढक्कन

अंतरिक्ष से गिरने वाले सैटेलाइट और रॉकेट के मलबे का खतरा बढ़ा

अंतरिक्ष में इतना कबाड़ जमा हो गया है कि वैज्ञानिकों को डराने लगा है। पहले तो इनको लेकर लगाए जाने वाले अनुमान कुछ-कुछ सही साबित होते थे, लेकिन बीते कुछ सालों में अचानक टपकने वाली मुसीबतों की स्ट्राइक रेट ने दुनियाभर के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को अंदर तक हिलाकर रख दिया है।

वॉशिंगटन। धरती पर अंतरिक्ष से अचानक गिरने वाले सैटेलाइट और रॉकेट के मलबे का खतरा अप्रत्याशित रूप से बढ़ता जा रहा है। नासा से लेकर रॉसकॉसमॉस, ईएसए से लेकर इसरो और जाक्सा तक के वैज्ञानिकों आसमानी आफत को लेकर लगातार चेतावनी जारी कर रहे हैं। स्पेस साइंटिस्टों का मानना है कि वो दिन दूर नहीं जब ढिबरी से लेकर विशालकाय चट्टानी मेटल के ढक्कन अचानक गिरकर इंसानी जीवनलीला खत्म करने के साथ-साथ पूरे इलाके को मलबे में बदल दिया करेंगे. वैज्ञानिकों ने अपनी इस चिंता के पीछे ठोस आधार भी दुनिया के सामने रखे हैं।

यह है वैज्ञानिकों की परेशानी की नई वजह : वैज्ञानिक दो बातों की वजह से ज्यादा परेशान हैं। पहली ये कि दशकों पहले दुनिया की 5 बड़ी स्पेस एजेंसियों के रॉकेट और सैटेलाइट भेजे जाते थे, तो स्पेस जगत के दिग्गजों को उसके पाथ से लेकर मिशन फेल होने तक के संभावित खतरे का पता रहता था। आज हालात बदल चुके हैं। प्राइवेट प्लेयर्स यानी निजी कंपनियों द्वारा लाखों सैटेलाइट लॉन्च करने की योजनाओं ने वैज्ञानिकों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ा दी हैं।

क्या है प्रोसिजर?

जब अंतरिक्ष यान लॉन्च किए जाते हैं, तब इस्तेमाल के बाद रॉकेट बूस्टर और दूसरे हिस्सों को अलग कर दिया जाता है। माना जाता था कि ये हिस्से पृथ्वी के वातावरण में लौटते समय जलकर नष्ट हो जाएंगे, लेकिन कई मामलों में ऐसा नहीं हुआ. लॉन्च की संख्या तेजी से बढ़ने के कारण अंतरिक्ष में कचरा भी बढ़ता जा रहा है और इसके धरती पर गिरने की आशंका भी बढ़ गई है।

धरती पर गिरे अंतरिक्ष मलबे के मामले

रिसर्चर्स ने ऐसी कई मिसालें दी हैं, जब धरती पर अचानक टपकी इन आफतों की वजह से बड़ा नुकसान होते-होते बचा. एलन मस्क के स्पेसएक्स ड्रैगन के कार्बन फाइबर ट्रंक के हिस्से पहले भी धरती पर गिर चुके हैं। यह हिस्सा आकार में 15 यात्रियों वाली वैन जितना बड़ा होता है। अब सोचिए इतना बड़ा और भारी मलबा जिसके ऊपर गिरेगा उसका क्या हाल होगा।

पुरानी थ्योरी फेल

वैज्ञानिकों के मुताबिक, सैटेलाइट और रॉकेट लॉन्च के बाद बचा हुआ मलबा अब पहले की तरह पूरी तरह वातावरण में जलकर खत्म नहीं हो रहा है। इनमें से कई हिस्से सीधे धरती पर गिर रहे हैं। पुरानी थ्योरी ये कहती थी कि स्पेस से कोई चीज धरती के वातावरण में आते ही जल जाएगी, इससे इंसानों के जान-माल के नुकसान का खतरा कमोबेश कम हो जाएगा, लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। मलबा अपने पूरे फॉर्म में नीचे आ रहा है। यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन-स्टाउट के वैज्ञानिकों ने अपनी हालिया रिसर्च में उन सामानों का अध्ययन किया जो धरती के वातावरण में दोबारा दाखिल (री-एंट्री) होते समय भी बच जाती हैं। अब वैज्ञानिकों का उद्देश्य कुछ ऐसे बदलाव सुझाना है, जिससे भविष्य में ये मलबा कम से कम खतरनाक साबित हो।

भारत का वो इलाका जहां उगता है देश का आधा कटहल

नई दिल्ली। भारत में सबसे ज्यादा कटहल केरल में उगाया जाता है। देश भर में करीब 18 लाख टन कटहल सालाना उगता है। इसमें 45 प्रतिशत हिस्सा अकेले केरल का होता है। केरल में ज्यादा उत्पादन की वजह से वहां की गर्म-आर्द्र जलवायु, साल भर होने वाली बारिश और उपजाऊ मिट्टी का होना है। यह कम रखरखाव वाली फसल है, जिसे अब केरल ने अपना राज्य फल भी घोषित कर दिया है। कटहल उगाने वाले बाकी राज्यों में ओडिशा, असम, तमिलनाडु और महाराष्ट्र शामिल हैं। कटहल बहुपयोगी फल माना जाता है। कच्चे कटहल को सब्जी के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। उससे करी, चिप्स, पुलाव आदि बनाए जाते हैं। वहीं, पका हुआ कटहल मीठे फल के रूप में खाया जाता है। उसके बीजों को उबालकर या भूनकर स्नैक्स बनाए जाते हैं।

पैसा तो बस कागज है, असली जैकपॉट तो मेरी पत्नी है

18 बार लॉटरी जीतने वाले शख्स ने खोला अपनी किस्मत का राज

न्यूयार्क। लॉटरी पूरी तरह से किस्मत का खेल है। लेकिन अगर कोई एक-दो बार नहीं, बल्कि पूरे 18 बार लॉटरी जीत जाए तो जाहिर है कोई भी यह सोचने पर मजबूर हो जाएगा कि शख्स के पास कोई सीक्रेट फॉर्मूला तो नहीं। कुछ ऐसा ही कारनामा करने वाले अमेरिका के रॉबर्ट बेवन से जब उनकी कामयाबी का राज पूछा गया तो उन्होंने जो कुछ भी कहा उसने सोशल मीडिया पर लाखों लोगों का दिल छू लिया। अमेरिका के इडाहो के रहने वाले रॉबर्ट की किस्मत के दरवाजे 1997 में खुले थे, जब उन्होंने पहली बार एक कार जीती थी। तब से लेकर आज तक लॉटरी में उनकी किस्मत हमेशा चमकती रही है। सबसे बड़ी जीत में एक बार उन्हें 2,00,000 डॉलर (1.9 करोड़ रुपए से अधिक) का जैकपाट हाथ लगा था। हाल ही में उन्होंने 10,00,000 डॉलर किंग स्क्रैच गेम खेलकर 50,000 डॉलर (करीब 48 लाख रुपए) की प्राइज मनी जीती है। जब रॉबर्ट अपनी 18वीं जीत का चेक लेने पहुंचे तो इडाहो लॉटरी अधिकारी भी उन्हें देखकर दंग रह गए कि आखिर एक ही इंसान पर किस्मत इतनी मेहरबान कैसे रह सकती है?

क्या था विनिंग फॉर्मूला?

लोगों को लगा कि रॉबर्ट कोई जादुई नंबर या फिर टिकट खरीदने का कोई शुभ समय बताएंगे। लेकिन, उन्होंने मुस्कुराते हुए अपनी पत्नी की ओर देखा और कहा कि हर जीत के पीछे उनका हाथ है। इसलिए नहीं कि वह नंबर चुनती है, इसलिए कि वे दोनों इसे एक साथ एन्जॉय करते हैं। रॉबर्ट ने कहा, पैसा तो बस कागज है। असली जैकपॉट तो मेरी पत्नी है। हम 40 साल से साथ हैं। साथ मिलकर टिकट खरीदना हमारे लिए क्वालिटी टाइम जैसा है। सोशल मीडिया पर जैसे ही रॉबर्ट का यह स्टेटमेंट वायरल हुआ, लोग उनकी लॉटरी के पैसों से ज्यादा उनकी बॉन्डिंग के कायल हो गए। एक यूजर ने कमेंट किया, अमीर वह नहीं जिसके पास 18 लॉटरी के चेक हों, बल्कि वह है जिसके साथ 40 साल पुराना साथ हो।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com